खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 18°C

लखनऊ, शुक्रवार 8 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 181 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 20 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ऑपरेशन सिंदूर: कांग्रेस ने सरकार की नीतियों की आलोचना की पेज 2



विनेश फोगाट एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्सन ट्रायल के लिए अयोग्य : WFI खेल टाइम्स



वीडियो बनाने की बजाय जान बचाना जरूरी सम्पादकीय



ट्रम्प को झटका, होर्मुज में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा नुकसान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### विस चुनावों व उपचुनावों को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता हटाई गई

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विधानसभाओं के चुनावों और उपचुनावों के संबंध में लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटाने की घोषणा की। आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित पुड्डुचेरी विधानसभा के आम चुनाव और गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में कुल सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए 15 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू की थी। आयोग ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में इन राज्यों के संबंध में लागू आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से हटाने की घोषणा की।

### दिल्ली-पटना फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी, लोग चिल्लाए

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बुधवार को बारिश हुई। वहीं बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे। बिहार के पटना में बुधवार रात भारी बारिश हुई। इसी बीच इंडिगो की एक फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई, जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि बाद में इसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम समेत ऊंची चोटियों पर लगातार चौथे दिन बर्फबारी हुई।

### रिश्वत लेते CGST अफसर व कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक और उनके कार्यालय में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया। सीबीआई ने बुधवार को सीजीएसटी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर यश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को वापस लेने के बदले में मेरठ के सीजीएसटी अधीक्षक संजय मीणा की ओर से 6,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

### म्यांमार सीमा से आए उग्रवादियों ने मणिपुर में घर जलाए

**इंफाल।** मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतर्राष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए।

# सऊदी अरब का अमेरिका को एयरस्पेस देने से इन्कार

दुबई, वार्ता

**अमेरिका ने** 4 मई को होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही शुरू करने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया था। हालांकि एक दिन बाद ही ट्रम्प ने इसे रोकने का आदेश दिया। तब ट्रम्प ने कहा था कि पाकिस्तान के कहने पर उन्होंने यह ऑपरेशन रोका है।

हालांकि अब यह दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब की वजह से अमेरिका को यह कदम उठाना पड़ा। सऊदी अरब ने इस मिशन में शामिल अमेरिकी विमानों को अपने एयरस्पेस और एयरबेस के इस्तेमाल की इजाजत देने से इन्कार कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने अचानक सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन का ऐलान कर दिया था। इससे खाड़ी के सहयोगी देश चौंक गए। सऊदी लीडरशिप इससे नाराज हो गया। ट्रम्प ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत भी की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। अमेरिका 2 दिन में सिर्फ 3 जहाज पार करा पाया और आखिरकार ट्रम्प को यह ऑपरेशन रोकना पड़ा।



- क्राउन प्रिंस की नाराजगी के बाद ट्रम्प ने होर्मुज से जहाजों का रेस्क्यू रोका

### ब्रिक्स के लिए भारत आ सकते हैं ईरान के विदेश मंत्री

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस महीने भारत आ सकते हैं। वे 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली ब्रिक्स बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान चाहता है कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने में रचनात्मक भूमिका निभाए। अगर यह दौरा होता है, तो क्षेत्रीय संघर्ष शुरू होने के बाद यह अराघची की पहली भारत यात्रा होगी। मार्च में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत के दौरान भी अराघची ने ब्रिक्स की भूमिका का मुद्दा उठाया था। ईरानी सरकार के मुताबिक उन्होंने कहा था कि मौजूदा हालात में ब्रिक्स जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत मई में ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता कर रहा है और नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी में है। ऐसे में ईरान का भारत के साथ बढ़ता संपर्क भू-राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

### नीति आयोग ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को व्यापक रूपरेखा पेश की

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए व्यापक नीतिगत रूपरेखा पेश की है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: गुणवत्ता संवर्धन के लिए सामयिक विश्लेषण और नीतिगत रूपरेखा' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने आज जारी किया।

# पश्चिम बंगाल गवर्नर ने की विधानसभा भंग

## नोटिफिकेशन जारी, ममता कैबिनेट के किसी भी मंत्री के पास अब कोई पावर नहीं

कोलकाता/चेन्नई, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की राजनीति से जुड़ा एक बड़ा संवैधानिक निर्णय सामने आया है। राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया है।

लोक भवन, पश्चिम बंगाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा को 7 मई 2026 से प्रभावी रूप से भंग कर दिया गया है। यह कदम संवैधानिक प्रावधानों के तहत लिया गया है। लोक भवन की अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर लिया गया है। इसी बीच कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। वहीं तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर फैसला फिलहाल अटका हुआ है। टीवीके प्रमुख विजय ने कांग्रेस के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया है, लेकिन राज्यपाल राजेंद्र ने साफ कर दिया है कि शपथ से पहले 118 विधायकों का समर्थन साबित करना होगा। दरअसल, 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया था। हालांकि विजय खुद दो सीटों से चुनाव जीते हैं और नियमों के मुताबिक उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। ऐसे में पार्टी की प्रभावी संख्या 107 रह जाएगी।

### आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक



- तमिलनाडु के राज्यपाल ने विजय को दूसरी बार राजभवन से वापस भेजा, 118 विधायक लाओ, तभी होगी शपथ

### कांग्रेस के समर्थन से भी बहुमत पूरा नहीं

सरकार बनाने की कोशिश में टीवीके को उस समय बड़ी राहत मिली जब कांग्रेस ने डीएमके गठबंधन से अलग होकर विजय को समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस के पांच विधायक टीवीके के साथ आए, लेकिन इसके बाद भी आंकड़ा केवल 112 तक पहुंच पाया। यानी बहुमत के जादुई आंकड़े 118 से अभी भी छह विधायक कम हैं। यही वजह है कि राज्यपाल ने फिलहाल शपथ ग्रहण को लेकर कोई हरी झंडी नहीं दी है।

### बावरिया गैंग के दो इनामी बदमाश ढेर

**मथुरा (ब्यूरो)।** जिले में गुरुवार सुबह पुलिस और कुख्यात बावरिया गिरोह के बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 50-50 हजार रुपये के इनामी दो डकैत मारे गए, जबकि पुलिस के दो जवान भी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए बदमाशों की पहचान धर्मवीर उर्फ लंबू (35) निवासी भरतपुर, राजस्थान तथा राजेंद्र उर्फ पप्पू (55) निवासी अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों अंतरराज्यीय बावरिया गिरोह के सक्रिय सदस्य थे और लंबे समय से डकैती, लूट तथा हत्या के प्रयास जैसी वारदातों में वांछित चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि यह मुठभेड़ यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप तेंटीगांव अंडरपास के पास उस समय हुई, जब पुलिस टीम संदिग्ध बाइक सवारों की घेराबंदी कर रही थी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन बाइक फिसल गई। इसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# यूपी देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना: मुख्यमंत्री योगी

तसलीम कुरैशी

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ हाईवे स्थित सिल्वर पैराडाइज के निकट जनपद सहारनपुर को 2131 करोड़ रुपये की सौगात देते हुए 325 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व नियुक्ति पत्र वितरित करने के उपरांत विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद सहारनपुर अब विकास रोजगार और औद्योगिक प्रगति का नया केंद्र बनने जा रहा है। यहां इंडस्ट्रीयल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं को रोजगार मिले और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, बेहतर क्नेक्टिविटी एवं प्रस्तावित एलिवेटेड हाईवे से जनपद तस्वीर बदल जाए।



- कहा : उप्र सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने देवबन्द से जारी होने वाले फतवों का जिक्र करते हुए मदरसों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि फतवे की कुसंस्कृति से मुक्त होकर सहारनपुर अब विकास की ओर अग्रसर है और भारत की समृद्धि में सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश की तस्वीर बदलती चली गई। सहारनपुर की काष्ट कला को विश्वस्तरीय पहचान मिली। हाल ही में दिल्ली से बागपत, शामली, सहारनपुर होते हुए देहरादून तक जाने वाले एक्सप्रेस-वे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया।

# मैंने ममता को हराया, इसलिए हुई पीए की हत्या: सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए हुई, क्योंकि उन्होंने ममता को हराया है। सुवेंदु ने कहा कि इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा करें वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर से ममता की हार हो सकती है।

उधर चंद्रनाथ की मां ने कहा कि इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि रथ को चार गोलियां लगीं थीं। पुलिस जांच में पता चला है कि हमलावरों ने रथ की गाड़ी का सात किमी तक पीछा किया था।

### हावड़ा में BJP- TMC कार्यकर्ताओं में झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के कई इलाकों में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आ रही हैं। गुरुवार को हावड़ा के शिवपुर स्थित चौराबस्ती इलाके में कथित तौर पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। नतीजे आने के बाद से ही राज्य के अलग-अलग हिस्सों में खूनी खेल शुरू हो गया है। चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद शांति बहाल होने के बजाय हिंसा और राजनीतिक टकराव की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

### चुनावों के दौरान जब्त की 1440 करोड़ की नकदी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि हाल के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों को धारा 144 और प्रलोभन से मुक्त रखने की उसकी सतर्कता और कार्रवाई में कुल 1444 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, नशीले द्रव्य, कीमती सामान और उपहार की वस्तुएं जब्त की गई। आयोग के अनुसार इस बार जब्त धन और अन्य संदिग्ध सामान इन राज्यों में 2021 चुनावों के दौरान की गई जब्ती की तुलना में 40.14 प्रतिशत अधिक है। पिछले चुनावों में 1029.93 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ प्रतिक्रिया: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया।



### मोदी ने एक्स पर डिस्प्ले तस्वीर बदली

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर अपने सोशल मीडिया एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' कर ली है और सैनिकों के पराक्रम और देशभक्ति की सराहना की है। पीएम मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बहादुरी को नमन करते हुए एक्स पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत को मिली असाधारण विजय हमारे वीर सैनिकों के अद्भुत पराक्रम और देशभक्ति की प्रेरक मिसाल है। उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पर हर देशवासी को गर्व है।

# दिल्ली में महिलाओं-बुजुर्गों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने साल 2024 में देश में हुए क्राइम की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

रिपोर्ट बताती है कि 2024 में मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 13,366 थे। तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध घटे हैं। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए, जो 2023 से 1.5 फीसदी कम थे। सबसे अधिक 27.2 फीसदी मामले पति के क्रूरता और अपहरण से संबंधित थे। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ 1,267 अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों की दर प्रति लाख आबादी पर 110 मामले रही, जो केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा दरों में से एक रही। मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 2024 में 5,875 मामले दर्ज किए गए, यह संख्या 2023 के 5,738 मामलों से ज्यादा है। दूसरी तरफ, देश में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2024 में कुल 32,602 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के मुकाबले 16.9 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के खिलाफ अपराध का रेट 2023 में 66.2 से घटकर 2024 में 64.6 हो गया।



- साल 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 केस दर्ज
- तमिलनाडु में 2023 की तुलना में 1.5 फीसदी कम क्राइम

# हर धार्मिक प्रथा को चुनौती गलत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं और धर्म के मामलों को अदालत में चुनौती देने लगेंगे, तो इससे धर्म और समाज पर असर पड़ सकता है।

कोर्ट ने कहा कि इससे सैकड़ों याचिकाएं आएंगी और हर रिवाज पर सवाल उठने लगेंगे। यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे और महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का केस भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ी 40 साल पुरानी जनहित याचिका की वैधता पर सवाल उठाए थे।



## संक्षिप्त समाचार

### सुभेंदु के निजी सहायक की हत्या की भाजपा ने की निंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के नेता सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की घटना की निंदा करते हुए कहा है कि आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। भाजपा ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, खूनी खेल बंद करो! बंगाल में राजनी. तिक हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या लोकतंत्र पर सीधा हमला है। भाजपा ने कहा कि इस आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। गौरतलब है कि अधिकारी के करीबी माने जाने वाले चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात मध्यमग्राम के दोहरिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार कुछ अज्ञात हमलावर मोटर साइकिलों पर आए और रथ के वाहन पर गोलीबारी कर दी।

### संजय सिंह मामले में अब 14 मई को होगी अगली पेशी

**सुलतानपुर।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से जुड़े आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुलतानपुर दीवानी न्यायालय स्थित की एमपी-एमएलए कोर्ट में गुरुवार को मामले के विवेचक के उपस्थित न होने के कारण सुनवाई टल गई। अगली पेशी के लिए न्यायालय ने 14 मई की तारीख नियत की है। आप नेता संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि यह मुकदमा बंधुआ कला थाने में दर्ज किया गया था और इसका ट्रायल कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में लगभग सभी साक्ष्य पूरे हो चुके हैं। गुरुवार को विवेचक की गवाही होनी थी।

### सीएम योगी ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत की

# सही आंकड़े ही समग्र विकास का आधार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ करते हुए कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का मजबूत आधार है।

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज का दौर डेटा आधारित निर्णयों का है और

■ सफल संचालन के लिए 5.47 लाख कर्मचारियों की तैनाती

जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सही जनगणना से यह सुनिश्चित होगा कि विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।

### सहारनपुर की पहचान फतवों से नहीं, विकास कार्यों से

**सहारनपुर।** सहारनपुर के देवबंद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कहा कि बंगाल में पहली बार बीजेपी ने सरकार बनाकर उन राजनीतिक विश्लेषकों और दलों को आईना दिखाया है, जो समाज को बांटने की राजनीति करते रहे हैं। सीएम ने कहा कि आज का भारत विकास, सुरक्षा और राष्ट्रवाद की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश उसकी सबसे बड़ी मिसाल बन चुका है। उन्होंने दारुल उलूम से जारी होने वाले फतवों को लेकर कहा कि सहारनपुर की पहचान पहले फतवों से हुआ करती थी, लेकिन अब विकास कार्यों से हो रही है। उन्होंने कहा कि यह जीत साबित करती है कि अगर जनप्रतिनिधि जनता के बीच सक्रिय रहें, तो सरकार दोबारा बनती है, लेकिन जो दल देश और समाज को धोखा देते हैं जनता उन्हें खत्म करने में देर नहीं लगाती। सीएम ने कहा कि जाति के नाम पर राजनीति करने वालों के लिए बंगाल का जनादेश एक संदेश है। कहा कि 2016 में यह इलाका दंगों के कारण बदनाम हुआ था और एक समय सहारनपुर अपनी पहचान के लिए मोहताज था, लेकिन अब विभाजनकारी मंसूबों को खत्म करने का समय है। योगी ने कहा कि समाज के विभाजन की राजनीति करने वाले दल देश और भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं और जनता अब ऐसे राजनीतिक दलों को जवाब देने लगी है। देवबंद में सीएम ने कहा कि विकास का विकल्प नहीं है, हमें बंटना नहीं है, विभाजित नहीं होना है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले, फतवे की संस्कृति पर विश्वास करने वाले अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए जाति का सहारा लेते हैं, जो लोग जाति के नाम पर राजनीति करते हैं, उनके लिए आईना है बंगाल।

# यूपी-बिहार में होगी झमाझम बारिश

नई दिल्ली, वार्ता



मौसम विभाग ने 7 मई से 12 मई के बीच देश के कई राज्यों के लिए चेतावनी जारी की है। उत्तर, पूर्व और दक्षिण भारत में बदलते मौसम के कारण आंधी-तफूान, भारी बारिश और तेज हवाएं चलने के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

आईएमडी के अनुसार आने वाले दिनों में कम से कम 13 राज्यों में मौसम खराब रहने की आशंका है। उत्तर-पश्चिम भारत में आंधी और तेज हवाएं चल सकती हैं, जबकि दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और आंधी आ सकती है। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार इससे भी ज्यादा होने की संभावना है। वहीं केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की उम्मीद है। असम और मेघालय में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग ने गुरुवार को खासकर दोपहर और शाम के समय हल्की आंधी और बिजली कड़कने का अनुमान जताया है। उत्तर, दक्षिण, पश्चिम दिल्ली, शाहदरा और नई दिल्ली जैसे इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं और कहीं-कहीं धूल भरी आंधी चल सकती है। दिल्ली से सटे शहरों जैसे गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में भी हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह राहत बस कुछ समय के लिए है। इसके बाद तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। वीकेंड (शनिवार-रविवार) तक दिल्ली का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है।

## सरकार ने 40 से अधिक उम्र के श्रमिकों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच योजना शुरू की

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ करते हुए कहा है कि सरकार श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डा. मांडविया ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा कि चार श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रमिकों के लिए गरिमा, कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की गारंटी को दर्शाता है। उनका यह भी कहना था कि देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 से बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है और लगभग 94 करोड़ लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश भर में 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए हर वर्ष नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जांच के दौरान पहचानी गई बीमारियों का उपचार और दवाएं ईएसआईसी सुविधाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। डा. मांडविया ने कहा कि भारत श्रम संहिता के तहत गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने वाले पहले देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी लाभार्थियों की संख्या भी लगभग सात करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ तक पहुंच गई।

## बीजेपी व चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा: अखिलेश यादव

कोलकाता, वार्ता

बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को कोलकाता पहुंचकर निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाक. ात की और कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। बीजेपी और चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा है।

ममता के कालीघाट आवास पर हुई इस मुलाकात में अखिलेश ने कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। उन्होंने ममता को उपहार भी भेंट किए। अखिलेश ने इस दौरान ममता के सांसद भतीजे व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को गले लगाय। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद



■ कोलकाता पहुंचकर सपा मुखिया ने ममता से की मुलाकात

निवर्तमान मुख्यमंत्री को भावनात्मक समर्थन दिया।अखिलेश यादव कोलकाता में टीएमसी प्रमुख के आवास पर ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी से मिले। ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि 'दीदी' हारी नहीं है। बीजेपी ने जो-जो बंगाल में किया है, यूपी में उसका पहले ट्रायल किया और फिर बंगाल में उसे बड़े पैमाने पर किया।

उन्होंने कहा कि बंगाल में यूपी बाय-इलेक्शन से ज्यादा तस्वीरे आई होंगी, बंगाल में जो हुआ है, उसने लोकतंत्र को डैमेज किया। बीजेपी की आंखों में दीदी खटकती है और बीजेपी सामंती सोच की है, ये नारी को कभी बढ़ते हुए नहीं देख सकते है। उन्होंने बीजेपी की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को आधी-अधूरी सीएम कहा। अखिलेश यादव ने कहा कि बीज. ेपी अराजकता फैलाने का काम करती है। उन्होंने टीएमसी के कार्यालय को जलाने पर कहा कि सुरक्षा देने की जिम्मेदारी किसकी थी, चुनाव आयोग और गृह मंत्री की, सुना है 3 लाख से ज्यादा फोर्स भेजी गई थी। उसमें बड़ी संख्या में यूपी के लोग थे।

### दस से तेरह मई तक का मौसम

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बताया कि 10 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। 10 मई की रात से जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश शुरू हो सकती है। इसके बाद 11 से 13 मई के बीच बारिश का यह सिलसिला जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और राजस्थान तक फैल जाएगा। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए उत्तर प्रदेश के कम से कम 40 जिलों में भारी बारिश और गरज के साथ तूफान का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ, बरेली, आगरा, अयोध्या, गोरखपुर, सीतापुर, बहराइच, बलिया और गाजीपुर सहित कई जिलों में बारिश, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। बिहार के पटना और गया जैसे शहरों में आने वाले दिनों में तेज हवाएं चलने और ओले गिरने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हाल ही में राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में बारिश लाने वाला पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर होकर पूर्व की ओर बढ़ गया है, जिससे उत्तर-पश्चिम भारत में मौसम फिलहाल थोड़ा शांत है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77844.52 | |
| निफ्टी | 24326.65 | |
| सोना | 152887 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 257055 | प्रति किलो |

## दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव बना रहा और इस बीच दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 114 अंक (0.15 प्रतिशत) टूटकर 77,844.52 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त में खुलने का बाद आज दिन भर कभी लाल तो कभी हरे निशान में ऊपर-नीचे होते रहे। बीच कारोबार में सेंसेक्स ऊपर 78,384.70 अंक और नीचे 77,713.21 अंक तक गया। वृहत बाजार में अच्छी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.87 प्रतिशत मजबूत हुआ। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सार्वजनिक बैंकों से सूचकांक फिसल गए जबकि ऑटो, रियलटी, निजी बैंकों और धातु समूहों के सूचकांक ऊपर बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। एनटीपीसी और कोटक महिंद्रा बैंक में भी एक से डेढ़ फीसदी की तेजी रही। एशियन पेंट्स, इटरनल, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, एलएंटटी और बीईएल के शेयर भी ऊपर बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलि. वर का शेयर दो फीसदी के करीब टूट गया। टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाइटन और सन फार्मा एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। आईटीसी, बजाज फाइनेंस, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर लाल निशान में रहे।



### क्रैश होने के बाद सोना-चांदी की भाव बढ़े

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतें हाई से क्रैश होने के बाद अब एक बार फिर से रफ्तार पकड़े हुए नजर आ रही हैं। गुरुवार को खुलने के साथ ही चांदी की कीमत में फिर से उछाल आया है। बीते कारोबारी दिन 2,53,265 रुपये पर क्लोज हुई वायदा चांदी ओपनिंग के साथ ही उछलकर 2,57,055 रुपये पर पहुंच गई। इस सप्ताह पहले दिन सोमवार को जरूर चांदी का भाव टूटा था और 2,43,895 रुपये पर आ गई थी। बुधावार को 5 जून की एक्सपायरी वाले गोल्ड का रेट एमसीएक्स पर 1,52,132 रुपये पर क्लोज हुआ था और गुरुवार को ओपनिंग के साथ ही 1,52,887 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। भले ही इस सप्ताह एमसीएक्स पर सोना तेज रफ्तार से भागता हुआ नजर आ रहा है।

## चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव टूट गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही स्थिर रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपये गिरकर 3,848 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 11 रुपये सस्ता हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी नौ रुपये उतर गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। उड़द दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल और



चना दाल 30-30 रुपये गिर गई। मूंग दाल 19 रुपये सस्ती हुई। वहीं मसूर दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 41 रिंगिट गिरकर 4,538 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74.49 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 46 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति 41 रुपये और मूंगफली तेल 39 रुपये फिसल गया। सोया तेल की औसत कीमत 32 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ गई। पाम ऑयल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7646.58 रुपये, मसूर काली 8105.63 रुपये, मूंग दाल 10140. 90 रुपये, उड़द दाल 10808.99 रुपये, तुअर दाल 11238.47 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## शादी वाले घर में डोली के बाद उठीं अर्थियां, तीन शव बरामद

हमीरपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में रात को हुए दिल दहला देने वाले नाव हादसे से हड़कंप मचा हुआ है। यहां नाव यमुना नदी के बीच में पलट गई, जिसके चलते उसमें सवार 9 लोग डूब गए। इस हादसे में किसी तरह एक पुरुष समेत 2 बच्चे तैरकर किनारे आ गए, लेकिन एक महिला सहित 5 बच्चे लापता हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से 11 घंटों के रेस्क्यू अभियान के बाद एक महिला और दो बच्चों के शव नदी से बरामद कर लिए गए, वहीं 4 बच्चों की तलाश के लिए अभी भी अभियान जारी है। मामला जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के कुतु. बपुर गांव का है, जहां रहने वाले

■ हमीरपुर के एक परिवार के थे, छह अभी भी लापता

शराजू की बेटी अंजली की मंगलवार को शादी थी। बुधवार को विदाई के बाद शाम करीब 6 बजे रिश्तेदारी में आए 9 लोगों को विष्णु अपनी पत्नी के साथ नाव पर सवार होकर यमुना पार अपने खेत में तरबूज और खरबूज खिलाने के लिए ले गए। वहां खाने के बाद सभी ने कई फल तोड़कर नाव में लाद लिए और वापस घर आने लगे। आधे रास्ते में यमुना नदी में अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई, जिसमें नाव चला रहे धीरू ने तैरकर खुद को बचाते हुए विष्णु और पारुल को बचा लिया, लेकिन बाकी 6 लोग पानी में लापता हो गए. इनमें से एक महिला और दो बच्चों के शव गुरुवार सुबह बरामद कर लिए गए हैं। श्रीपाल की बेटी की शादी थी, जिसके चलते आसपास के सारे रिश्तेदार शादी में आए हुए थे। घर में मंगल गीतों के साथ बेटी को विदा किया गया और रिश्तेदारों को तरबूज और खरबूजा खिलाने की बात हुई। राजू की बारी यमुना नदी के पास स्थित थी, जहां तरबूज और खरबूज भारी मात्रा में लगे थे। राजू के चाचा का लड़का विष्णु अपनी पत्नी ब्रजरानी सहित 8 बच्चों को नाव से लेकर यमुना पार खेत में चला गया। वहां से उन्होंने भारी मात्रा में खरबूजे और तरबूज नाव में रख लिए और सभी को लेकर वापस आने लगे। नाव में वजन ज्यादा होने से उसका संत. ुलन बिगड़ गया और सभी नदी में डूब गए।

## कांग्रेस ने जवानों की उपलब्धियों को किया नमन

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की उपलब्धियों को नमन कर उस दौरान सरकार की नीतियों की आलोचना की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि आज ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था। उनका कहना था कि उसके बाद ट्रम्प ने



■ ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सरकार की नीतियों की आलोचना
■ युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री ने दस मई को की थी

विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया। रमेश ने कहा कि उसके बाद 30 मई को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि 10 जून 2025 को जकार्ता में भारतीय दूतावास के डिफेंस अताशे ने भी यह माना था कि राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय सीमाओं के कारण भारत ने अपने कुछ विमान गंवाए थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि चार जुलाई 2025 को उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने पाकिस्तान की कार्रवाई में चीन की भूमिका की ओर ध्यान दिलाया था। उनके अनुसार चीन ने पाकिस्तान को उपकरण, गोला-बारूद, सैटेलाइट इमेजरी और रियल टाइम टारगेटिंग सहायता उपलब्ध कराई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद मोदी सरकार चीन के प्रति नरम रुख अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापक कूटनीतिक अभियान के बावजूद पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह अलग-थलग नहीं पड़ा जैसा 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद हुआ था।

### अडिग इरादों का ऐलान था ऑपरेशन सिंदूर: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के अडिग इरादों का ऐलान बताते हुए इसमें शामिल भारतीय सेना के जवानों को नमन किया है। भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को लिखा, ष्वो सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं था, भारत के अडिग इरादों का ऐलान था। 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर उन वीरों को नमन, जिन्होंने दुश्मन को जवाब नहीं, संदेश दिया और उस संदेश की गूंज दुनिया ने सुनी। जय हिद!

### यूपी में भाजपा के बंसल को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अगली चुनावी लड़ाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के अंदर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को प्रदेश में अधिक सक्रिय और प्रत्यक्ष भूमिका दी जा सकती है, ताकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के जातीय समीकरणों को फिर से मजबूत किया जा सके। यह अटकलें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की हालिया सफलता के बाद तेज हुई हैं, जहां बूथ स्तर की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक समन्वय ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई और 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां पश्चिम बंगाल से कहीं अधिक जटिल हैं।

प्रयागराज

## व्याज सहित बीमा कंपनी को लौटाना होगा प्रीमियम

**प्रयागराज।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बीमा कंपनी को पालिसीधारक की ओर से जमा की गई पूरी प्रीमियम राशि ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष मोहम्मद इब्राहीम और सदस्य सरला की पीठ ने संध्या देवी जायसवाल और उनके बेटे ;षभ की ओर से दायर परिवाद पर दिया। जनपद के रसूलपुर निवासी संध्या और ऋषभ ने याचिका में कहा कि उन्होंने 2014 में बीमा पालिसी ली थी। जिसमें उन्होंने 2017 तक 79,217 रुपये प्रीमियम के रूप में जमा किए। आरोप लगाया था कि 2020 में बकाया प्रीमियम जमा करने कंपनी के कार्यालय गए लेकिन लाकडाउन का हवाला देते हुए कंपनी ने प्रीमियम लेने से इन्कार कर दिया और बाद में पालिसी बंद कर दी। याचियों ने इसे सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार बताते हुए जमा धनराशि, ब्याज और क्षतिपूर्ति की मांग की। वहीं, बीमा कंपनी की ओर से दलील दी गई कि पालिसीधारक ने 2017 के बाद प्रीमियम जमा नहीं किया। जिससे पालिसी स्वत: निष्क्रिय हो गई। पालिसी को पुनर्जीवित कराने का अवसर उपलब्ध था लेकिन याची ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी नहीं की।

## वार्ड उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सचिन मिश्रा की जीत

**प्रयागराज।** नगर निगम के वार्ड संख्या 48 अलोपीबाग में हुए पार्षद पद के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सचिन मिश्रा ने जीत दर्ज की है। गूरुवार को तहसीलदार सदर न्यायालय में सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई और दोपहर तक परिणाम घोषित कर दिया गया। भाजपा प्रत्याशी सचिन मिश्रा को कुल 1093 वोट मिले। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी संतोष कुमार गुप्ता ने 866 मत हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सपा प्रत्याशी दीपप्रकाश सोनकर को 761 वोट मिले और वह तीसरे स्थान पर रहे। चुनाव में 11 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। उपचुनाव में कुल 2731 वोट पड़े थे। मंगलवार को हुए मतदान में करीब 22.15 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। चुनाव के लिए पांच मतदान केंद्रों के 10 बूथ बनाए गए थे। अलोपीबाग वार्ड में यह उपचुनाव पूर्व पार्षद उमेश चंद्र मिश्रा के निधन के बाद कराया गया था। भाजपा ने उनके बेटे सचिन मिश्रा को प्रत्याशी बनाया था। जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

# नई परियोजनाओं की टेंडर प्रक्रिया के 20 तक स्वीकृत पत्र जारी करें

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिक.ारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये हैं कि स्वीकृत परियोजनाओं की टेंडर प्रक्रिया पूरा करते हुए 20 मई, 2026 तक स्वीकृत पत्र जारी करें।

इसके अलावा चुनावी वर्ष को देखते हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं को 20 नवम्बर, 2026 तक हरहाल में पूरा करे। उन्होंने कुछ प्रकरणों में नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि फाइलों को लटकाने और भटकाने की संस्कृति छोड़नी पड़ेगी। जयवीर सिंह आज यहां पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुमराह करने की आदत छोड़े तथा अपनी जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं को 20 नवम्बर, 2026 तक पूरा करते हुए लोकार्पण के लिए तैयार करे, ताकि समय से इन परियोजनाओं को आम जनता को समर्पित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि नवम्बर तक परिणाम धरातल पर दिखना चाहिए। जयवीर सिंह ने समीक्षा के दौरान कुछ जनपदों से निर्माण कार्य संबंधी प्रगति की गलत जानकारी देने पर गहरी नारा.जगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि काम में तेजी लाई जाए और समय-समय पर मुख्यालय से



■ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र में कार्य शुरू न किए जाने पर जताई आपत्ति, सभी कार्य 20 नवम्बर तक पूरे करने के दिए निर्देश

अधिकारियों की टीम फोटोग्राफर सहित स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करेगी। यह टीम मौके पर जाकर कार्य की प्रगति का भौतिक सत्यापन करेगी और गुणवत्ता, प्रभावी समीक्षा एवं समन्वय करके परियोजनाओं को गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी पत्राचार-पत्राचार का खेल न खेले। पर्यटन मंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी एवं वृहद परियोजनाओं को समय से पूरा करना सुनिश्चित करें। परियोजनाओं में विलम्ब होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था तथा अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। आगरा और मथुरा में हेलीपोर्ट को क्रियान्वित किया जाए। ऐतिहा.सिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों का इतिहास लेखन एवं शिलालेख की कार्यवाही एक स्थापित प्रक्रिया के अनुसार संचा.लित की जाए।

इसके अलावा उन्होंने वर्ष 2017 से अब तक दोनों विभागों द्वारा कराये गये कार्य, लागत, स्वीकृत तथा व्यय धनराशि योजनाओं की प्रगति आदि की एक रिपोर्ट जनपदवार तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अमरोहा में एक मंदिर को लेकर अनावश्यक अडंगा लगाने पर घोर आपत्ति जताई। बैठक में मौजूद अपर मुख्य सचिव संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य श्री अमृत अभिजात ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देते हुए कहा कि परियोजनाओं को पूरा करने में किसी भी प्रकार की हीला हवाली नहीं चलेगी। बैठक में विशेष सचिव पर्यटन मृदुल चौधरी, प्रबंध निदेशक यूपीएसटीडीसी आशीष कुमार, निदेशक ईको पर्यटन श्री पुष्प कुमार के0, विशेष सचिव संस्कृति संजय कुमार सिंह, पर्यटन सलाहकार श्री जे0पी0 सिंह, क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी श्रीमती अंजू चौधरी, संयुक्त निद.ेशक प्रीति श्रीवास्तव, प्रचार अधिकारी कीर्ति एवं बड़ी संख्या में कार्यदायी संस्थाओं के प्रति. निधि तथा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# उप्र में जनगणना का प्रथम चरण शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुववार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण व मकानों की गणना कार्य की शुरुआत की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना केवल हेड काउंट नहीं, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का मजबूत आधार है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस बार की जनगणना में जातीय गणना भी की जा रही है। वहीं, डिजिटल तकनीक की वजह से प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी बनाया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का समय डेटा आधारित



■ मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में योगी ने 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण व मकानों की गणना कार्य की शुरुआत की

निर्णयों का है और जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सही जनगणना यह सुनिश्चित करती है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से विकास में सहभागी बन सके।मुख्यमंत्री ने बताया कि देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य होगा। आमजन को 7 से 21 मई 2026 तक स्वगणना का विकल्प भी दिया गया है, जिसके तहत नागरिक डिजिटल प्लेटफार्म पर खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। जनगणना में पहली बार जातीय गणना को भी शामिल किया गया है। साथ ही वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। डिजिटल तकनीक की वजह से प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी बनाया गया है। इसके लिए विशेष जनगणना पोर्टल तैयार किया गया है, जिससे ग्राम और वार्ड स्तर तक निगरानी की जा सकेगी। सीएम ने बताया कि प्रदेश की आबादी लगभग 25 करोड़ 70 लाख है। जनगणना कार्य 18 मंडलों, 75 जिलों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 745 नगरीय निकायों, 21 छावनी परिषदों, 57,694 ग्राम पंचायतों और करीब 1.04 लाख राजस्व ग्रामों में कराया जाएगा।

## जनगणना प्रपत्र 17 से 21 मई तक भरें: मौ. खालिद राशिद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** लखनऊ के फरंगी महल इमाम ईदगाह स्थित इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद राशिद की अध्यक्षता में इस्लामिक सेंटर के अधिकारियों और कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इ

स अवसर पर मौलाना खालिद राशिद ने बताया कि प्रिय देश में जनगणना का पहला चरण आज यानी सितंबर से शुरू हो गया है। इसके तहत परिवार के मुखिया को स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों का विवरण ेम.बमदेने.हवअ.पद पोर्टल पर आनलाइन दर्ज करना होगा। स्व-गणना की यह प्रक्रिया 21 रमनी 2026 तक जारी रहेगी। मौलाना फिरंगी महली ने बताया कि जनगणना के निर्धारित फार्म में 34 प्रश्न होंगे, जिनका सही-सही उत्तर देना अनिवार्य है।

ये प्रश्न निवास और परिवार से संबंधित हैं। इस संबंध में कोई भी गलत जानकारी नहीं देनी चाहिए। फार्म पर कोई भी दस्तावेज अपलोड नहीं करना चाहिए। पोर्टल खोलते ही आपके मोबाइल नंबर पर 4 अंकों की एक आईडी भेजी जाएगी। इसके बाद आपको अपनी जानकारी भरनी होगी। 21 दिन बाद जब जनगणना विभाग के कर्मचारी आपके घर पहुंचेंगे, तो उन्हें यह आईडी दी जाएगी। वे इसकी जांच करके इसे स्वीकृत करेंगे।

## आज निकलेगी भव्य कलश शोभायात्रा

**बाजार शुकुल, अमेठी।** क्षेत्र के पूरे शुक्लन गांव में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भव्य कलश शोभायात्रा के साथ धार्मिक आयोजन का विधिवत शुभारंभ होगा।

आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।जानकारी के अनुसार कलश शोभायात्रा कथा स्थल पूरे शुक्लन से प्रारंभ होकर रीछ घाट स्थित आदि गंगा गोमती नदी तक जाएगी। वहां वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ कलश पूजन कर पवित्र जल भरा जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर पुन: कथा स्थल पहुंचेंगे, जहां से संगीतमयी श्रीराम कथा का शुभारंभ किया जाएगा। कथावाचक भागवताचार्य पंडित निर्मेश जी महाराज अपने श्रीमुख से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और धर्म की महिमा का संगीतमयी शैली में वर्णन करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार 8 मई से 16 मई तक प्रतिदिन कथा का आयोजन होगा, जबकि 17 मई को हवन-पूर्णाहुति एवं भंडारा महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

## फंदे से लटका मिला छात्र का शव

**प्रयागराज।** कैंट इलाके के ऊंचवागढ़ी बेली में किराये के मकान में छात्र जितिन कुमार (20) का शव पंखे के सहारे चादर के फंदे से लटका मिला। घटनास्थल से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आशंका है कि कलह के चलते जितिन ने आत्महत्या की है। कैंट थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।मूलरूप से सीतापुर जिले के थाना हरगांव गांव मुस्तफाबाद के रहने वाला जितिन कुमार बुआ के बेटे शिवम और विनय के साथ ऊंचवागढ़ी में किराये के कमरे में रहता था। वह इविवि में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। पिछले कुछ दिन से बुआ के बेटे मूल गांव गए थे। इस दौरान जितिन कमरे में अकेला रह रहा था।

# मकान सूचीकरण जनगणना-2027 प्रारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जनपद में मकान सूचीकरण जनगणना-2027 का गुरूवार से प्रारम्भ हुआ। जिला.धिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा ने पोर्टल पर आवास की स्वगणना कर आईडी नंबर प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से लोग स्वयं ही जनगणना पोर्टल पर अपने मकान की जनगणना कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना पारंपरिक कागजी कार्यवाही के बजाय पूरी तरह डिजिटल होगी। प्रशासन ने इस बार नागरिकों को स्वगणना का विकल्प दिया गया है, जिससे लोग खुद अपनी जानकारी आनलाइन पोर्टल पर



दर्ज कर सकेंगे।जनगणना के पहले चरण को दो मुख्य हिस्सों में बांटा गया है। 7 मई से 21 मई तक नागरिक स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। इसके बाद, 22 मई से 20 जून तक गणनाकर्मी घर-घर जाकर डेटा का सत्यापन और मकान सूचीकरण करेंगे। स्वगणना के लिए नागरिक पर जाकर स्वप्रेरणा से अपनी स्वजनगणना कर सकते हैं। इसमें राज्य का चयन, मोबाइल नंबर और ईमेल से पंजीकरण शामिल है। ओटीपी सत्यापन के बाद भाषा और जिले का चयन करना होगा। इसके बाद मैप पर अपने घर की सटीक लोकेशन मार्क करनी होगी और मकान व परिवार से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। फार्म सबमिट करने पर एक 11 अंकों की स्वगणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे क्षेत्र प्रगणक को उपलब्ध कराकर अपनी जनगणना पूर्ण करनी है। जनगणना आयु, लिंग, साक्षरता, आर्थिक गतिविधि आदि महत्वपूर्ण सामाजिक आर्थिक आंकड़ों के संग्रह की एक प्रमुख प्रक्रिया है। इस अवसर पर नगर आयुक्त सीलम सांई तेजा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लेखा परीक्षक बबीता को सीएम ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** परिन्दों को नहीं दी जाती तालिम उडानों की, वे खुद ही तय करते हैं मंजिल आसमानों की। इस बात को साबित कर दिखाया।

सुलेमसराय निवासी बबिता कुमारी पुत्री ओमप्रकाश ने। कडी मेहनत और लगनशीलता के साथ उसने अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाते हुए प्रथम दृष्टया उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग उत्तर प्रदेश की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की। इस



प्रतिभावान बेटी का उत्साह वर्धन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन लखनऊ में नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। योगी ने उनसे अपने उत्तरदायित्व के प्रति गंभीरता की अपील की। बबिता ने बताया कि किसी भी मुकाम पर पहुंचने के लिए लक्ष्य का निर्धारण और उसी अनुरूप सुनियोजित तरीके से निरंतर प्रयास जारी रखना जरूरी है। सफलता के प्रति यदि इरादा पक्का है तो आर्थिक स्थिति मार्ग में बाधा नहीं बन पाती।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**गोंडा।** अयोध्या-गोंडा मार्ग पर बुधवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां पलभर में उजाड़ दीं।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के लौव्वावीरपुर गांव निवासी 27 वर्षीय वीरेंद्र यादव की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।बताया जाता है कि वीरेंद्र यादव अयोध्या में एक गोल्फ कार्ड पार्किंग कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। बुधवार रात वह अपने छोटे भाई इंद्रदेव के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। घर पहुं.चने से कुछ ही दूरी पहले दोनों भाई पेट्रोल पंप तक पहुंचने के लिए बाइक को धक्का देकर ले जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात वाहन ने वीरेंद्र यादव को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल वीरेंद्र को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव में मातम का माहौल छा गया। बताया जाता है कि मृतक वीरेंद्र यादव पांच भाइयों में सबसे बड़े थे और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। उनकी असमय मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। पत्नी कौशल्या का रो-रोकर बुरा हाल है। वीरेंद्र अपने पीछे दो मासूम बेटोंकृ8 वर्षीय आयुष और 4 वर्षीय पीयूषकृको छोड़ गए हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। घर में जहां कल तक खुशियों की आवाजें गूं.जती थीं, वहां अब सिर्फ सिसकियां और मातम पसरा हुआ है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव

**बाजार शुकुल, अमेठी।** बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के निरहीगढ़ मजरे काजीपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव पेड़ से लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी होते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार काजीपुर गांव निवासी राम विलास पुत्र छीटू (50) का शव बुधवार देर रात गांव के पास जल जीवन मिशन की पानी की टंकी के समीप स्थित आम के पेड़ पर गमछे के सहारे लटकता मिला।ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ते ही हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घटना की सूचना बाजार शुकुल पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विवेक वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रेमी ने की प्रेमिका की हत्या, गिरफ्तार

### चाकू से भी कई वार किए, फिर लाश को शारदा नहर के पास गढ्डे में फेंकने के बाद शव के ऊपर झाड़ियां डाल दीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले के बहरिया थाना क्षेत्र में कलयुगी प्रेमी ने अपनी नाबालिग प्रेमिका की दुप्पटे से गला घोंटकर हत्या कर दी। उसने चाकू से भी कई वार किए। फिर लाश को शारदा नहर के पास गढ्डे में फेंकने के बाद शव के ऊपर झाड़ियां डाल दीं।

हत्यारोपी प्रेमी 20 अप्रैल 2026 की तिथि में प्रेमिका को उसके घर से भगा ले गया था। उसी रात उसने वारदात को अंजाम दिया। लड़की की मां ने इस घटना के अगले दिन आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था। पुलिस तब से दोनों की तलाश कर

■ हत्यारोपी प्रेमी 20 अप्रैल को प्रेमिका को उसके घर से भगा ले गया था, उसी रात उसने वारदात को अंजाम दिया, लड़की की मां ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया

रही थी। इस बीच आज गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि मैंने अपनी प्रेमिका को मार डाला है। पुलिस ने उसकी निशानदेही से शव बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगापार के सरायइनायत थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव निवासी आटो चालक लक्ष्मी नारायण पाल की बेटी खुशी द्ध17ऋ का बहरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक लड़के से अफेयर था। खुशी 4 बहनों में दूसरे नंबर पर थी। मोतीलाल इंटर कालेज, जमुनीपुर में कक्षा 9 में पढ़ती थी। दोनों परिवारों को पता चला तो बच्चों को समझाया और दूर रहने को कहा। डीसीपी गंगा नगर कुलदीप गुणावत ने बताया- आरा.ेपी को उसके घरवालों ने बहुत पीटा। उधर, खुशी उस पर घर से भागकर शादी करने का दबाव बनाने लगी। लड़की से छुटकारा पाने के लिए उसने हत्या का प्लान बनाया। उसने खुशी को 20 अप्रैल को दिन में मिलने के लिए बुलाया। दोनों ने तय किया कि आज रात घर से भाग जाएंगे। उन्होंने बताया- प्लान के मुताबिक, खुशी को लेकर आरोपी रात के वक्त घर से भाग निकला।

फिर शारदा की सहायक नहर के पास ले जाकर चाकू से कई वार किए। दुपटे से गला घोंट दिया। फिर लाश फेंककर भाग गया। इस बीच जब खुशी की मां सुनीता पाल को बेटी घर पर नहीं मिली तो उन्होंने तलाश शुरू की। कहीं नहीं मिलने पर सराय इनायत थाने में केस दर्ज कराया। सुनीता ने बताया कि बेटी घर से 2 हजार रुपए, सोने की चेन, 3 सोने की अंगूठी, सोने के झुमके, सोने की करधन, एक किलो चांदी की छागल, 500 ग्राम चांदी की कमर पेटी, चांदी की पायल ले गई।

उन्होंने आशंका जताई थी कि आरोपी गहने लेकर बेटी की हत्या कर देगा। इसके बाद पुलिस ने दोनों को तलाशना शुरू किया। दोनों के मोबाइल ट्रैक किए। इससे आरोपी का पता चला। गुरुवार सुबह पुलिस ने आरोपी लड़के को उसके रिस्तेदार के घर से धर दबोचा। उससे प्रेमिका के बारे में पूछा तो बताया- मैंने खुशी को मारकर नहर के किनारे फेंक दिया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जाएगा आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र दिनांक 8 जनवरी 2026 के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीा/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के निर्देशानुसार दिनांक 9 मई को प्रात: 10 बजे सांय 5 बजे तक दीवानी न्यायालय प्रांगणन पीलीभीत एवं ग्राम न्यायालय पूरनपुर तथा बाह्य न्यायालय बीसलपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त के सम्बन्ध में अरूण क्रान्ति यशोदास, अपर सिविल जज (सी.डि.)/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के अन्तर्गत कार्यरत समस्त परा-विधिक स्वयं सेवकों की एक बैठक आहूत की गयी।

आहूत बैठक में समस्त परा-विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के द्वारा उपस्थित परा-विधिक स्वयं सेवकों के कार्य की समीक्षा की गयी।

# पार्किंग को लेकर खूनी संघर्ष, कई घायल

■ **दो की हालत गंभीर रेफर, छह के खिलाफ केस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**माधोटांडा।** थाना क्षेत्र के धरमंगदपुर दरगाह पर चल रहे उर्स मेले में सोमवार रात पार्किंग को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। धारदार हथियारों से हुए हमले में कई लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



युवक अपने परिवार के साथ 4 मई 2026 को धरमंगदपुर दरगाह पर उर्स का मेला देखने गया था। इसी दौरान गाड़ी खड़ी करने को लेकर कुछ लोगों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि लोधीपुर निवासी महबूब पुत्र मकबूल ने गाड़ी पर डंडा मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। विवाद बढ़ता देख समझौते के लिए नईम पुत्र मुन्ने, साने हसन, सहीम और चुन्ने खां मौके पर पहुंचे, लेकिन इसी बीच महबूब के पक्ष के लोग भी इकट्ठा हो गए। आरोप है कि हसीन मियां पुत्र अकील, छोटे नेता पुत्र मकबूल खां, खलील खां, मकबूल खां पुत्र जमील खां और अजीज मियां पुत्र अकील खां निवासी धरमंगदपुर एक राय होकर हाथों में धारदार हथियार लेकर हमलावर हो गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।बताया जा रहा है कि इसी दौरान मकबूल खां पुत्र जमील खां ने धारदार हथियार से नईम खां के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में अन्य लोगों को भी गंभीर व सामान्य चोटें आई हैं।

घटना के बाद घायल पक्ष रात करीब 9:40 बजे थाने पहुंचा, जहां से उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गंभीर हालत में नईम खां और साने हसन को जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महबूब, हसीन मियां, छोटे नेता, अकील खां, मकबूल खां और अजीज मियां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और मामले की जांच जारी है।

उर्स मेले में हुई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी है।

## एक नजर

### नाबालिग किशोरी के गायब होने पर पिता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सहसवान।** क्षेत्र के ग्राम ख्याली नगला निवासी एक व्यक्ति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपनी नाबालिग पुत्री को बरामद कराने की मांग की है प्रार्थना पत्र के अनुसार 24 अप्रैल 2026 की रात उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से अचानक लापता हो गई पीड़ित पिता का आरोप है कि गांव के ही कुछ युवक उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गए हैं। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका पीड़ित ने बताया कि मामले की रिपोर्ट 26 अप्रैल को थाना सहसवान में दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक न तो लड़की बरामद हो सकी है और न ही आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है। आरोप है कि आरो. पित पक्ष द्वारा परिवार को धमकियां भी दी जा रही हैं उसके बावजूद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है पीड़ित पिता ने एसएसपी से मामले में त्वरित कार्रवाई कर नाबालिग पुत्री को सकुशल बरामद कराने तथा आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### मंडल पदाधिकारी एवं बूथ समिति सत्यापन बैठक आयोजित की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा पदाधिकारी व बूथ समिति के सदस्य खासा सक्रिय दिखाई दे रहे हैं।



हाल ही में बीते गुरुवार को भाजपा के मंडल पदाधिकारी व बूथ समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें विकास खंड स्तर पर भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर गहन चर्चा हुई।

इस बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुज माहेश्वरी , विधान सभा संयोजक एडवोकेट अजय पाराशरी , पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश दीक्षित , डायरेक्टर गन्ना सोसायटी शेखुपुर रामवीर सिंह , पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह चौहान , मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ,महामंत्री धर्मेंद्र सिंह , विंकल शर्मा , उपाध्यक्ष अभय यादव , जिला मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा योगेश कुमार शर्मा , मंडल उपाध्यक्ष देवी सिंह मौर्य , नामित सभासद प्रदीप गुप्ता , रवि कुमार शर्मा , बूथ अध्यक्ष विजय पाल सिंह यादव , सचिन यादव , अवनेश यादव , देवेंद्र पाठक , रीतेश शर्मा आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनगणना कार्यक्रम का पूरनपुर तहसील परिसर में शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील परिसर पूरनपुर में आयोजित जनगणना कार्यक्रम का शुभारम्भ पूरनपुर के माननीय विधायक बाबूराम पासवान, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शैलेन्द्र गुप्ता एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने स्व-गणना कर किया।

कार्यक्रम के दौरान जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं एवं सरकारी नीतियों की आधारशिला होती है। सभी नागरिकों से जनगणना कार्य में सहयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर उप-जिला जनगणना अधिकारी/ एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, तहस. ीलदार आशीष कुमार गुप्ता, संजय सक्सेना एडवोकेट, संजय पाण्डेय एडवोकेट, ब्रजेश गुप्ता, सुशील कुमार सक्सेना एडवोकेट सहित तहसील स्तर के कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम एसपी ने राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में द्वितीय स्थान पर चयनित छात्रा को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जवाहर नवोदय विद्यालय बीसलपुर की राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में द्वितीय स्थान पर चयनित छात्रा तनुष्का गंगवार को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर गांधी सभागार में सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



इस दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि कुमारी तनुष्का गंगवार कक्षा-10 वीं छात्रा ने दिनांक 9/08/2025 को क्षेत्रीय कार्यालय क्रिकेट आयु वर्ष 17 से जनवि गौतम बुद्धनगर में प्रतिभाग तथा नवोदय विद्यालय समिति लखनऊ संभाग चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इण्डिया दिनांक 29/4/2026 से 3/5/2026 प्रतिभाग कर अपने विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय बीसलपुर व जनपद का नाम गौरवानित किया गया। इस खेल में प्रोत्साहित करने एवं मार्गदर्शन में सुश्री रेनू भाटिया (टीजीटी खेल शिक्षिका) ने सहयोग किया।

### विधायक आशुतोष मौर्या ने अपने आवास से स्व गणना पूर्ण कर प्रथम चरण का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विधायक आशुतोष मौर्या ने अपने आवास से जनगणना - 2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ करते हुए सभी क्षेत्रवासियों से जनगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

बृहस्पतिवार को विधायक आशुतोष मौर्या ने अपने आवास से स्व गणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि वह जनगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक होगा। 07 मई से 21 मई तक स्व गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिसमें लोग स्वयं अपने मोबाइल कंप्यूटर अथवा लैपटॉप से घर बैठे जनगणना की पूरी जानकारी भर सकेंगे। स्व गणना का कार्य देश में पहली बार हो रहा है जिस प्रक्रिया अधिक आसान तेज एवं पारदर्शी रहेगी। इस दौरान नायब तहसीलदार अनंगराज सिंह, कस्बा लेखपाल संदीप कुमार, सौरभ शर्मा भूलेख तहसील प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

### मंडी समिति गेट का क्षतिग्रस्त नाला बना 'डेथ ट्रैप'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सहसवान मंडी समिति गेट पर पिछले दो वर्षों से टूटा पड़ा नाला राहगीरों और किसानों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। नाले के क्षतिग्रस्त होने के कारण अब तक कई लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन मौन साधे बैठा है।

अधिकारियों को दी गई लिखित शिकायत, फिर भी स्थिति जस की तस है। स्थानीय ग्रामीणों और मंडी आने-जाने वाले उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर मंडी सचिव और उप जिलाधिकारी सहसवान सहित कई आला अधिकारियों को कई बार लिखित और मौखिक सूचना दी है। बावजूद इसके, आज तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ व्यापारियों का हल्लाबोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी और किल्लत के खिलाफ आज श्उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेशश ने हुंकार भरी। प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के आह्वान पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू व जिला अध्यक्ष एमए जीलानी के नेतृत्व में पीलीभीत में व्यापारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से महाम. हिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।



व्यापारियों ने सरकार के सामने 9 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिनमें मुख्य रूप से शामिल मांग 1 मई 2026 से बढ़े हुए दामों को तुरंत वापस लिया जाए और GST की दर 18% से घटाकर 5% की जाए। कमर्शियल सिलेंडर की बुकिंग भी घरेलू गैस की तरह ऑनलाइन की जाए।

गैस की कमी को देखते हुए उद्योगों को वैकल्पिक ईंधन इस्तेमाल करने के लिए प्रदूषण विभाग और NGT के नियमों में 5 साल की राहत दी जाए।

अस्पताल, स्कूल और वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए मांग के अनुसार सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित हो। पीलीभीत में पीएनजी गैस की पाइप लाइन पड़े हुए 2 वर्ष हो चुके है कई बार जिला अधिकारी के समक्ष इस बात को रखा गया जिस पर जिला अधिकारी महोदय द्वारा तुरंत संज्ञान लेकर पीएनजी गैस अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया लेकिन पीएनजी अधिकारियों द्वारा सिर्फ झूटे वायदे करने के सिवा आज तक कुछ नहीं किया गया नगर में डाली गई पीएनजी पाइप लाइन को तुरंत चालू कराया जाए, प्रधानमत्री मोदी की हर घर स्वच्छ पानी योजना के तहत पीलीभीत नगर और ग्रामीण इलाकों में पाइप लाइन डाली गई है उसके लिए पूरे शहर व देहात की सड़को को खोद कर ऐसे हो छोड़ दिया गया है जिसकी मरम्मत की जिमेदारी संबंधित कार्यदाती संस्था की बनती है ऐसी सड़कों को ठीक कराया जाए।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू ने विशेष रूप से शिरकत की। जिला अध्यक्ष एमए जीलानी ने कहा, अचानक बढ़ी कीमतों से छोटे उद्योग, होटल और रेहड़ी-पटरी वाले व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, संगठन अपनी आवाज बुलंद रखेगा।

प्रदर्शन में व्यापार मंडल की नगर, युवा और महिला इकाइयों ने हिस्सा लिया।

यहां मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेदु, जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी, युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, नाहिद खघन ,जिला अध्यक्ष महिला विंग कंचन सक्सेना, रशीद अंसारी , मोहम्मद ममनून, संदीप सक्सेना , हरपाल सिंह, ऋषि कनौजिया , साहिल अगनानी, रिजवान, शोभनीय सिंह, बिंदु शर्मा, संजू शुक्ला, युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, गौरव राणा, हरिश सिंह, राज, उज्जवल वर्मा, सहवाज अहमद, रिजवान, अभिलाष गुप्ता, रजी अंसारी , ताबिश शम्सी ,बिंदु शर्मा, राजविंदर कौर, प्रियंक जैसवार सहित बड़ी तादाद में पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पीएम स्वनिधि योजना ने बदला स्ट्रीट वेंडर्स का जीवन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं नगर के मोहल्ला मीरा सराय निवासी राज कुमार मौर्य जो पिछले 10 वर्षों से फल एवं सब्जी विक्रेता के रूप में अपना जीवनयापन कर रहे हैं, आज आत्मनिर्भरता और संघर्ष की एक मिसाल बन चुके हैं। साधारण परिवार से आने वाले राज कुमार मौर्य अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चे (8 वर्ष एवं 3 वर्ष) हैं।

कोविड-19 महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन ने उनके जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। बाजार बंद होने से उनकी रोजी-रोटी पूरी तरह ठप हो गई और परिवार के भरण-पोषण में गंभीर संकट उत्पन्न हो गया। ऐसे कठिन समय में उन्हें सरकार की पीएम स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मिली, जो स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी गारंटी के ऋण उपलब्ध कराती है। राज कुमार मौर्य ने इस योजना के तहत सबसे पहले प्रथम चरण का ऋण लिया, जिससे उन्होंने पुन: अपना ठेला लगाना शुरू किया। समय पर ऋण चुकाने के कारण उन्हें द्वितीय और तृतीय चरण के ऋण भी आसानी से प्राप्त हुए। उन्होंने इन सभी ऋणों को नियमित रूप से आसान किस्तों में चुकाया, जिससे उनकी बैंकिंग साख भी मजबूत हुई। आज वे बदायूं के पंजाबी मार्केट, भगत जी समोसा कॉर्नर के पास अपना व्यवसाय सफलतापूर्वक चला रहे हैं। उनकी आय में सुधार हुआ है और वे अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर पा रहे हैं। उनके बड़े बेटे की पढ़ाई भी अब सुचारू रूप से सिटी पब्लिक स्कूल, बदायूं में चल रही है।राज कुमार मौर्य की यह कहानी यह दर्शाती है कि यदि सही समय पर उचित सहायता और व्यक्ति का आत्मविश्वास साथ हो, तो कोई भी कठिन परिस्थिति सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। पीएम स्वनिधि योजना ने न केवल उनके व्यवसाय को पुनर्जीवित किया, बल्कि उनके जीवन में स्थिरता और सम्मान भी लौटाया। वर्तमान में उन्होंने इस योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड के लिए भी आवेदन किया है, जिससे उनके व्यवसाय को और अधिक विस्तार मिलने की संभावना है। यह कहानी अन्य स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक प्रेरणा है कि वे भी इस योजना का लाभ उठाकर अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

# गन्ना राज्यमंत्री से सवाल जवाब के साथ शुरू हुआ जनगणना कार्य

■ **एसडीएम सदर के साथ पहुंची टीम ने भरवाया प्रपत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से पूछे गये सवालो के जवाब के साथ ही आज गुरूवार से शहर में जनगणना 2026 का प्राथमिक कार्य शुरू हो गया है। एसडीएम सदर श्रद्धासिंह के साथ राज्यमंत्री संजय गंगवार के आवास पर पहुची जनगणना कर्मियों की टीम ने जनगणना में पूछे जाने वाले सवालों के जवाब मागें जिस पर राज्यमंत्री संजय गंगवार ने सभी सवालों के जवाब जनगणना की टीम को देकर अपना निर्धारित प्रपत्र पूरा किया।



जनगणना 2026 का प्राथमिक कार्य शुरू हो गया है इस कार्य में प्राथमिक तौर पर शहर के नागरिकों से सवाल जानने के लिए जनगणना की टीम घर घर जायेगी और सवालो के जवाब हासिल करेगी। इस कार्य की शुरूआत आज राज्यमंत्री संजय गंगवार के यहा से हुई है जिसमें उनसे परिवार के मुखिया का नाम, आवास की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या सहित अन्य सवाल पुछे गये जिसका जवाब राज्यमंत्री संजय गंगवार ने देते हुए जनगणना प्रपत्र पूर्ण कराया। राज्यमंत्री संजय गंगवार ने शहर के नागरिको से अपील की है कि जनगणना टीम के पहुचने पर अपनी पूरी जानकारी सही सही देकर जनगणना कर्मियो और राष्ट्र का सहयोग करें। जनगणना टीम के साथ पहुची एसडीएम सदर श्रद्धासिंह ने बताया की जनगणना का प्राथमिक कार्य आज से गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार के यहा सवालो के जवाब पाकर शुरू किया गया है इसके बाद शहर में जनगणना कार्य विधिवत होगा। उन्होने यह भी बताया की जनगणना का प्रथम चरण का कार्य 22 मई से प्रारम्भ होगा उन्होनें बताया जनगणना टीम द्वारा नागरिको से 35 सवाल पूछे जायेगे।

उन्होंने यह भी बताया कि गुरुवार से शुरू हुए प्राथमिक कार्य के साथ ही नागरिकगण पोर्टल पर भी अपनी समस्त जानकारी अपलोड कर सकते है जो 22 मई से शुरू कर सकते है जो 22 मई प्रथम चरण के दौरान जनगणना कर्मियों द्वारा सत्यापित किया जायेगा और कोई कमी रह जायेगी तो उसको पूरा कराया जाएगा।

# चेकिंग अभियान में पुलिस के निशाने पर रहे दुपहिया वाहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा , बिसौली पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार सिंह व फैजगंज बेहटा थाना प्रभारी के निर्देशन में स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी जुगेंद्र सिंह वालियान व पुलिस उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिसमें मुख्य रूप से पुलिस का फोकस दुपहिया वाहनों पर विधिक कार्यवाही करने पर रहा।

इस दौरान पुलिस ने अवैध ढंग से चल रहे मोटर साइकिल चालकों पर विधिक कार्यवाही कर चालान काटे इस दौरान आसफपुर से बिसौली मार्ग पर वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

यहां गौरतलब है कि समय समय पर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग करने से सड़क यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा मिलती है।

### जनपद में जनगणना हेतु स्व-गणना की प्रक्रिया प्रारंभ, 21 मई कर सकेंगे स्व गणना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत स्व-गणना अवधि के गुरुवार को प्रथम दिवस पर जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने अपने आवास से स्व-गणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर जनपदवासियों को जनगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया। हम सभी भारत की जनगणना 2027 में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा राष्ट्र निर्माण एवं समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश में जनगणना का प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक होगी। जनगणना के शुरू होने से 15 दिन पूर्व यानि की 07 मई से 21 मई तक स्व गणना करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। लोग स्वयं अपने मोबाईल, कंप्यूटर अथवा लैपटाप से घर बैठे जनगणना की पूरी जानकारी भर सकेंगे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला स्मार्टफोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने एक सौ बत्तीस आंगनवाड़ी कार्यत्रियों को योगी सरकार की डिजिटल सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्ट फोन वितरित किए। जिन्हें पाकर कार्यकत्रियों के चेहरे खिल उठे।



पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि योगी सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यत्रियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिय स्मार्ट फोन योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू करने में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी योगी सरकार महिलाओं को स्वाभलंबी बनाने के लिय ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने के लिय प्रयासरत है। उन्होंने कहा मिशन शक्ति और महिला सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ने कहा कि स्मार्टफोन मिलने से आंगनवाड़ी कार्यकत्री अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अधिक प्रभावी और पारदर्शी तरीके से कर सकेंगी। विशिष्ट अतिथि मुड़िया धूरेकी नगर पंचायत की चेयरपर्सन अनुपम पाठक ने कहा कि स्मार्टफोन से बच्चों, गर्भवती, धातृरी महिलाओं, आदि लाभार्थियों से संबंधित योजनाओं की निगरानी एवं क्रियान्वयन में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा योगी सरकार तकनीकी उन्नयन के लिय पूरी तरह प्रयासरत हैं, इसीलिए डिजिटल सशक्तिकरण के विकास को अग्रसर है। इससे पूर्व सीडीपीओ अल्पना जौहरी ने विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अमित पाठक, चेयरमैन अनुपम पाठक, दुर्गेश वार्ष्णेय को प्रतीक चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। आंगनवाड़ी कार्यकत्री शोभा गुप्ता, एवं कल्पना मिश्रा ने मधुर स्वर में स्वागत गान प्रस्तुत किया।

संचालन शिक्षक साहू सार्वेंद्र ने किया। इस दौरान भाजपा नेता संनवीर पाल, सुनील सिंह एड, हिमांशू पाठक, ब्लॉक कॉर्डिनेटर आकाश कुमार, कल्पना शर्मा, शोभा रानी, सुनेना कश्यप, नीरज गोविल, आकांक्षा, रश्मि सक्सेना, रेनू गुप्ता, अंजू रानी, सुनीति गुप्ता, जुबेरा, आदि मौजूद रहे।

# सपा कार्यकर्ता आपसी तालमेल बनाकर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं: सतीश प्रेमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** समाजवादी पार्टी की विधान सभा क्षेत्र के जोन प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सतीश प्रेमी ने कहा कि भाजपा छल और कपट से किसी भी तरह पीडीए समाज का हक मारना चाह रही है।



ग्राम पैगा में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सतीश प्रेमी पूर्व प्रदेश कॉर्डिनेटर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ष्भारत सरकारष ने कहा कि जगह-जगह पीडीए समाज के लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा शासन में लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी तालमेल बनाकर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचने का आहवान किया। विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है, व्यापारी, किसान, नौजवान का उत्पीड़न किया जा रहा है। बैठक में अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व ब्लाक प्रमुख खजाना देवी, एड. सुरेंद्र सागर, ईशपाल सिंह यादव जिला सचिव, पूर्व नगर अध्यक्ष शाहनवाज खां, डा. आस मो. अमित मथुरिया, रिजवान खां, नगर अध्यक्ष फैजगंज मशरूर खां, सकलेन प्रधान, मेराज मो. खान, जीशान अली, एड. कपिल देव, कल्यान सिंह यादव, जयपाल सिंह यादव, सूरजपाल गिहार, विकास यादव, मोहित शर्मा, मुजफ्फर अली, संतोष यादव, पंच अली, राम मोहन यादव, बलवीर सिंह यादव, फरमान अली, मेवाराम, भुवनेश सागर, सुब्हान अली, राम. निवास यादव, ब्रह्मानंद, नरेश यादव, संजीव यादव, जोगि. ंदर सिंह, धर्मवीर, अख्तर अली, मोरपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, राजेंद्र सिंह, ववलेश यादव, सचिन यादव, सज्जन कुमार सिंह सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

# हजरत शाह सदरूददीन मियां रहमतुल्ला अलैह का उर्स मेला शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** नगर मैं बिसौली रोड स्थित दरगाह हजरत शाह सदरूद्दीन मियां रहमतुल्ला अलैह का 55वां 15 दिवसीय उर्स मेला गुरुवार को अकीदत के माहौल में कुरान ख्वानी के साथ आगाज हुआ उर्स के पहले दिन दरगाह परिसर में बड़ी संख्या में अकीदतमंद जुटे और पवित्र कुरान शरीफ की तिलावत कर मुल्क व कौम की तरक्की, अमन-चौन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।

उर्स के आगाज के मौके पर दरगाह को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया है, जिससे पूरा परिसर शिम होते ही रौशन गया। जैसे ही कुरान ख्वानी का सिलसिला शुरू हुआ, माहौल पूरी तरह रूहानी हो गया और अकीदतमंद इबादत में मशगूल हो गए। दरगाह कमेटी के सदस्यों ने बताया कि उर्स मेले के दौरान रोजाना विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें कव्वाली मुकाबले, नात-ख्वानी और दुआएं शामिल रहेंगी। इसके अलावा मेले में झूले, चरखी और अन्य मनोरंजन के साधन भी लगाए गए हैं।

# बाइक चोरी गैंग का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## चोरो के टारगेट पर नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद, 17 दो पहिया और 8 फोन बरामद



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** थाना फेज-1 पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों मिनकर अब तक 100 से ज्यादा दो पहिया वाहन चोरी कर चुके है। पुलिस ने इनके कब्जे से 17 चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी, 8 चोरी व स्नैचिंग के मोबाइल फोन 3 अवैध चाकू बरामद किए हैं। इनकी गिरफ्तारी सेक्टर-8 एफ-95 के पास खाली प्लॉट से की गई।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि इनके नाम सूरज उर्फ चीढ़ा,अनिल कुमार उर्फ गोलू और सुशील मिश्रा उर्फ बाबा के रूप में हुई है। तीनों आरोपी नोएडा के छिजारसी के रहने वाले है। ये नोएडा, दिल्ली-एनसीआर की कॉलोनियों, सोसायटियों और फैक्ट्रियों की पहले रेकी करते थे। इसके बाद मौका देखकर बाइक और स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी कर लेते थे। चोरी के वाहनों को कुछ दिन अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखते है।

इसके बाद सस्ते दामों में बेच दिया जाता था। आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल मोबाइल स्नैचिंग जैसी वारदातों में भी करते थे। इनके पास से बरामद 17 वाहनों में से 9 वाहन नोएडा और दिल्ली के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों से संबंधित पाए गए हैं। इनमें फेज-1, सेक्टर-63, इंदिरापुरम, गाजीपुर, कालिंदी कुंज, मंडावली और चाणक्यपुरी समेत कई क्षेत्रों से चोरी हुई बाइक और स्कूटी शामिल हैं।

**चीढ़ा पर 30 मुकदमे है दर्ज:** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य आरोपी सूरज उर्फ चीढ़ा पर नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में वाहन चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के करीब 30 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अन्य दोनों आरोपियों का भी लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। इसकी जानकारी अन्य जनपदों को भेजी गई है।

# संगम नगरी में संगम ब्रांड की शराब बिक्री से संतों में आक्रोश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** लाखों करोडो लोगों की धार्मिक आस्था का केन्द्र बनी तीर्थराज प्रयाग की संगम स्थली के नाम पर अब नशे का कारोबार फैल रहा है। संगम नाम से रामपुर डिस्टिलरी द्वारा तैयार अंग्रेजी ब्रांड की शराब बाजारों में धडल्ले से मंहगे दामों पर बेची जा रही है। इस आशय की जानकारी होने पर साधु संतों और धर्मगुरुओं ने आवाज बुलंद करनी शुरू की है। संगम नाम से शराब की बिक्री बंद कराने के लिए प्रयागराज के साधु संत देश के धर्मगुरुओं के साथ मिलकर बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं। अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्राह्मश्रम महराज वृन्दावन का कहना है कि कुछ अराजक तत्वों ने हमारे तीर्थराज प्रयागराज संगम के नाम पर अपनी शराब का नाम श्संगमश् रखा है। ये विद्रोह की चिंगारी को जन्म देने जैसा है। समय रहते चेत जाएं, अन्यथा उनको चेताने के लिए सारा समाज एकजुट होकर खड़ होगा। संगम एक विश्व की धरोहर है, विश्व की आस्था उस संगम के साथ जुड़ी हुई है। विश्व के लोग अपने तमाम पितरों के पिंडदान करने के लिए, अपने मृतक लोगों के अस्थियों को लेकर संगम पर जाते हैं जहाँ पर विसर्जन करते हैं। सबकी आस्था उससे जुड़ी हुई है। इसलिए सारा समाज आक्रोशित है। अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पीठाधीश्वर स्वामी रामास्वामी शास्त्री स्वामी महराज गढवा श्रृंगवेरपुरधाम का कहना है कि मैं इसका पुरजोर विरोध करता हूं। हमारी सनातन संस्कृति को बदनाम करने के लिए शराब जैसी वस्तु का नाम श्संगमश् रखा जाए, यह न्यायोचित नहीं है। मांग करता हू कि इसका नाम श्संगमश् कभी भी, किसी भी कीमत में होना नहीं चाहिए। संगम तो गंगा-यमुना-सरस्वती का परम पवित्र मिलन है, और उसका नाम अल्कोहल में? यह हमको स्वीकार्य नहीं है। जगदगुरू अनंताचार्य महराज द्धअमृत दास जीऋ दमोह, मध्म प्रदेश ने कहा कि शराब के ब्रांड का नाम ष्संगमष् कतई मंजूर नहीं। जिस तीर्थराज प्रयाग में स्नान करके मुक्ति की कामना करते हैं।

### मरीज रेफर न करने पर परिजनों का हंगामा

**नोएडा।** सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में गुरुवार को मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर नहीं करने पर परिजनों ने हंगामा किया। डॉक्टरों के आश्वा. सन के बाद मामला शांत हुआ। मरीजों के परिजनों ने गंभीर मरीजों के दूसरे अस्पताल में रेफर नहीं करने और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर सीएमएस कार्यालय के सामने हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का इलाज इसी अस्पताल में ही किया जा रहा है, लेकिन अस्पताल के पास सुविधा नहीं है। इलाज में भी लापरवाही बरती जा रही है। अव्यवस्था की शिकायत करने पर बद्तमीजी की जाती है।

# नोएडा प्राधिकरण ने उद्यान कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**लापरवाही पर जताई नाराजगी**




शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने गुरुवार को बोर्ड रूम सभागार में उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों में देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तय समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान उद्यान खंड-प्रथम के अंतर्गत डी-पार्क सेक्टर-62 के नवीनीकरण कार्य में हो रही देरी पर एसीईओ ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 15 सितंबर 2026 तक कार्य पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही वाइब्रेशन पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों में शिथिलता बरतने पर संबंधित उप निदेशक (उद्यान) और सहायक निदेशक (उद्यान) से स्पष्टीकरण भी मांगा गया। बैठक में उद्यान खंड-द्वितीय के अंतर्गत चंपियन पार्क सेक्टर-94 के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि 15 जुलाई 2026 तक पार्क का संपूर्ण विकास कार्य पूरा कर लोकार्पण की तिथि निर्धारित की जाए। इसके अलावा उद्यान खंड-तृतीय के अंतर्गत डियर पार्क सेक्टर-91 के लंबित कार्यों को तेजी से पूरा कराने और पार्क के मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-167 में प्रस्तावित लेक-व्यू पार्क के आकलन की रिपोर्ट तीन दिन के भीतर तैयार कर प्रस्तुत करने को भी कहा गया।

बैठक में आगामी मानसून को देखते हुए शहर के विभिन्न सेक्टरों में सड़क किनारे लगे पुराने और जर्जर पेड़ों की छंटाई तथा झुकी हुई शाखाओं को हटाने के निर्देश भी जारी किए गए। अधिकारियों से कहा गया कि नागरिकों और वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई समय रहते पूरी की जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए एसीईओ ने सभी संविदाकारों और विभागीय कर्मचारियों के कार्य समय में बदलाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों से सुबह 7:30 बजे से कार्य शुरू कराया जाए, ताकि दोपहर की तेज गर्मी में काम प्रभावित न हो और कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर न पड़े। बैठक के दौरान सभी उद्यान अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों की आवासीय कल्याण समितियों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। एसीईओ ने कहा कि स्थानीय स्तर पर मिलने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे शहर के पार्कों और हरित क्षेत्रों का बेहतर रखरखाव हो सके। नोएडा प्राधिकरण की इस समीक्षा बैठक को शहर के पार्कों और हरित क्षेत्रों को अधिक व्यवस्थित और आकर्षक बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, एक की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-67 में ट्रक ने बुधवार रात बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। फेज-3 थाने की पुलिस ने मृतक के जीजा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिल्ली के शाहीन बाग निवासी शेख आजम ने पुलिस को बताया कि उनका साला प्यारूद्दीन मिर्जा वर्तमान में सेक्टर-63 स्थित छिजारसी में रहता था। वह एक फैक्टरी में नौकरी करता था। उसके साथ बहलोलपुर गांव निवासी दोस्त अनिल कुमार भी फैक्टरी में काम करता है। बुधवार रात करीब 8.30 बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे।जैसे ही दोनों सेक्टर-67 पहुंचे तो पीछे से एक तेज गति से चलाकर आ रहे हरियाणा नंबर के ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। पीड़ित के अनुसार इस घटना में प्यारूद्दीन मिर्जा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि ट्रक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एसी फटने से घर में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बीटा सेक्टर में बुधवार रात एक मकान में एसी फटने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। यह घटना बीटा 2 थाना क्षेत्र के सेक्टर बीटा 1 स्थित मकान नंबर ई-166 के फर्स्ट फ्लोर पर रात करीब सवा दस बजे हुई। यह मकान अमित कुमार का बताया जा रहा है। एसी में हुए ब्लास्ट के बाद आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।आग लगते ही घर में मौजूद लोग तुरंत नीचे उतरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

## छात्र हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में एलएलबी छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी वीर सिंह को भी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। वीर सिंह पर छात्र को तीन गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। इससे पहले सुबह भी पुलिस ने इस मामले के एक अन्य आरोपी टिल्लू उर्फ मंगेश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। यह घटना 5-6 मई 2026 की रात साकीपुर गांव में हुई थी। घर के सामने नाली के कचरे को जलाने को लेकर हुए विवाद में आरोपी टिल्लू, वीर सिंह और अन्य लोगों ने 25 वर्षीय साजन की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# नौ को होगा नृत्य फोलिक डांस एकेडमी का समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** नृत्य के क्षेत्र में सुपरिचित नाम ह्नृत्य फोलिक डांस एकेडमीह्न की संस्थापिका और कथक गुरु ष्पल्लवी प्रजा. पतिष के मार्गदर्शन में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम - कलायात्रा सीजन-3, का आयोजन शनिवार 09 मई को कैसरबाग स्थित राय उमानाथ आडिटोरियम में किया जा रहा है।

इस वार्षिकोत्सव में एल्डिको सिटी स्थित नृत्य फोलिक डांस एकेडमी के 4 से 30 वर्ष की आयु तक के जोशीले प्रतिभागी भारतीय शास्त्रीय, उपशास्त्रीय और फ्यूजन नृत्य की मनोरम प्रस्तुतियां देंगे। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कथक नृत्यांगना एवं गुरु डा. आकांक्षा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. एस.पी.मिश्रा, भरत सिंह बिष्ट, आकांक्षा आनंद, लवीना जैन और लवली घिल्डियाल को आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को ट्राफी, सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित भी किया जाएगा। पल्लवी प्रजापति के अनुसार कलायात्रा कार्यक्रम वास्तव में भारतीय संस्कृति की अविरल यात्रा है।

### डाकघर में आधार कार्ड का एक और काउंटर खुलेगा

**नोएडा।** सेक्टर-19 स्थित डाकघर में आधार कार्ड बनाने के लिए तीसरी काउंटर शनिवार से शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए सिस्टम इंस्टॉल हो गया है। उसका परीक्षण भी हो चुका है। ज्योग्राफिकल टैगिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हेड पोस्ट मास्टर मनोज कुमार ने बताया कि दो आधार सेवा काउंटर हैं। इसमें रोजाना 150 से अधिक नए आधार कार्ड बनते हैं और त्रुटियों को ठीक किया जाता है। आधार कार्ड अपडेट कराने वालों की भीड़ बढ़ रही है। इस कारण एक और काउंटर बनाया गया है। इसके शुरू होने के बाद रोजाना 250 से अधिक नए आधार कार्ड बनाए जा सकेंगे। आधार कार्ड का काम भी हो सकेगा।नया काउंटर शुरू होने से लोगों की भीड़ कम होगी।

# सिगरेट-कोल्डड्रिंक के ओवररेट पर जमकर चले लात-घूसे, एक का दांत टूटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** फेज दो थाना क्षेत्र के ककराला गांव में दो पक्ष दुकान पर सिगरेट और कोल्डड्रिंक के ओवररेट को लेकर आमने-सामने आ गए। ग्राहक और दुकानदार के बीच में विवाद के दौरान वहां कोल्डड्रिंक सप्लाई करने वाला भी उलझ बैठा।

थप्पड़ और घूसेबाजी होने पर विवाद बढ़ता चला गया। लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर भेज दिया था, लेकिन कुछ देर बाद दोनों पक्षों ने अपने-अपने साथियों को बुलाकर एक-दूसरे से मारपीट की थी। हमले में एक पक्ष से व्यक्ति का दांत टूट गया, जबकि दूसरे पक्ष की किशोरी के पेट में चोट आई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ फेज दो थाने में मुकदमे दर्ज कराए। पुलिस ने एक आरो. पित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ककराला गांव के उस्मान कोल्डड्रिंक सप्लाई का काम करते हैं। उनका भाई रहमान शनिवार रात करीब 11 बजे दुक. ानदार राशिद की दुकान पर सप्लाई करने गया था।

**कोल्डड्रिंक के रेट को लेकर हुआ था विवाद:** वहां पर मदिने होटल के मालिक व नौशाद के साले से कोल्डड्रिंक के रेट को लेकर विवाद हो गया था। नौशाद का साले ने बहस करते हुए मारपीट की थी।

रहमान की सूचना पर उस्मान व उनके माता-पिता मौके पर पहुंचे थे। नौशाद के साले ने महराज, खान, हाजी, इजाजू समेत 10 लोगों को बुलाकर लोहे की राड आदि से मारपीट की थी। हमले में उस्मान का दांत टूट गया था। उन्होंने पुलिस से शिकायत कर मेडिकल कराया था। उधर, मोमिना के पति रहीस घर के बराबर में दुकान पर सिगरेट पीने गए थे। वहां पर सिगरेट के 12 के बजाय 14 रुपये लेने का विरोध किया था। वहां खड़े रहमान ने 14 रुपये नहीं देने पर दुकान से दफा करने की बात बोली थी।

# शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 56.93 लाख रुपये ठगे




शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने गिझौड़ गांव में रहने वाले आईटी कंपनीकर्मी को शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 56.93 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पीड़ित को व्हाट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट पर शेयर खरीदने के नाम पर 24 बार में रुपये ट्रांसफर कराए। साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-144 स्थित आईटी कंपनी में नौकरी करते हैं। इसी साल नौ फरवरी को उनके व्हाट्सऐप नंबर को मार्केट इंफॉर्मेशन कंसल्टिंग क्लब (308) नाम के एक ग्रुप में जोड़ा दिया गया। ग्रुप में शेयर मार्केट और ऑनलाइन ट्रेडिंग से जुड़ी जानकारी दी जाती थी। ग्रुप में जुड़े कई लोग निवेश करने और मुनाफे की जानकारी साझा कर रहे थे। ट्रांजेक्शन के स्क्रीन शॉट भी डाल रहे थे। शुरुआत में ग्रुप में दी गई टिप्स से अच्छा मुनाफा दिखाकर उनका भरोसा जीता गया। इसके बाद ग्रुप के एडमिन ने विकास कुमार को एम. कैलामोसाडू डॉट कॉम नाम की एक फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग वेबसाइट पर निवेश करने के लिए कहा। ठगों ने दावा किया कि यहां निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलेगा। पीड़ित ने 24 फरवरी को पहली बार 50 हजार रुपये निवेश किए। धीरे-धीरे उन्हें ज्यादा रिटर्न का लालच दिया गया और 11 अप्रैल तक उन्होंने कुल 24 बार में 56 लाख 93 हजार रुपये अलग-अलग बैंक खातों में भेज दिए। वेबसाइट पर उनके खाते में लगातार मुनाफा दिखाया जा रहा था, लेकिन जब उन्होंने रकम निक. ालने की कोशिश की तो ठगों ने टैक्स, प्रोसेसिंग फीस और अकाउंट वेरिफिकेशन के नाम पर और रुपये जमा कराने की मांग शुरू कर दी। रकम जमा नहीं करने पर निकासी रोक दी गई। पीड़ित ने कई बार उन्हें कॉल और मैसेज किया, लेकिन ठगों ने संपर्क तोड़ लिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने 12 अप्रैल को राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई।

**गुजरात, तमिलनाडु, बिहार और महाराष्ट्र के खातों में गई रकम:** पुलिस के मुताबिक ठगों ने पीड़ित को झांसे में लेकर बोला कि उन्हें बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर करनी होगी, जिसे वे लोग निवेश कर देंगे, लेकिन इस तरह कभी ट्रेडिंग नहीं होती है। वहीं ठगों ने खाते बदल-बदलकर उन्हें रुपये भेजने के लिए बोला। जांच में सामने आया है कि रकम गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बैंक खाते ट्रांसफर की गई है। पुलिस अब खाताधारकों और फर्जी ट्रेडिंग नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

**साइबर ठगी होने पर यहां करें शिकायत:** साइबर ठगी होने पर जितना जल्दी शिकायत दर्ज कराएंगे, उतनी जल्दी राशि फ्रीज कराने में आसानी होगी। ठगी होने के 24 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 1930 या नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल(एनसीआरपी) पर शिकायत अवश्य दर्ज करा दें।

# नोएडा हिंसा मामले की होगी मजिस्ट्रियल जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर में हाल ही में श्रमिकों और कामगारों द्वारा किए गए धरना प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसक घटनाओं की अब मजिस्ट्रियल जांच होगी। यह निर्णय कानून-व्यवस्था और लोक व्यवस्था पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए लिया गया है। अपर पुलिस आयुक्त, मुख्यालय, गौतम बुद्ध नगर, अजय कुमार ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी है। बीती 13 अप्रैल 2026 को थाना फेस-2 और थाना सेक्टर-63 में दो अलग-अलग स्थानों पर श्रमिकों द्वारा किए गए धरना प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया था। इन घटनाओं के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ गई थी, जिसके चलते पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित करना पड़ा।इन संपूर्ण घटनाओं की गहन मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि किन कारणों और कारकों से जगह-जगह हिंसक प्रदर्शन हुए, तथा किन व्यक्तियों या संगठनों के उकसावे पर यह उपद्रव और हिंसा भड़की।इस मजिस्ट्रियल जांच के संबंध में, सर्वसाधारण से सहयोग की अपील की गई है। यदि किसी भी व्यक्ति के पास उक्त घटनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी है, या वे अपना मौखिक/लिखित साक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य (जैसे ऑडियो या वीडियो) प्रस्तुत करना चाहते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **28/05/2026** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 04402026 dated 07.05.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 01-Sr.DEN-IV-LKO/2026-27 |
| 3 | कार्य का नामः वरि० मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ-लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल इंजिनियर-द्वितीय/सुलतानपुर के अधीन जफराबाद-सुलतानपुर सेक्सन मे समपार सं. 10C, 17/C, 20/C, 22/C, 37/C, 38/C, 40/C, 43/C, 44/C, 45/C, 49/C, 53/C, 56/C, 57/C, 61/C, 62/C, 63/C, 67/C व 67/C (कुल = 18 न.) और अयोध्या कैंट-पीपरपुर सेक्सन मे समपार सं. 2/C, 5/C, 7/C व 36/C (कुल = 4 न.) और सहायक मंडल इंजिनियर-प्रथम/सुलतानपुर के अधीन सुलतानपुर-उतरेटिया सेक्सन मे समपार सं. 87/C, 91/C, 110/C, 111/C, 112/C, 114/C, 122/C, 126/C, 130/C, 132/C, 134/C, 137/C, 155/C, 160/C, 164/C, 169/A, 177/C & 180/C (कुल = 18 न.) बने एल०एच०एस० से जल निकासी का कार्य (कुल = 40 न.)। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 4719254.29 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 94400.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 14/05/2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28/05/2026 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1524/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखन मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापि सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-सिग/टेंडर/10/2026-27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के एडीएसटीई एवाई सेक्शन में सीटीआर/टीटीआर कार्य के साथ-स सिग्नलिंग कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 5136407.64/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 102700.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 28.05.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई- निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइ www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत न की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0 सं0 - 106-सिग/टेंडर/10/2026-2**

दिनांकः 06.05.2026 1533/202

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### जिम्स में एडवांस पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** क्लबफुट, डेवलपमेंटल डिस्प्लेसमेंट ऑफ हिप (डीडीएच), अंगों की विकृतियों और जटिल फ्रैक्चर से जूझ रहे बच्चों के इलाज की सुविधा जिम्स में शुरू हो गई है। जिम्स की सुविधाओं के निरीक्षण पर आए मुख्य अतिथि भारत के पूर्व औषधि नियंत्रक जनरल (डीजीसीए) और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार जीएन सिंह ने एडवांस पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की सार्वजनिक-निजी भागीदारी स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान के लिए बुकिंग शुरू

**15 जून से शुरू होगी फ्लाइट सेवा, डीएक्सएन कोड से होगी एयरपोर्ट की पहचान**



शाह टाइम्स संवाददाता

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान के लिए यात्री टिकट गुरुवार शाम से बुकिंग शुरू हो चुकी है। एयरपोर्ट पर 15 जून से पहली विमान सेवा शुरू होनी है। पहली फ्लाई नोएडा से लखनऊ तक की होगी। मेक माई ट्रिप पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहचान डीएक्सएन कोड से होगी। हालांकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर यह कोड पिछले कुछ महीने से दिख रहा है। लेकिन सर्च करने पर फ्लाइट नहीं दिखा रहा था। ऐसे में यह सभी जानकारी गुरुवार से ऑनलाइन हो सकती।

बता दें, पहले फेज के तहत 1334 हेक्टेयर में एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है। इसमें 3900 मीटर लंबा रनवे, एक टर्मिनल भवन, एटीसी टॉवर और 30 एकड़ में कार्गो हब शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। अब यहां से घरेलू और कार्गो उड़ान शुरू करने की तैयारी चल रही है।

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) ने बताया कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) से एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम मंजूर होने के बाद अधिकारिक तौर से उड़ान के लिए 15 जून तय की गई है। शुरुआत में इंडिगो एयरलाइंस ही अपनी सेवा देगी। इसके बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एयरलाइंस भी सेवा शुरू करेगी। पिछले दिनों यापल की बोर्ड बैठक में 17 शहरों के लिए उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव मिला था।

**30 दिन पहले से होगी टिकट बुकिंग:** एयरपोर्ट पर उड़ान से 30 दिन पहले टिकट बु. किंग सेवा शुरू करने का नियम है। ऐसे में आज होने वाली मीटिंग का इसका फैसला संभवता हो सकता है। वहीं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान के पहले दिन से ही बस सेवा शुरू हो जाएगी। राज्यों के परिवहन निगम ने बस संचालन को लेकर अपने रूट तय कर लिए हैं। एयरपोर्ट से उत्तरप्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड तक बसें चलेगी।

**रनवे के लिहाज से एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 5 रनवे बनाए जाने हैं। यहां छठवां रनवे भी बनाया जा सकता है। इसके बाद ये एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया का छठवें नंबर का एयरपोर्ट होगा। रनवे के लिहाज से एशिया में चीन का शंघाई पुडोंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट सबसे बड़ा है।

# मादा तेंदुआ ने बच्चों के रहने का बदला स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिलारी।** धनुपुरा तुरखेड़ा में तड़के मादा तेंदुआ पहुंची और एक-एक बच्चे को उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले गई। तेंदुए की चहल कदमी के बाद में ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।



बच्चों के साथ छेड़छाड़ होने पर मादा तेंदुआ खूंखार होने की संभावना भी है। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से आग्रह किया है कि खेतों में अकेले ना जाएं, अकेले ना घूमें। अरविंद सिंह की ईख में तेंदुए के साथ तीन शावक पाए गए थे। नन्हें शावक पाए जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत हो गया था। जिसके बाद गन्ने के उस क्षेत्र को ऐसे ही खाली छोड़ दिया था ताकि तेंदुए के बच्चे वहां सुरक्षित रह सके। वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची थी। जहां उन्होंने मौके का मुआयना किया। एक दिन पूर्व मादा तेंदुआ बच्चों को लेने के लिए नहीं पहुंची। मगर बीती रात मादा तेंदुआ उसे स्थान पर पहुंची जहां उनके शावक थे। लिहाजा एक-एक शावक को उठाकर मादा तेंदुआ अन्य स्थान पर ले गई। वन क्षेत्र अधिकारी रिंजुल कंसल ने बताया कि ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि खेतों पर अकेले ना जाएं, वहीं जहां तेंदुए आदि के पद चिन्ह आदि पाए जाए तो वन विभाग को सूचित करें।

# बारिश के साथ आई आंधी से आम के बागों को भारी नुकसान कई जगह पेड़ भी गिरे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दिनभर चिलचिलाती धूप के बाद बादलों का भी आना जाना रहा। लेकिन रात गहराते ही मौसम का मिजाज बदल गया। मध्यरात्रि को तेज हवाओं के बीच गरज चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम तो सुहाना हुआ लेकिन बिजली कट गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गुरुवार को बारिश के कारण किसानों के चेहरे खिल उठे यह बारिश गन्ने की फसल के लिए लाभकारी बताई जा रही हैस आंधी और तेज हवा के कारण अनेक पेड़ गिर गए और आम की फसल को नुकसान होने की खबर हैस कल सुबह से ही मौसम का मिजाज साफ था, दिनभर चिलचिलाती धूप के बाद अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान भी 21.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण मौसम के मिजाज में परिवर्तन आया है। जिसके कारण कुछ क्षेत्रों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई थी। नगर एवं क्षेत्र में गुरुवार को भी बारिश हुई जगह-जगह जल भराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## शांति और सद्भाव के संदेश के साथ ऐतिहासिक बैशाखी मेले का भव्य आगाज

**सुरजननगर।** क्षेत्र के अंतर्गत फीका नदी के तट पर स्थित श्री श्री 108 नलो बाले बाबा मंदिर परिसर में इस वर्ष भी पारंपरिक बैशाखी मेले का अत्यंत उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। मेले का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि साधना देवी पत्नी स्वर्गीय पूर्व सांसद सर्वेश कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रपाल सिंह और नवीन कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मेला कमेटी ने स्वर्गीय सर्वेश कुमार की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। घ्मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बैशाखी मेला समाज में शांति, एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित करने का एक सशक्त माध्यम है। मेला कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि यह मेला अत्यंत प्राचीन है और इस बार 15 दिवसीय आयोजन में व्यापक तैयारियाँ की गई हैं।इस गरिमामयी अवसर पर संजय गांधी, गणेश सिंह, मिंटू कुमार, विमल बिश्नोई, और भूपेंद्र चौहान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मेले के पहले ही दिन से दुकानों पर खरीदारी के लिए भारी जनसमूह उमड़ पड़ा है।



## एक नजर

### मुरादाबाद में डीएम की अनोखी पहल, अब 'एक पुष्प-एक पुस्तक' देगा ज्ञान का संदेश

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने समाज में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने और पुस्तकों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल शुरू की है। डीएम ने "एक पुष्प-एक पुस्तक" अभियान की शुरुआत करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी से मुलाकात या सम्मान के अवसर पर फूलों के साथ एक पुस्तक भी भेंट करें।डीएम का मानना है कि वर्तमान समय में लोगों की पुस्तकों से दूरी बढ़ती जा रही है, जबकि किताबें व्यक्ति के ज्ञान, विचार और व्यक्तित्व को समृद्ध बनाती हैं। उन्होंने कहा कि यदि सामाजिक और प्रशासनिक कार्यक्रमों में पुस्तकों को सम्मान के प्रतीक के रूप में शामिल किया जाए तो पढ़ने की आदत को नई दिशा मिल सकती है।इस पहल के तहत प्रशासनिक बैठकों, सम्मान समारोहों और अन्य आयोजनों में भी पुस्तक भेंट करने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि एक पुस्तक केवल उपहार नहीं बल्कि ज्ञान और सकारात्मक सोच का संदेश होती है। इससे नई पीढ़ी को भी पढ़ाई और साहित्य की ओर प्रेरणा मिलेगी।डीएम की इस अनूठी मुहिम को जनपदभर में सराहना मिल रही है। शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और साहित्य प्रेमियों ने इसे समाज के लिए सकारात्मक पहल बताया है। वहीं मंडल स्तर पर भी इस अभियान को बढ़ावा देने की चर्चा शुरू हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि इस तरह की पहल लगातार जारी रही तो पुस्तक संस्कृति को नया जीवन मिल सकता है।"एक पुष्प-एक पुस्तक" अभियान अब मुरादाबाद में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे ज्ञान व संस्कार से जोड़कर देख रहे हैं।





### आरटीई प्रवेश में लापरवाही पर बीएसए सख्त, कई स्कूलों को जारी हुए नोटिस

**मुरादाबाद।** जनपद में राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत बच्चों के प्रवेश को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने चयनित बच्चों को प्रवेश न देने वाले कई निजी विद्यालयों को नोटिस जारी करते हुए तत्काल प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।बीएसए ने स्पष्ट कहा कि आरटीई के तहत चयनित प्रत्येक पात्र बच्चे का स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। यदि किसी विद्यालय द्वारा जानबूझकर प्रवेश प्रक्रिया में देरी की जाती है या नियमों की अनदेखी की जाती है तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक 6 हजार से अधिक बच्चों का आरटीई के तहत प्रवेश कराया जा चुका है। यह कुल लक्ष्य का करीब 84 प्रतिशत है। शेष बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया भी तेजी से पूरी कराई जा रही है। विभाग लगातार स्कूलों की निगरानी कर रहा है और अभिभावकों से मिल रही शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।बीएसए ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि किसी विद्यालय द्वारा प्रवेश में अनावश्यक बाधा उत्पन्न की जाए तो इसकी शिकायत तुरंत शिक्षा विभाग से करें।विभागीय अधिकारियों के अनुसार कई विद्यालयों ने नोटिस मिलने के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग का प्रयास है कि कोई भी पात्र बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। आरटीई प्रवेश को लेकर विभाग की सख्ती से अभिभावकों में भी राहत और संतोष का माहौल देखा जा रहा है।



### जनगणना प्रक्रिया में विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने निभाई सहभागिता

**बिलारी।** जनगणना 2027 की प्रक्रिया के अंतर्गत बिलारी के लो. कप्रिय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने अपने आवास पर परिवार की स्व-गणना कर जनगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से जनगणना प्रक्रिया पूरी कराई तथा लेखपाल बिलारी संजू सिंह, नगर पालिका परिषद बिलारी के कर्मी अरविंद सिंह, दीपक शर्मा,और सहयोगियों के साथ जानकारी साझा की। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार होती है। सही और सटीक जानकारी से सरकार को जनहित की योजनाएं बनाने में सहायता मिलती है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जनगणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सही जानकारी उपलब्ध कराकर इस जनगणना अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश के विकास और संसाधनों के बेहतर वितरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भी जनगणना प्रक्रिया को सरल और उपयोगी बताते हुए इसमें सहयोग करने का संकल्प लिया।



### प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के संचालन के लिए होगी प्रबंध समिति गठित

**कांठ ( शाह टाइम्स )**स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सशक्त बनाने की जिम्मेदारी अब सिर्फ सरकार की नहीं होगी, बल्कि समाज भी इसमें हाथ बंटाएगा। इस दिशा में शिक्षा मंत्रालय ने एक बड़ी पहल की है। इसके तहत प्रत्येक सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के संचालन का जिम्मा अब प्रबंधन समिति संभालेगी। जिसके अध्यक्ष से लेकर 75% सदस्य बच्चों के अभिभावक व संरक्षक होंगे। समिति के सचिव स्कूल के प्राचार्य होंगे। समिति का कार्यकाल दो वर्षों के लिए होगा। बच्चों को बेहतर शिक्षा न मिलने, शिक्षकों के समय से न आने जैसी शिकायतों को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए समाज को जोड़ने की यह पहल की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को स्कूल प्रबंधन समिति को लेकर एक विस्तृत दिशा- निर्देश जारी किए है।

## प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड करने के फैसले का व्यापारियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई चन्दौसी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों को पोस्टपेड व्यवस्था में बदलने के निर्णय का स्वागत किया है। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में व्यापारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और इसे व्यापारी एवं आम उपभोक्ता वर्ग की बड़ी जीत बताया।

नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि प्रीपेड मीटर व्यवस्था से व्यापारियों को हमेशा कारोबार प्रभावित होने का डर बना रहता था। बैलेंस समाप्त होते ही बिना पूर्व सूचना बिजली आपूर्ति बंद हो जाती थी, जिससे दुकानदारों और छोटे व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब पोस्टपेड व्यवस्था लागू होने से व्यापारिक गति. विधियां सुचारू रूप से चल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रीपेड मीटरों में उपभोक्ताओं को अधिक बिलिंग और तकनीकी खामियों की शिकायतें भी लगातार मिल रही थीं। सरकार के इस निर्णय से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। साथ ही अब बिजली बिल जमा करने के लिए 15 दिन का समय मिलेगा तथा बकाया राशि को 10 किस्तों में जमा करने की सुविधा भी दी गई है। व्यापारियों ने सरकार के इस फैसले को जनहितकारी बताते हुए बिजली विभाग में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी उठाई। इस अवसर पर दीपक वार्ष्णेय, निशांत शर्मा, रितिक वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, गुल हसन, अंशुल गौतम, धर्मेश राणा और तुषार सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# मुरादाबाद रेलवे मंडल में मनाया गया 'विद्युत सुरक्षा सप्ताह', कर्मचारियों को दिए सुरक्षा के टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे मंडल मुरादाबाद में 1 मई से 7 मई तक "विद्युत सुरक्षा सप्ताह" का आयोजन किया गया। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के निर्देश तथा वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य जन्मेजय उपाध्याय के निर्देशन में चलाया गया। सप्ताह भर चले इस अभियान के दौरान मुरादाबाद रेलवे मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर विद्युत सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। रेलवे विद्युत कर्मचारियों द्वारा स्टेशनों पर विद्युत सुरक्षा संबंधी पोस्टर लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही विद्युत सुपरवाइजरों ने कर्मचारियों को विद्युत कार्य करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कर्मचारियों को बताया गया कि विद्युत कार्य के दौरान छोटी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता जन्मेजय उपाध्याय ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत संबंधी कार्य करते समय जीवन सुरक्षा को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण जैसे सेफ्टी शूज, सेफ्टी बेल्ट, सेफ्टी हेलमेट आदि का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए। साथ ही विद्युत कार्यों के दौरान अर्थिंग रॉड का प्रयोग सुनिश्चित करने और मेंटेनेंस कार्य के समय किसी भी प्रक्रिया को बायपास न करने के निर्देश दिए गए।अभियान के दौरान मंडल के सभी विद्युत सुपरवाइजर और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रेलवे प्रशासन ने इसे कर्मचारियों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।



## हस्तशिल्पियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों की घोषणा 16 जून तक करें आवेदन

**मुरादाबाद।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने जनपद के आर्टिजन कार्ड धारक समस्त हस्तशिल्पियों को सूचित किया है कि वर्ष 2026-27 के लिए उ0प्र0 राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार एवं दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।पात्रता शर्तें: हस्तशिल्पी की न्यूनतम आयु 25 वर्ष या उससे अधिक हो। हस्तशिल्प क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव हो। हस्तशिल्प विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा प्रदत्त हस्तशिल्पी पहचान पत्र होना अनिवार्य है। पुरस्कार हेतु कलाकृति फ्रेम में जड़ित होनी चाहिए। राज्य पुरस्कार एक हस्तशिल्पी को केवल एक बार ही दिया जाएगा। जिन हस्तशिल्पियों को पहले राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार मिल चुका है, वे इस विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे।उपायुक्त ने बताया कि इच्छुक हस्तशिल्पी कार्यालय से निर्धारित फॉर्मेट प्राप्त कर तीन प्रतियों में समस्त अनुलग्नकों तथा मूल कलाकृति सहित 16 जून 2026 तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को 10 वर्ष का कारावास अपराध किया है, तो सजा जरूर पाओगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अदालतों में अब त्वरित न्याय की नई तस्वीर दिखाई देने लगी है। वर्षों तक तारीख पर तारीख की पहचान रखने वाली न्यायिक प्रक्रिया में बदलाव नजर आ रहा है। मई 2025 के बाद से जनपद न्यायालय संभल में कई मामलों में तेजी से सुनवाई कर पीडिघ्तों को शीघ्र न्याय दिलाया जा रहा है। इससे जहां पीडिघ्त परिवारों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा मजबूत हुआ है, वहीं अपराधियों में कानून का भय भी बढ़ा है। जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट एवं अपर जनपद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह द्वारा लगातार त्वरित फैसले सुनाए जा रहे हैं। हाल ही में अदालत ने एक महत्वपूर्ण पॉक्सो मामले में सुनवाई पूरी कर दोषी को सजा सुनाई। मामला थाना हयातनगर क्षेत्र के ग्राम नूरपुर निवासी राजू पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम नूरपुर थाना हयातनगर जिला संभल से जुड़ा। अभियोजन के अनुसार वादी ने वर्ष 2020 में थाना हयातनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी 22 जून 2020 की शाम करीब छह बजे शौच के लिए जंगल गई थी। आरोप था कि राजू उसे बहला-फुसलाकर शादी के उद्देश्य से भगा ले गए। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चल सका था। गांव के ही एक व्यक्ति ने युवती को आरोपियों के साथ जाते हुए देखने की बात कही थी। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी राजू को दोषी करार दिया।



अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत तीन वर्ष के कारावास व तीन हजार रुपये अर्थदंड, धारा 366 के तहत पांच वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत आरोपी को 10 वर्ष के कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। न्यायालय के इस फैसले से पीडिघ्त पक्ष को राहत मिली है और समाज में यह संदेश गया है कि महिला एवं बाल अपराधों में अब तेजी से न्याय मिल रहा है।

## गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर व भारत रत्न पांडुरंग बामन काणे की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में कृष्णानगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर एवं भारत रत्न पांडुरंग बामन काणे की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता जीवन दास शर्मा ने तथा संचालन राजवीर सिंह ने किया। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान कवि, दार्शनिक, शिक्षाविद और समाज सुधारक थे। उनकी कृति 'गीतांजलि' के लिए उन्हें वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला, जो एशिया का पहला नोबेल सम्मान था। उन्होंने बताया कि टैगोर द्वारा रचित 'जन गण मन' भारत का तथा 'आमार सोनार बांग्ला' बांग्लादेश का राष्ट्रगान बना। उन्होंने भारत रत्न पांडुरंग बामन काणे के योगदान को भी याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं धर्मशास्त्रों के संरक्षण में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'धर्मशास्त्र का इतिहास' भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत एवं कविताएं प्रस्तुत कीं। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# मौलागढ़ के प्रेमनगर में कीचड़ और गंदे पानी में गुजरने को मजबूर लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मौलागढ़ के प्रेमनगर मोहल्ले में मूलभूत सुविधाओं का अभाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। शहर से सटा होने के बावजूद यहां के हालात बेहद खराब हैं। गलियों में कीचड़, जलभराव और गंदगी का आलम ऐसा है कि लोगों का घर से निकलना तक दूभर हो गया है। मोहल्ले की कई गलियों में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते गंदा पानी सड़कों पर जमा रहता है। जगह-जगह बने गड्ढों में भरा पानी और कीचड़ राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। बरसात के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं। लोगों को मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत का कार्यकाल पांच वर्ष पूरा होने को है, लेकिन इस दौरान ग्राम प्रधान ने एक बार भी मोहल्ले में आकर हालात का जायजा नहीं लिया। लोगों में इस बात को लेकर काफी रोष है कि शहर के नजदीक होने के बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं। मोहल्ले की गलियों में न तो पक्की सड़क है और न ही समुचित जल निकासी की व्यवस्था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मोहल्ले की सड़कों का निर्माण कराया जाए और जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की भी मांग उठाई है।



# शिवसेना ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित, बढ़ाया उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शिवसेना द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के टॉपर्स विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवसेना के मुरादाबाद जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने मां भवानी एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान "जय भवानी, जय शिवाजी" और "भारत माता की जय" के नारों से वातावरण गूंज उठा। जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है और मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को हमेशा आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए करीब 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने शिवसेना टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना ने कार्यक्रम में आए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करते हैं और शिवसेना मुरादाबाद जिले की प्रत्येक तहसील में इस प्रकार के आयोजन लगातार करती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता संजय सक्सेना ने किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा, जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, भाटिया जी, श्रीकांत गुप्ता, अरुण ठाकुर, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, हरी बाबू, सुशील शर्मा, महेश सिंह, संतोष कुमार, विनोद यादव, दिनेश आजाद, भूरा भाई, कुश सक्सेना, रवि शंकर रस्तोगी, अमन गुरुजी, अभिषेक शर्मा, अमित सक्सेना, परमानंद सक्सेना, दिनेश प्रजापति, अमित गुप्ता, मयूर गुप्ता, सौरव सक्सेना, विशाल गुप्ता, गौतम विजय माथुर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।





# कानून व्यवस्था से चुनाव आयोग तक भाजपा पर बरसे नसीमुद्दीन सिद्दीकी

**■ बोले- प्रदेश में जनता असुरक्षित, निष्पक्ष चुनाव नहीं करा पा रही सरकार**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने बरेली स्थित सपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि यूपी में जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्रेसवार्ता के दौरान नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी लंबे समय से यह कहती आ रही है कि चुनाव निष्पक्ष तरीके से नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही साफ हो जाता है कि पूरी व्यवस्था एकतरफा ढंग से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में चुनावी गति. विधियां काफी पहले शुरू कर दी जाती हैं, जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में चुनाव प्रक्रिया कम समय में पूरी होती है। इससे कई तरह के संदेह पैदा होते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। सिद्दीकी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 95 प्रतिशत से अधिक मतदान होना सामान्य बात नहीं है। उनका दावा था कि नियमों के अनुसार इतनी अधिक वोटिंग होने पर पुनर्मतदान कराया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है। सपा नेता ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर भी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों से अधिकारियों की तैनाती कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती और जनता समय आने पर जवाब जरूर देती है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी ताकत के साथ तैयारी में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव लगातार संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं।

जातिगत जनगणना के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केवल सामान्य जनगणना नहीं, बल्कि जातिगत जनगणना भी कराई जानी चाहिए। उन्होंने भाजपा पर समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया।

# पेट्रोल टैंकर की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**■ मंडनपुर शुमाली में हादसे के बाद मचा कोहराम, चालक वाहन छोड़कर फरार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंडनपुर शुमाली में बुधवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई, जबकि गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मंडनपुर शुमाली निवासी शाहीन पुत्र जाकिर हुसैन बुधवार रात करीब नौ बजे मोटरसाइकिल से अपने घर के पास जा रहा था। इसी दौरान बहेड़ी की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे पेट्रोल टैंकर संख्या यूपी 81 सीटी 7704 ने पीछे से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि शाहीन की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर पड़ा और टैंकर उसे रौंदता हुआ आगे निकल गया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बहेड़ी पुलिस मौके पर पहुंच गई और टैंकर को कब्जे में ले लिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन बदहवास हो गए। गांव में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।

इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टैंकर को सीज कर दिया गया है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### प्रेमिका को छेड़ना युवक को पड़ा भारी

**पहले की पिटाई फिर किया पुलिस के हवाले**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के साप्ताहिक बाजार में आई पुरानी प्रेमिका को छेड़ना एक युवक को भारी पड़ गया। प्रेमिका ने पहले युवक की पिटाई लगाई।बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।युवती की शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए युवक को जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव रसूला चौधरी निवासी रामलखन कश्यप का थाना शाही इलाके के एक गांव की युवती से पिछले कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।एक वर्ष पहले युवती की शादी होने के बाद युवती ने उससे मोबाइल पर बात करनी बंद कर दी।

कस्बे की साप्ताहिक बाजार में गुरुवार को महिला अपनी मां के साथ खरीददारी करने आई थी। अचानक युवक रामलखन को दिख गई।युवक के दिल में पुराना प्यार जगा तो वह खुद को रोक नहीं पाया।उसने सरेआम युवती को पकड़ लिया। उसका मोबाइल छीनकर रोड पर पटक दिया।युवती को उसका यह व्यवहार नागवार लगा।उसने बाजार में ही युवक को पीटना शुरू कर दिया।यह देख लोगो का हज्जुम इकट्ठा हो गया।किसी की सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने हिरासत में ले लिया।फिर युवक का प्यार का भूत उतर गया।वह युवती के हाथ जोड़ता और पैर पकड़ता रहा।लेकिन युवती ने एक नहीं सुनी।पुलिस ने युवती की शिकायत पर युवक रामलखन को जेल भेज दिया।थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया युवक ने युवती के साथ अभद्रता की थी।जिसको लेकर उसके खिलाफ कार्यवाही करके जेल भेज दिया।

### घर में घुसकर मारपीट, चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा किसानान निवासी वेदपाल पुत्र टीकाराम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में मारपीट, घर में घुसकर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाया है।थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित वेदपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की रात करीब 9 बजे गांव के ही कल्लू, सोमपाल, मालदेई तथा अनीता पत्नी कल्लू उनके घर और दुकान में घुस आए। आरोप है कि सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षकों को स्व गणना करने का दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** भदपुरा विकासखंड के बीआरसी केंद्र क्योलड़िया में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में सभी प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया, जहां शिक्षकों को स्व गणना करने का प्रशिक्षण दिया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे बरेली जिलाधिकारी के आदेशानुसार 7 से 21 मई 2026 तक अपनी स्वयं की स्व गणना करें। इसके साथ ही, उन्हें अभिभावकों और समाज के अन्य नागरिकों को भी स्व गणना के लिए प्रेरित करने को कहा गया। विजय कुमार ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनकी प्राथमिकता है, जिसका लक्ष्य विकासखंड के सभी विद्यालयों को शनिपुणश बनाना है। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को छात्रों के शैक्षिक स्तर को बढ़ाने के लिए कई बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। इन निर्देशों में छात्रों के साथ इको क्लब गतिविधियों का नियमित आयोजन, प्रेरणा पोर्टल पर दैनिक उपस्थिति दर्ज करना, निपुण प्लस ऐप पर छात्रों का नियमित आकलन, शारदा पोर्टल पर ड्रॉपआउट छात्रों को अपडेट करना और आईसीटी व स्मार्ट क्लास का नियमित संच. ालन शामिल था।एआरपी मधुरेश दीक्षित ने सभी विद्यालयों में विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई शिक्षक संदर्शिका का उपयोग कर शिक्षण कार्य करने पर जोर दिया। संतोष गंगवार ने शिक्षकों को निपुण प्लस ऐप का नियमित उपयोग कर छात्रों का आकलन करने की सलाह दी।

एआरपी अरुण कुमार ने शिक्षकों से बाल वाटिका और स्कूल रेडीनेस के तहत शैक्षिक कार्यक्रमों का नियमित संचालन करने को कहा। उन्होंने छात्रों को शलर्निंग बाय डूइंगश विधि से रोचक तरीके से पढ़ाने पर भी बल दिया, ताकि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हो सके। इस आयोजन में ठाकुर दास राजपूत, देवल सर्वेश कुमार, राजवीर सिंह, रामवृज मौर्य, शशांक, अवधेश, अभिषेक, ओम बाबू, रामौतार, सुधांशु गंगवार सहित प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया।

### प्राथमिक विद्यालय के रसोई घर का ताला तोड़कर सिलेंडर सहित सामान चोरी, एक सप्ताह बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव हिमकरा के प्राथमिक विद्यालय के रसोई घर का ताला काटकर चोर उसमें रखा सिलेण्डर, भट्टी, भगौना चुरा कर फरार हो गए। घटना की एक सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका उर्वशी द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में गुजरी 29 अप्रैल की रात में अज्ञात चोर विद्यालय के रसोई घर का ताला काटकर उसमें रखा एक सिलेंडर, भट्टी और भगौना चुराकर ले गए। अगले दिन जब वह विद्यालय आईं तो उन्हें इसकी जानकारी हुई, जिस पर उन्होंने पुलिस को घटना की तहरीर दी। पुलिस ने एक सप्ताह बाद विद्यालय में हुई इस चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### बरेली में शुरू हुआ जनगणना-2027 का डिजिटल अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना" प्रक्रिया के तहत जनपद में स्व-गणना अभियान का शुभारंभ कर दिया गया है। भारत सरकार द्वारा इस बार डिजिटल माध्यम से जनगणना कराई जा रही है, जिसके अंतर्गत 07 मई से 21 मई 2026 तक नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्व-गणना कर सकेंगे। इसके बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर निर्धारित प्रश्नों की जानकारी एकत्र करेंगे।

उ०प्र० जनगणना निदेशालय के निर्देश पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्व-गणना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी बरेली के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान मंत्री अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, बिथरी चौनपुर विधायक राघवेन्द्र शर्मा, मीरगंज विधायक डीसी वर्मा, बरेली कैण्ट विधायक संजीव अग्रवाल तथा नगर निगम बरेली के महापौर उमेश गौतम ने स्व-गणना कर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जनपद के जनगणना प्रभारी राकेश कुमार सिंह एवं उपहार मिश्रा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को स्व-गणना की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि आयु, लिंग, साक्षरता और आर्थिक गतिविधियों जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक एवं आर्थिक आंकड़ों के संग्रह की राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर भविष्य की योजनाएं और नीतियां तैयार की जाती हैं। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने आमजन से अपील की कि वे भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाएं।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसके उपरांत उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार एवं जनगणना प्रभारी द्वारा बरेली मंडल के आयुक्त भूपेन्द्र एस चौधरी से भेंट की गई। आयुक्त ने स्वयं स्व-गणना कर जनपदवासियों से जनगणना-2027 के स्व-गणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। जनपद की सभी तहसील मुख्यालयों पर भी जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ स्व-गणना अभियान का शुभारंभ किया गया तथा आमजन से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

# एसडीएम ने कान्हा गोशाला का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** एसडीएम निधि शुक्ला ने गुरुवार को मीरगंज नगर पंचायत स्थित कान्हा गोशाला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोशाला में संरक्षित गोवंशों के लिए भूसा, हरा चारा एवं पेयजल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गोशाला में कर्मचारियों द्वारा मशीन से हरा चारा काटकर पशुओं को खिलाया जा रहा था।निरीक्षण के समय गोशाला में कुल 123 गोवंश संरक्षित मिले। एसडीएम ने गोवंशों को गुड़ खिलाकर उनका हाल जाना तथा व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। उन्होंने गोशाला कर्मचारियों को पशुओं की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।इस दौरान राजीव गिरि भी मौजूद रहे। वहीं एसडीएम निधि शुक्ला, सप्लाई इंस्पेक्टर रवि कुमार सक्सेना, आयुष शर्मा एवं कपिल कुमार द्वारा नगर पंचायत गौशाला में भूसा दान किया गया। सप्लाई इंस्पेक्टर रवि कुमार सक्सेना ने बताया कि आगे भी गोशाला के लिए सहयोग जारी रखा जाएगा, ताकि गोवंशों के भरण-पोषण में किसी प्रकार की कमी न रहे।

# मुढ़िया टोल प्लाजा पर भाकियू भानू का हल्लाबोल

**■ अवैध वसूली और कर्मचारियों की गुंडागर्दी का आरोप, टोल फ्री की मांग को लेकर धरना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र स्थित मुढ़िया टोल प्लाजा पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने टोल प्लाजा को अवैध बताते हुए इसे तत्काल टोल फ्री किए जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने टोल कर्मचारियों पर अभद्रता और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए। पुलिस के आश्वासन के बाद दोपहर करीब 1:15 बजे धरना समाप्त कर दिया गया।

धरना प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू भानू के युवा प्रदेश अध्यक्ष तराई ठाकुर अनुज सिंह ने किया। करीब 40 से 50 किसान कार्यकर्ता टोल प्लाजा पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप था कि मुढ़िया टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग के नियमों के विपरीत संचालित किया जा रहा है, क्योंकि यह दोहना टोल प्लाजा से निर्धारित 60 किलोमीटर की दूरी के अंदर स्थित है।

किसान नेताओं ने दावा किया कि इससे पहले भी भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा इसी मुद्दे को लेकर आंदोलन किया गया था। उस दौरान जिलाधिकारी स्तर से हुई जांच में टोल प्लाजा को अवैध पाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों की गाड़ियां बिना शुल्क के गुजरती हैं, जबकि किसानों और किसान यूनियन पदाधिकारियों के वाहनों को रोक. कर परेशान किया जाता है। किसानों ने यह भी कहा कि टोल पर स्थानीय कर्मचारियों की तैनाती कर किसानों के साथ गुंडागर्दी और अभद्र व्यवहार किया जाता है, जबकि नियमों के अनुसार 30 किलोमीटर की सीमा के भीतर के कर्मचारियों की नियुक्ति मान्य नहीं है।

धरने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दिनेश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाकर शांत कराया और उनकी मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने उपजिलाधिकारी बहेड़ी को संबोधित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों, किसान यूनियन पदाधिकारियों और पत्रकारों को आधार कार्ड एवं परिचय पत्र के आधार पर टोल फ्री सुविधा दी जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो 10 मई 2026 से संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

धरना प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष तराई अमर सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष तराई ठाकुर अनुज सिंह, प्रदेश प्रभारी तराई नितिन सिरोही, प्रदेश प्रवक्ता तराई जुबैर सिद्दीकी, प्रदेश महासचिव ताहिर बाबा, प्रदेश सचिव अरुण सहवाग, प्रदेश सचिव इरशाद अहमद, शेखर गंगवार, उमेश गंगवार, आयुष गंगवार, हिम्मत गुर्जर, अफाक शायर समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# गन्ना किसानों को रोग व कीट नियंत्राण के दिए गए सुझाव, वृहद गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धामपुर बायो ऑर्गेनिक लिमिटेड इकाई द्वारा ग्राम करमपुर में गन्ना किसानों के लिए वृहद गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को गन्ने में लगने वाले रोगों एवं कीटों की रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा बचाव के उपाय बताए गए।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के सहायक निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार कपिल, सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मीरगंज के सचिव अशोक कुमार, चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक अंग्रेज सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक रतिराम सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी विवेक सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य गन्ना किसान उपस्थित रहे।गोष्ठी के दौरान डॉ. प्रवीण कुमार कपिल ने किसानों को गन्ने में लगने वाले विभिन्न कीटों, रोगों और बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय रहते उचित उपचार और वैज्ञानिक तरीके अपनाकर फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है। साथ ही किसानों को रोग नियंत्रण एवं कीट प्रबंधन के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए।वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक अंग्रेज सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ना सर्वेक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है।



उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने-अपने खेतों में उपस्थित रहकर सर्वे कार्य को समय से पूर्ण कराएं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि टॉप बोरर की रोकथाम के लिए चीनी मिल द्वारा अनुदानित दर पर उपलब्ध कराई जा रही नैटजेन दवा की ड्रैंचिंग 10 मई तक अवश्य कर लें, ताकि टॉप बोरर के प्रकोप को रोका जा सके और फसल सुरक्षित रहे।

# घर के बीच लगा ट्रांसफार्मर बना खतरा

**■ बुजुर्ग ने डीएम से लगाई गुहार, बच्चों की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील क्षेत्र के गांव जशनपुर में आबादी के बीच लगा विद्युत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बन गया है। गांव निवासी एक बुजुर्ग ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि ट्रांसफार्मर घर के बेहद पास लगा होने से हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है और छोटे बच्चों की जान खतरे में है।

गांव जशनपुर थाना शेरगढ़ निवासी ओम प्रकाश पुत्र गोविंदराम ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि विद्युत विभाग द्वारा उनकी भूमि के पास ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। घर के आसपास परिवार के सदस्य रहते हैं तथा बच्चे दिनभर खेलते रहते हैं। ऐसे में जरा सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। पीड़ित का कहना है कि बरसात और आंधी के मौसम में स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। ट्रांसफार्मर से निकलने वाली चिंगारी और करंट फैलने की आशंका से परिवार हमेशा दहशत में रहता है। उन्होंने बताया कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर ट्रांसफार्मर हटाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ओम प्रकाश ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उनका कहना है कि यदि भविष्य में कोई दुर्घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

बुजुर्ग ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर ट्रांसफार्मर को आबादी और घरों से दूर किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# स्व गणना को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नगर पंचायत मीरगंज में स्व गणना को लेकर चेयरमैन योगेन्द्र कुमार गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी प्रियंका की अध्यक्षता में गुरुवार को सभासदों व कर्मचारियों की बैठक हुई।

ईको ने कहा प्रदेश में स्व गणना चरण सात मई से 21 मई निर्धारित है। इसे मकान सूचीकरण प्रारंभ होने से पूर्व संपन्न कराया जा रहा है। भारत के निवासी जनगणना अधिकारी के घर पर आने से पहले स्वयं https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपनी स्व गणना कर सकते हैं।अधिशासी अधिकारी ने कहा स्व गणना में डेटा संग्रहण में तीव्रता,स्वयं विवरण दर्ज करने से अधिक सटीकता, गणना कार्य में त्रुटियों एवं कमियों में कमी, नागरिकों को किसी भी समय पोर्टल तक पहुंच की सुविधा होगी। अधिशासी अधिकारी ने कहा सभासद अपने वार्डों में तथा समस्त कर्मचारी अपने आवंटित क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार की स्व गणना सुनिश्चित कराएं।

बैठक में वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सभासदों व कर्मचारियों को स्व गणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। बैठक में अध्यक्ष, सभासदगण एवं कर्मचारियों ने लिंक के माध्यम से अपनी स्व गणना की। गई।

बैठक शामिल लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में स्व गणना सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। बीआरसी चुर दलपतपुर में खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने स्वगणना के संबंध में बैठक की। बैठक में शिक्षक, एआरपी आदि शामिल हुए।

# एसपी के आदेश भी बेअसर, युवती को नहीं मिला इंसाफ

**■ रिपोर्ट दर्ज न होने से नाराज परिजन, पुलिस पर समझौते का दबाव बनाने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक युवती ने दबंग युवक पर फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी देने, मारपीट करने और लगातार परेशान करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी उत्तरी को शिकायत देने और कार्रवाई के निर्देश मिलने के बावजूद अब तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। वहीं पुलिस पर समझौते का दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

कस्बे की एक बस्ती निवासी युवती के अनुसार उसके दूर के रिश्तेदार युवक से परिचय हुआ था। बातचीत के दौरान युवक ने शादी की बात कही, जिसके बाद दोनों के बीच फोन पर कई बार बातचीत हुई। आरोप है कि इसी दौरान युवक ने वीडियो कॉल के माध्यम से युवती की फोटो खींच ली। पीड़िता का कहना है कि बाद में जब उसने युवक के बारे में रिश्तेदारों से जानकारी की तो पता चला कि उसका आचरण ठीक नहीं है, और उसका कोई स्थायी ठिकाना भी नहीं है। इसके बाद युवती ने उससे बात. चीत बंद कर दी। आरोप है कि बात. चीत बंद करने के बाद युवक अलग-अलग नंबरों से लगातार फोन कर युवती पर बात करने का दबाव बनाने लगा। युवती ने आरोप लगाया कि उसका दोस्त भी लगातार दबाव बना रहा था। जब युवती ने साफ तौर पर बात करने से इनकार कर दिया तो 29 अप्रैल को दोनों युवक उसके घर पहुंच गए, और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान युवती के भाई के साथ भी अभद्रता की गई।

पीड़िता ने बताया कि बीती 2 मई को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उसने एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि एसपी के निर्देश के बावजूद अब तक पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है। युवती और उसके परिजनों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई करने के बजाय लगातार समझौते का दबाव बना रही है। पीड़ित परिवार ने मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# आईजीआरएस पर गुहार का असर, महिला को मिला पट्टा


**■ तहसील प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थायी आवास का रास्ता साफ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील प्रशासन ने आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत का त्वरित और संवेदनशील निस्तारण करते हुए एक आवासहीन महिला को आवासीय पट्टा उपलब्ध कराया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से महिला और उसके परिवार को स्थायी आवास मिलने का रास्ता साफ हो गया है।ग्रामीणों ने प्रशासन की पहल की सराहना की है।

ग्राम टांडा मीरनगर निवासी पुष्पा देवी पत्नी छुट्टन सिंह ने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि वह लंबे समय से आवासहीन हैं और उनके पास रहने के लिए कोई स्थायी जमीन नहीं है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम इशिता किशोर ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद राजस्व टीम गांव पहुंची और स्थलीय निरीक्षण कर महिला की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का परीक्षण किया। जांच में पुष्पा देवी को आवासीय पट्टा दिए जाने के लिए पात्र पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर तहसील प्रशासन ने नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करते हुए महिला को आवासीय पट्टा उपलब्ध करा दिया। पट्टा मिलने के बाद महिला और उसके परिवार में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की इस पहल से जरूरतमंद लोगों में भरोसा बढ़ा है। एसडीएम इशिता किशोर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस सहित अन्य शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसील प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

# हथियारों के साथ युवक का वीडियो



## वायरल होने के बाद पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हथियारों को लहराते हुए वीडियो वायरल करने का चलन बढ़ता जा रहा है। पुलिस के द्वारा इस तरह के मामलों में सबक सिखाते हुए ठोस कार्यवाही न करने की वजह से सनातन की रक्षा करने वाले कथित युवकों का हौंसला बढ़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली के जहानाबाद क्षेत्र निवासी एक युवक का हथियारों के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक कथित तौर पर हथियार लहराते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। गुरूवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखाई दे रहा युवक जहांनाबाद निवासी बताया जा रहा है।

वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। हालांकि यह वीडियो कब का है इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। वीडियो के शुरू में कुछ हथियार रखे हुए दिखाई दे रहे और एक युवक तमंचा लेकर पूरे रौब के साथ दिखाता दिख रहा है। गंज चौकी प्रभारी दरोगा रोहताश सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में नहीं है। वीडियो देखकर उसकी सत्यता और उसमें दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराई जाएगी।

# बिजनौर में सिपाहियों की पिटाई

## असलहा छिनने की सूचना पर दौड़ी पुलिस, चार महिलाओं को छोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के लड़ापुरा में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब दो सिपाहियों के साथ नशे के कारोबारियों के द्वारा मारपीट और असलहा छिनने की सूचना पर पुलिस बल मौके की ओर दौड़ पड़ा। हालांकि पुलिस इस तरह की घटना से इंकार कर रही है।

सूचना मिलते ही शहर कोतवाली से अतिरिक्त पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने असलहा छिनने और सिपाहियों से मारपीट की बात से इंकार किया है, लेकिन इलाके में हंगामा होने की पुष्टि की जा रही है। बताया गया कि शहर कोतवाली की आबकारी चौकी पर तैनात दो सिपाही बुधवार देर रात लड़ापुरा इलाके में गश्त पर गए थे। इसी दौरान उनका सामना कथित रूप से अवैध नशे का कारोबार करने वाले कुछ लोगों से हो गया। आरोप है कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों सिपाहियों को घेर लिया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। भारी पुलिस फोर्स को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने मौके से चार महिलाओं को हिरासत में लेकर रात में ही कोतवाली पहुंचाया।

सूत्रों के अनुसार पूछताछ के बाद महिलाओं से लिखित माफीनामा लिया गया, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। घटना को लेकर इलाके में देर रात तक चर्चा का माहौल बना रहा। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामप्रताप सिंह ने सिपाहियों से मारपीट और असलहा छिनने की बात से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि मौके पर केवल कहासुनी और हंगामे जैसी स्थिति हुई थी, जिस पर पुलिस ने तत्काल पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

# किन्नरों के खिलाफ झालू में माहौल गर्म

## उत्पीड़न के खिलाफ मैदान में उतरी कमेटी, पर्चे बांटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** किन्नर समाज के द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न, अश्लील हरकतों और जबरन अवैध वसूली के विरोध में अब खुलकर आवाज उठनी शुरू हो गई है। झालू एवं ग्रामीण समाज सुधार कमेटी ने पूरे क्षेत्र में जागरूकता अभियान छेड़ते हुए पर्चे बांटने शुरू कर दिए है। कमेटी का कहना है कि लोगों को डराने-धमकाने और जबरन पैसे वसूलने की घटनाओं को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।





प्राप्त समाचार के अनुसार अपने निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि कमेटी लगातार नागरिकों और व्यापारियों से मिलकर उन्हें जागरूक कर रही है। पर्चों के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि जबरन वसूली, अश्लील भाषा और अभद्र व्यवहार कानूनन अपराध की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसी किसी भी घटना पर तुरंत पुलिस 112 पर कॉल करें और संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ितों की सुनवाई नहीं होती है, तो कमेटी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। पर्चे पर कमेटी के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि पीड़ित सीधे संपर्क कर सकें। ज्ञानेश्वर सिंह ने आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व नूरपुर रोड स्थित एक ढाबे पर उन्हें बुलाकर विरोध बंद करने का दबाव बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि वहां कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते से हट जाने और किन्नर समाज के खिलाफ आवाज न उठाने की धमकी दी। हालांकि हंगामा होने से आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद संबंधित लोग वहां से चले गए। कमेटी ने अब मुख्य बाजारों में रिक्शा के जरिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया है, जबकि गांव-गांव जाकर भी पर्चे बांटे जाएंगे।

पत्रकार वार्ता में मुकेश कुमार वर्मा, नरेश कुमार भास्कर, रिजवान कुरैशी समेत कई लोग मौजूद थे।

# मौसम चौधरी ने की आर्थिक मदद

## झुलसे बच्चों के परिजनों से मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने झालू मार्ग पर गर्म राख में झुलसे बच्चों व उनके परिजनों से जिला अस्पताल में मुलाकात कर आर्थिक सहायता करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार झालू मार्ग पर आश्रम के सामने गर्म राख की चपेट मे आने से गंभीर रूप से झुलसे बच्चों का हाल जानने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी आज जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान चिकित्सकों से बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत जानकारी ली तथा उनके बेहतर उपचार के लिए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। अस्पताल में भर्ती 12 वर्षीय शाद व उसकी मां श्रीमती शमीना एवं 13 वर्षीय साहिल पुत्र वसीम निवासीगण मौहल्ला चाहशीरीं गर्म राख से गंभीर रूप से झुलस गए थे। दोनों बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने उनका बेहतर उपचार सफदरजंग हॉस्पिटल, नई दिल्ली में कराने का आश्वासन दिया। जिससे गंभीर रूप से झुलसे बच्चों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। पीड़ित परिवारों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए दोनों परिवारों को तत्काल पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दी। साथ ही यह भी आश्वस्त किया गया कि उपचार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में भविष्य में भी हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने कहा कि दुख और संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हूं । मानवता और सेवा की भावना ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है तथा जरूरतमंदों की सहायता करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

इस मौके पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे लिए 'नर सेवा ही नारायण सेवा' का सिद्धांत सर्वोपरि है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही मेरी प्राथमिकता है। कोई भी जरूरतमंद स्वयं को अकेला न समझे, हर परिस्थिति में मे उनके साथ खड़ा हूं।

# मॉडर्न एरा का केम्प परीक्षा में दबदबा

## एकिशा बनीं द्वितीय स्टेट टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में नॉलेज अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म के अंतर्गत नास्टा-2024 परीक्षा का शानदार परिणाम रहा। नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेम्परामेंट एंड एप्टीट्यूड द्वारा आयोजित इस वार्षिक परीक्षा में विद्यालय की कक्षा 4 की छात्रा एकिशा अग्रवाल ने पूरे प्रदेश में स्टेट टॉपर का खिताब हासिल कर विद्यालय व जनपद का मान बढ़ाया है।




विद्यालय परिसर में आयोजित हुई इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए विभिन्न श्रेणियों में पदक प्राप्त किए। स्वर्ण पदक (प्रथम स्थान): अर्नब मोंडल (कक्षा 3), मौहम्मद अकबर (कक्षा 7) एवं प्रासन अगवान (कक्षा 10)। रजत पदक (द्वितीय स्थान): तासू सागर (कक्षा 3) एवं एकिशा अग्रवाल (कक्षा 4 - स्टेट टॉपर द्वितीय)। कांस्य पदक (तृतीय स्थान): सूर्य प्रताप सिंह (कक्षा 7), दानिया परवीन (कक्षा 10) एवं निकुंज देवास (कक्षा 3)। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रार्थना सभा में समस्त विद्यालय के सम्मुख सम्मानित किया गया। निदेशक/प्रधानाचार्या डा. सीमा बिस्वास ने सभी पदक विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र भेंट किए। इस मौके पर डा. सीमा बिस्वास ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और तार्किक क्षमता को विकसित करने के लिए मील का पत्थर साबित होती हैं। उन्होंने विशेष रूप से स्टेट टॉपर एकिशा अग्रवाल और अन्य सभी विजेताओं को उनके कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### नाले की सफाई न होने से फैली गंदगी



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला रहमान चौक खंदक पर नाले की सफाई न होने से गंदगी फैली हुई है। गंदे पानी की निकासी न होने से मौहल्लेवासियों के लिए यह सरदर्द बना हुआ है। नाले के अंदर बड़ी बड़ी घास खड़ी है। बड़ी-बड़ी घास उग जाने से नाले की पहचान होना मुश्किल सा हो गया है। नाले की सफाई के लिए विकास खंड अधिकारी से लेकर जिले के उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। मगर अधिकारी झुठा आश्वासन देकर टरका देते हैं अधिकारी जनता की समस्याओं को सुनकर अनदेखा कर देते हैं। नाले की सफाई न होने से आवारा पशु अपना पेट भरने के लिए घास खाने के चक्कर में गिर जाते हैं। इन आवारा बेजुबान पशुओं की जान पर बन आती है। आवारा पशुओं के पांच फीट गहरे नाले में गिर जाने से उसकी जान बचाना मुश्किल हो जाता है। मुस्लिम समाज के लोगों ने इंसानियत का परिचय देते हुए दो नौजवानों ने पांच फीट नाले में अपनी जान पर खेलकर दो तीन घंटे की मशक्कत के बाद आवारा पशु को बाहर निकाला। जब जाकर आवारा पशु की जान बच पाई। नाले की सफाई न होने से आस पास के घरों में गंदा पानी भी भर जाता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नाले की साफ-सफाई को लेकर ग्राम प्रधान फरहाना परवीन से भी शिकायत की गई है। ग्राम प्रधान फरहाना परवीन ने बताया कि बरसात से पहले नाले की सफाई का काम शुरू हो जायेगा। विकासखंड अधिकारी ने बताया है कि मेरे संज्ञान में नाले की सफाई का मामला सामने आया है। जल्दी ही नाले की सफाई कराई जाएगी। थोड़ी सी बरसात में सड़कों पर पानी भर जाता है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ जाता है। नाले की साफ सफाई न होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती है। जिस कारण नाले के आसपास के घरों में भी पानी भर जाता है।

### ग्राम प्रधानों ने किया प्रदर्शन



**नूरपुर।** ब्लॉक परिसर में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मलिक के नेतृत्व में सैकड़ों ग्राम प्रधान एकत्रित हुए। ग्राम प्रधानों ने 26 मई को समाप्त हो रहे अपने कार्यकाल को बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मलिक ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पंचायत चुनाव अगले एक वर्ष तक होने की संभावना नहीं दिखाई दे रही है। ऐसे में यदि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है, तो ग्रामों के विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों की मांग है कि जब तक नए चुनाव नहीं हो जाते, तब तक वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद के प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रधानों का कहना है कि गांवों में चल रहे विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए कार्यकाल बढ़ाना जरूरी है। इस दौरान नूरपुर ब्लॉक से सैकड़ों ग्राम प्रधान एकजुट होकर कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई।

### गुलदार दिखने से दहशत

**कालागढ़।** हाईडिल कॉलोनी, नई कॉलोनी, केंद्रीय कॉलोनी, ओल्ड कॉलोनी आदि जलविद्युत उत्पादन निगम का राजकीय कॉलोनी के पास गुलदार का लगातार मूवमेंट देखा जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पहले गुलदार को जलविद्युत उत्पादन निगम के इरेक्टर हॉस्टल और डीजीएम कार्यालय परिसर में बेखौफ घूमते देखा गया था। अब यह कर्मचारी आवासों की कॉलोनी में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। गुलदार ने कॉलोनी की सुरक्षा दीवार पर डेरा डाल लिया है। सुबह और शाम के समय इसे दीवार पर आराम करते हुए दिख रहा है। जिससे घर से बाहर निकलना भी खतरे से खाली नहीं है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को घरों में ही रहने की सलाह दी है। कॉलोनी के निवासियों ने सुरक्षा के लिए वन विभाग के अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं, वन क्षेत्राधिकारी एनके रूवाली के अनुसार यह क्षेत्र वन्यजीवों के विचरण का है। उन्होंने गश्ती दलों को सतर्क कर दिया है।

## एक नजर

### अपना दल एस को करेंगे मजबूत



**नजीबाबाद।** अपना दल एस की मासिक बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। पार्टी ने महिलाओं की भूमिका को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बूथ पर महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर संगठन को नई ऊर्जा प्रदान की जाएगी। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर 11 युवा कार्यकर्ताओं की एक मजबूत टीम तैयार की जाए। टीम घर-घर तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जहां भी अपना दल एस का कार्यकर्ता मौजूद है, वहां पार्टी का झंडा बुलंद दिखाई देना चाहिए। बैठक में तय किया गया कि संगठन के प्रति समर्पित और पार्टी को मजबूती देने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष सम्मान दिया जाएगा। साथ ही केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की व्यवहारिक और जनहितकारी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर भी बल दिया गया। बैठक में सत्यम किशोर सिंह, वकील अहमद, निधि सिंह, कर्मजीत, अमित शर्मा, भावना सिंह, भारत, सुरेश पॉपली, राजीव राठी, अनुराधा, अंश चौधरी, विधानसभा महासचिव रोहन शर्मा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खुर्शीद मंसूरी को जिताने का आह्वान



**नजीबाबाद।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आजाद समाज पार्टी ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जाफरपुर व करमसखेड़ी का दौरा कर लोगों से चर्चा की। दोनों गांवों में ग्रामीणों ने एकजुट होकर नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने और बदलाव की राजनीति के लिए समर्थन देने का ऐलान किया। ग्रामीणों ने नजीबाबाद विधानसभा से खुर्शीद मंसूरी को विधानसभा भेजने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पिछले 15 वर्षों से खस्ताहाल पड़ी सड़कों को दिखाते हुए क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि अब नजीबाबाद में बदलाव का समय आ चुका है। विकास न होने से क्षेत्र बदहाली झेल रहा है। इस मौके पर पूर्व प्रधान फरहत, आसिफ, पप्पू, तालिब, रईस, शमशाद सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नूरपुर में किशोरी लापता

**नूरपुर।** क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी बेटी चार मई को शाम करीब पांच बजे से घर से लापता है। उसको परिवार के लोगों ने हर जगह तलाश किया, लेकिन उसका कहीं से कोई भी अता पता नहीं चल पाया। पीड़ित परिवार ने गांव के ही निवासी पंकज कुमार व उसकी बहन सोनी पर गंभीर आरोप लगाए है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से अपनी बेटी को जल्दी से बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मदरसे में दीनी इजलास



**राजा का ताजपुर।** ईदगाह रोड स्थित मदरसा जामियातुल फैसल में इदारा अदब-ए-इस्लामी हिन्द उत्तर प्रदेश की ओर से जलसा आयोजित किया गया। प्रोफेसर अहमद सज्जाद मरहूम इस्लामी की याद में जलसा रखा गया। रचनात्मक साहित्य के बड़े प्रतिनिधि शरीअत काउंसिल के सचिव डॉ. मौहम्मद रजीउल इस्लाम नदवी ने अपने ख्यालात रखें। उन्होंने प्रोफेसर अहमद सज्जाद की जिंदगी के पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि वह शुरू से ही मेहनती स्वभाव के थे और अपना अधिकतर समय शैक्षिक और शोध कार्यों में लगाते थे। उनकी एक विशेषता यह थी कि जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द से संगठनात्मक रूप से जुड़े होने के बावजूद वे देश की दूसरी सामाजिक और शैक्षिक संस्थाओं के साथ भी सहयोग करते थे। उन्होंने इस्लामी साहित्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं। वे इदारा अदब-ए-इस्लामी हिन्द के अखिल भारतीय अध्यक्ष भी रहे। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कई शिक्षण संस्थान स्थापित किए और गरीब छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जामिआतुल फैसल के नाजिम और संस्था के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. सिराजुद्दीन नदवी ने कहा कि हमारे शैक्षिक संस्थानों का दौरा भी कर चुके थे और मासिक पत्रिका अच्छा साथी के संरक्षकों में शामिल थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी से निभाया। उनके हजारों छात्र आज देश की विभिन्न विश्वविद्यालयों में उर्दू की सेवा कर रहे हैं। वह अपने छात्रों से बहुत प्रेम करते थे। उनकी कमियों को समझदारी से दूर करते और उनकी प्रतिभा को निखारते थे। उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनकी अच्छाइयों को अपनाया जाए। मौहम्मद दाऊद नूर मुल्तानी ने कहा कि वह हर किसी से मुस्कुराकर मिलते थे और जब बातचीत करते प्रभावशाली उर्दू बोलते थे, तो ऐसा लगता था जैसे फूल झड़ रहे हों। कार्यक्रम की शुरुआत कारी बदरुद्दुजा ने कुरआन मजीद की तिलावत से की। संचालन मौहम्मद यासीन ने किया। जलसे में विभिन्न क्षेत्रों से आए साहित्यकारों और शायरों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में मिला युवती का शव

## बांह पर तानिया नाम है लिखा, अभी नहीं हो सकी है शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** रेलवे लाइन किनारे एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश की लेकिन अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। युवती की बांह पर तानिया नाम लिखा है।



जानकारी के अनुसार नगर के भानपुर रेलवे क्रॉसिंग से सटे कब्रिस्तान के पीछे की तरफ सुबह के समय कुछ लोग निकल कर जा रहे थे तो उन्हें झाड़ियां में एक युवती पड़ी हुई दिखाई दी। पास जाकर देखा तो वह मृतावस्था में थी। युवती का शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की को. शिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। मृतका की एक बांह पर तानिया नाम लिखा हुआ है, जबकि दोनों हाथों में कंगन हैं। कानों में कुंडल नहीं पहने हैं। गहरे हरे रंग का सूट सलवार पहने है। शरीर पर कोई चोट के निशान भी नहीं दे रहे हैं। वहीं पुलिस ने युवती के शव कसे कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी भेजा गया है। शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं।

# फांसी पर झूलता मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

## गांव की ही एक युवती से चल रहा था प्रेम प्रसंग, प्रेमिका के परिजनों पर हत्या का संदेह

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। परिजनों का हत्या का आरोप लगाते हुए काफी देर तक हंगामा भी किया। परिजनों का आरोप है कि युवक की प्रेमिका के परिजनों ने हत्या करके शव को पेड़ से लटकाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुल्तानठेर गांव निवासी 22 वर्षीय युवक बंटी 03 मई की रात को करीब 12 बजे गांव निवासी हरपाल सिंह की



बेटी को प्रेमप्रसंग के चलते घर से लेकर चला गया था। जब युवती के परिजनों ने बंटी के परिजनों को यह बात बताई तो प्रेमी युगल की तलाश शुरू कर गई। परिजनों ने जंगल में युवक युवती को बरामद कर लिया और 04 मई की सुबह गांव के लोगों के सामने युवती को उसके परिजनों



गजरौला। परिजनों से घटना की जानकारी लेती पुलिस।

को सौंप दिया। इसके बाद युवक अपनी रिश्तेदारी में ही था। बंटी के तहेरे भाई दानवीर ने बताया कि बीते दिन युवती के परिजनों ने युवक को बुलाने को दबाब बनाया, कहा कि पंचायत में बैठाएंगे। दीनवीर ने मना किया मगर युवती पक्ष का दबाब ज्यादा होने पर उसने बीते दिन बंटी को घर बुला लिया। जिसके बाद गुरूवार की सुबह दस बजे युवक का शव गांव के बाहरी छोर पर स्थित एक खेत में शहतूत के पेड़ पर लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने पर युवक के परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंचे और युवती पक्ष के लोगों पर युवक की हत्या का आरोप लगाया। बंटी के पिता प्रीतम सिंह और तहेरे भाई दानवीर ने युवती के पिता पर हत्या का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि युवक को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छानबीन चल रही है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जनगणना से होगी प्रत्येक नागरिक की सही पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** स्व-जनगणना को प्रोत्साहन देने के उददेश्य से विधायक राजीव तरारा ने अपने एमडीए कॉलोनी स्थित कैम्प कार्याल पर स्व जनगणना कार्य का शुभारंभ किया।

विधायक ने कहा कि 07 मई से

### विधायक ने किया स्वजनगणना का शुभारंभ

प्रारंभ हो रहे जनगणना अभियान से प्रत्येक व्यक्ति की सही पहचान सुनिश्चित होगी, सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने में सरलता



होगी तो वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार योजनाओं में सुधार होगा। इस मौके पर नगर पालिका के ईओ ललित कुमार आर्य, नदीम अख्तर, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग युवक को साले ने पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव पतेई खालसा निवासी दिव्यांग अंशुल के साथ मारपीट करके घायल कर दिया।

अंशुल वर्तमान में वरखेड़ा राजप. ूत अपनी ससुराल में रहते हैं। बताया गया कि उनकी सास विमला के कोई बेटा नहीं है। पीड़ित के चचेरे साले सुशील के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। जिसमें अंशुल ने सरिया बांधे थे। अंशुल अपने पैसे मांग रहा था, लेकिन सुशील कम पैसे दे रहा था। इस पर विवाद हो गया और सुशील ने अंशुल के साथ मारपीट करके घायल कर दिया।

# असवैधानिक आदेश के विरोध में शिक्षकों का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खान सैफी साबरी के नेतृत्व में बुधवार को शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर कथित असंवैधानिक आदेश को

### संविधान देता है संगठन बनाने का मौलिक अधिकार: पवार

निरस्त किए जाने की मांग उठाई। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 मोनिका तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय के



अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

मंडलाध्यक्ष डॉ0मुकेश पवार ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को संगठन बनाने का मौलिक अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को इस प्रकार असंवैधानिक बताना संविधान की भावना के विपरीत है। जिला महामंत्री डॉ0विवेक शर्मा ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत कोई भी संगठन अवैध अथवा शून्य नहीं माना जा सकता। शिक्षकों ने संबंधित आदेश को शिक्षक एवं संगठन हित में तत्काल निरस्त किया जाए, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान नीरज यादव, योगेश कुमार, सैयद रहबर रजा रिजवी, रियासत अली सैफी, कमरुज्जमा खान, सलीम जावेद, अशोक कुमार, जविंदर सिंह, मोहित कुमार, सुबोध कुमार यादव, इदरीस अली, धर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, वरन सिंह, रजनी देवी, जैनेंद्र सिंह, धनीराम, धर्मपाल, शैलजा यादव, मोनिका यादव, गंगोत्री, नाहिद, मो.आमिर, सुरेंद्र सैनी, संजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा के प्रति शासन पूर्णतया गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन ने बुधवार को विकास भवन सभागार, अमरोहा में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई की। कार्यक्रम में 12 महिलाओं ने

### महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन ने ली बैठक

अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों का संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ निस्तारण किया जाए। यदि कोई महिला थाने में शिकायत लेकर पहुंचती है तो उसकी बात पूरी गंभीरता से सुनते हुए



आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। संगीता जैन ने घरेलू हिंसा से जुड़े लंबित मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर महिला थाने में वार्ता कराने के निर्देश भी दिए। जनपद स्तर पर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है तथा कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालय और महिला थाना का निरीक्षण भी किया, जहां व्यवस्थाएं एवं साफ-सफाई संतोषजनक पाई गईं। बैठक में ज्ञान प्रकाश तिवारी, शिखा शर्मा, मीनाक्षी गुप्ता सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**जोया।** प्रेम विवाह के चार साल बाद प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गई। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा खून और दवाओं की व्यवस्था करने को कहने के बाद पति अस्पताल से चला गया और वापस नहीं लौटा। चिकित्सक ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना धनारी जनपद संभल के गांव भरावटी निवासी नरेंद्र प्रसाद शर्मा के पुत्र सुनील कुमार शर्मा ने चार वर्ष पहले सिंहपुर थाना बहजोई निवासी पुष्पा यादव से प्रेम विवाह किया था। बुधवार को प्रसव पीड़ा होने पर सुनील ने पत्नी पुष्पा को गजरौला स्थित आस्था अस्पताल में भर्ती करायाद्य चार दिन पहले बच्चे को जन्म दिया।प्रसव के बाद महिला की

### दवा लाने की बात कहकर पति वापस नहीं आया

हालत बिगड़ गई और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। इसके बाद उसे चौधरपुर स्थित जीवन 24 अस्पताल में भर्ती कराया गयाद्यचिकित्सकों ने तत्काल खून चढ़ाने और दवाओं की व्यवस्था करने को कहा।चिकित्सकों ने बताया पति सुनील कुमार शर्मा पैसे और ब्लड की व्यवस्था करने की बात कहकर अस्पताल से चला गयाद्य लेकिन वापस नहीं लौटा और न ही कोई फोन किया। चिकित्सकों ने ब्लेड और दवाई स्वयं लगाई फिर भी उपचार के दौरान देर शाम 24 वर्षीय पुष्पा यादव की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है।

## बिना आर-6 और गेट पास के न निकले कोई वाहन


# अवैध गेहूं भंडारण पर डीएम सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने जनपद में गेहूं खरीद व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। शासन के निर्देशों के क्रम में डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस

### अधीनस्थों को दिए छापेमारी के निर्देश

क्षेत्राधिकारियों को अवैध रूप से गेहूं भंडारण करने वाले आढ़तियों के खिलाफ तत्काल छापेमारी अभियान चलाने को कहा है।

डीएम ने सीमा चेक पोस्टों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि बिना आर-6 अथवा गेट पास के कोई भी ट्रक, टेंपो या अन्य



वाहन गेहूं लेकर न गुजर सके। इसके अलावा आटा मिलों, राइस मिलों और संदिग्ध गोदामों की विशेष जांच कराने के भी निर्देश दिए गए हैं, जहां अवैध गेहूं भंडारण की आशंका है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रवर्तन कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की चयनात्मकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को सख्ती के साथ कार्रवाई करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप गेहूं खरीद व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# ब्याज साहित मिले बकाया गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन शंकर ने सब्सिडी का शीघ्र भुगतान करने और गन्ने का बकाया भुगतान ब्याज सहित दिलाने समेत अन्य मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट मे धरना दिया।

गुरूवार को भाकियू शंकर मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट मे गरजी। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष

### भाकियू शंकर ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

चौ0 दिवाकर सिंह ने कहा कि जनपद में 15 बैंक शाखाओं में लगभग 538 करोड़ की जमाराशि 46 सहकारी समिति और पचास हजार से अधिक सक्रिय सदस्य होने के बाद भी स्वतंत्र



जिला सहकारी बैंक का गठन नहीं किया गया। उनकी मांग है कि किसानों से वसूले गए अतिरिक्त ब्याज की वापसी और ब्याज सब्सिडी का शीघ्र भुगतान हो। स्मार्ट मीटर को हटाया जाए जबकि ग्रामीण विद्युत व्यवस्था में सुधार हो। गन्ना किसानों का भुगतान ब्याज सहित दिलाया जाए और हाईवे पर खुले अवैध कट बंद हो। सड़कों के चौड़ीकरण के साथ ट्रामा सेंटर की स्थापना हो।धरना देने वालों मे राहुल यादव, चौधरी नेमपाल, बबीता रानी,मंजू शर्मा, ज्योति चौहान, धर्मवीर, शेर सिंह, पप्पू, रवि पाल,वीर सिंह, नरेश, अनिल, प्रमोद नागर शामिल रहे।

# बार की नवीन कार्यकारिणी आज लेगी शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार यानि आज जोया रोड स्थित सुमंगलम बैंक्वट हॉल में आयोजित होगा। जिसमें न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

बता दें कि बार एसोसिएशन का चुनाव इस बार काफी दिलचस्प रहा। कुल 12 पदों के लिए 55 प्रत्याशी मैदान में थे। 21 अप्रैल को हुए मतदान में अधिवक्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था, जबकि 22 अप्रैल को मतगणना के बाद नतीजे आए थे। अध्यक्ष पद पर कपिल कुमार चिकारा, महासचिव पद अरशद हुसैन भारती ने जीत दर्ज की थी। चुनाव में अन्य कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचन भी हुआ था। वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला पद पर शबनम परवीन, उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद आकिल सैफी व सचिन सक्सेना, कोषाध्यक्ष महिला पद पर रिचा सिंह तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निजाम तुर्की निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। संयुक्त सचिव महिला पद पर शिवानी चुनी गईं थीं, जबकि संयुक्त सचिव पद पर अमन त्यागी और मौ0 इजहार ने जीत दर्ज की थी। महिला सी ग्रुप से रेनू अग्रवाल और पूनम चौधरी, सी ग्रुप से छत्रपाल सिंह, रूम सिंह नागर, मतलूब सुभानी और महबूब अहमद चुने गए थे। जूनियर ग्रुप में हरजीत सिंह राणा, फुरकान अली, मोहम्मद सिकंदर उर्फ सोनू और वसीम अख्तर आब्दी ने जीत दर्ज की थी, जबकि महिला जूनियर ग्रुप में मीनाक्षी और फातिमा खातून निर्वाचित हुईं।

# पावर कारपोरेशन के संविदा कर्मियों ने दिया धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन संविदा कर्मचारी संघ ने आउट सोर्स कर्मचारियों को निगम में शामिल करने और सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने की मांग को कलेक्ट्रेट मे धरना दिया। संघ ने चेतावनी दी अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकाल. ीन कार्यबहिष्कार किया जाएगा।

गुरूवार को संविदा कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष विपिन कुमार के नेतृत्व में

### मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।जिसमे कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों को निगम में शामिल कर लिया गया है।परंतु विद्युत विभाग में कार्यरत



कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को 24 घंटे सेवा मुहैया कराने के बाद भी उनका शोषण हो रहा है।आउट सोर्स संविदा कर्मचारियों के साथ दुर्घटना होने के बाद भी सरकार और कंपनी द्वारा कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलती है।उनकी मांग है कि आउट सोर्स का कर्मचारियों को निगम में शामिल करने के साथ ही उन्हें सभी सरकारी सुविधाएं मिले। इस मौके पर सतपाल सिंह,संजीव कुमार, हेमराज सिंह, मुकुल कुमार, सोवित यादव, कमल सिंह, दिनेश, इंतजार, सुधीर, सोमवीर आदि मौजूद रहे।

# अब घर बैठे खुद करें जनगणना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**मण्डी धनौरा।** भारत की जनगणना 2027 के तहत पहली बार शुरू की गई डिजिटल जनगणना प्रक्रिया में अब नगरवासी स्वयं अपने परिवार की जनगणना घर बैठे कर सकेंगे। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने लोगों से अधिकधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर अथवा se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर एक मोबाइल नंबर से पूरे परिवार का पंजीकरण कर सकते हैं। ओटीपी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद अपनी पसंद की भाषा चुनकर

### चेयरमैन ने लोगों से की सहभागिता की अपील

सही लोकेशन (जियो टैग) के साथ ऑनलाइन प्रश्नावली भरनी होगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्रत्येक परिवार को एक SE ID प्राप्त होगी, जिसका बाद में प्रगणक द्वारा सत्यापन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में स्व-जनगणना की तिथि 07 मई से 21 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल जनगणना व्यवस्था से लोगों को सुविधा मिलेगी, पहचान सुनिश्चित होगी और आंकड़ों की पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

# बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** बुधवार की रात मौसम ने अचानक करवट बदल ली।रात के समय तेज आंधी व बारिश से मौसम सुहावना हो गया।आंधी से कुछ देर के लिए यातायत बाधित रहा।इसके अलावा कई स्थानों पर छतों से टीन शेड उड़ गए जबकि सड़कों पर लगे होर्डिंग व बैनर भी नीचे आ गिरे।खराब मौसम के कारण कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

मई का महीना आते ही भीषण गर्मी और लू लोगो को परेशान करने लगती है। लेकिन इस बार मौसम ने अलग ही रूप दिखाया है। कहीं तेज आंधी तो कहीं

### खेती को भी पहुंचेगा फायदा

बारिश और ओलावृष्टि ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जहां कुछ दिन पहले भीषण गर्मी पड़ रही थी । वहां अब बादल और बारिश राहत दे रहे है। गुरूवार को आक. ाश में बादल छाए रहे और धूप छांव का सिलसिला चलता रहा। दोपहर के समय बूंदाबांदी से मौसम खुशनुमा हो गया। खेती के लिए भी बारिश फायदेमंद साबित हो रही है। लोगो का कहना ही कि अगर इसी तरह समय-समय पर बारिश होती रही तो न केवल गर्मी से राहत मिलेगी बल्कि खेती को भी फायदा होगा।

# प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई तकनीकी प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**मण्डी धनौरा।** ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंटर हाउस टेक क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने तकनीकी ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस मारुत, व्योम, वसुधा और वरुण ने भाग लिया। प्रत्येक हाउस की ओर से कक्षा 9 एवं 11 के

### नगर के ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल में हुआ आयोजन



चार-चार विद्यार्थियों की टीम बनाई गई थी। प्रतियोगिता के दौरान आईटी ज्ञान, कंप्यूटर तकनीक, साइबर जागरूकता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा नई तकनीकी खोजों से संबंधित विभिन्न राउंड आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में सबसे अधिक अंक प्राप्त कर मारुत हाउस विज. ेता बना, जबकि व्योम हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं वसुधा और वरुण हाउस के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली और दोनों टीमों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय की निर्देशिका राखी अग्रवाल ने कहा कि आज के दौर में तकनीकी शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाते हैं। कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार करना है।



बेंगलुरु के ऑलराउंडर कुणाल पांड्या लखनऊ के कुलकर्णी को आउट करने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ खुशी मनाते।



LSG के मिचेल मार्श बेंगलुरु के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान वनडे के लिए आईपीएल नहीं छोड़ेंगे

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कहा है कि उसके खिलाड़ी पाकिस्तान के साथ होने वाली एकदिवसीय के लिए इंडियन प्रीमिय लीग (आईपीएल) को नहीं छोड़ेंगे। सीए के प्रवक्ता ने क्रिकबज को आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अभी भी आईपीएल में रहेंगे और अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेंगे। अभी करीब एक दर्जन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह स्पटीकरण गुरुवार को सीए और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा मिलकर घोाित की गई तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद आया है। ए मैच 30 मई, 2 जून और 4 जून को होने हैं, और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेंगे। आईपीएल 31 मई को समाप्त होगा। अभी आईपीएल में शामिल 12 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के नियमित एकदिवसीय कप्तान पैट कमिस और चोट के कारण बाहर रहने के दौरान कमिस की जगह खेलने वाले मिचेल मार्श शामिल हैं। अभी इंडिया में मौजूद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं ट्रैविस हेड, टिम डेविड, जॉश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, मार्कस स्टोइनिस, जॉश इंग्लिस, कैमरन ग्रीन, मिशेल स्टार्क और मैथ्यू शॉर्ट। उल्लेखनीय है कि आईपीएल का लीग चरण 24 मई को खत्म होगा, तब तक कई खिलाड़ी अपनी आईपीएल की जिम्मेदारी से फ्री हो जाएंगे क्योंकि 10 में से छह टीमें बाहर हो चुकी होंगी।

**खेल विशेष**

## मै फीफा विश्व कप में वापसी के लिए तैयार हूं: लुइस सुआरेज

**मियामी, वार्ता।** उरुग्वे के ऑल-टाइम लीडिग स्कोरर लुइस सुआरेज ने कहा कि वह इस साल होने वाले फीफा विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं। मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा के साथ सार्वजनिक अनबन के बाद सुआरेज ने सितम्बर 2024 में उरुग्वे की नेशनल टीम से संन्यास ले लिया था। 39 साल के इंटर मियामी स्ट्राइकर ने कहा कि उन्होंने तब से अपने फैसले पर दोबारा सोचा है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के कोच के लिए उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है, जो मई 2023 से सेलेस्टे के इंचार्ज हैं। एमएलएस क्लब के साथ एक अभ्यास सत्र के बाद सुआरेज ने पत्रकारों से कहा कि मैंने कुछ ऐसा कह दिया जो मुझे नहीं कहना चाहिए था। आपको अपनी गलतियां माननी होंगी और यह अब बीती बात है।

## गीजा में भारतीय खिलाड़ियों को मिला मुश्किल ड्रॉ

**गीजा, वार्ता।** चार सदस्यों वाली भारतीय टीम - अभय सिंह, वीर चोत्रानी, रामित टंडन और वेलवन सेंथिलकुमार - वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में एक मुश्किल ड्रॉ का सामना करने की कोशिश करेगी। यह चैंपियनशिप शुक्रवार को म्रि के गीजा में शुरू होने वाली है। वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025-26, जो 8 से 16 मई तक पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में होनी है, भारत में लाइव स्ट्रीमिग पर देखने के लिए उपलब्ध होगी। प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें पुरुाों के विश्व नंबर 1 मुस्तफा असल और उनकी महिला समकक्ष, म्रि की हनिया एल हम्मामी शामिल हैं। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह, जो भारत के पुरुाों के सिगल्स में सबसे अच्छी रैंक वाले खिलाड़ी हैं।

## टी-20 मुंबई लीग व पहली महिला लीग 1 से 13 जून तक होगी

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने आज घोाणा की कि टी-20 मुंबई लीग का चौथा सीजन और टी-20 मुंबई महिला लीग का पहला सीजन 1 से 13 जून तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इसके साथ ही शहर में क्रिकेट के एक बड़े उत्सव की शुरुआत होगी। यह एमसीए के उस लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके तहत वह हर वर्ग के क्रिकेट टैलेंट को एक बड़ा मंच देना चाहता है। पुरुषों की लीग में दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट सितारे और शहर के सबसे होनहार उभरते खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे। इनमें सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, तुाार देशपांडे, आयुष म्हात्रे, अंगकृा रघुवंशी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल के लिए अयोग्य: WFI

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगट को रेसलिग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा घोाित मानदंडों के अनुसार एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए बुधवार को अयोग्य घोाित कर दिया गया। फेडरेशन के अनुसार, सेलेक्शन ट्रायल के लिए पात्रता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं - 2025 सीनियर नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसम्बर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था।



विनेश फोगाट ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, क्योंकि वह पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर रही हैं और इसलिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं। उन्होंने ग्रीमकालीन खेलों के तुरंत बाद रेसलिग से संन्यास ले लिया था, लेकिन पिछले साल दिसम्बर में विनेश ने कुश्ती में फिर से वापसी की घोाणा की थी। मैदान से दूर रहने के दौरान उन्होंने एक व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की।

# प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद के लिए उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में शुक्रवार को कोल. काता नाइट राइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ होगा।

10 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ मेजबान डीसी प्ले ऑफ की दौड़ में बहुत पीछे छूट गई है और यह मुकाबला उसके लिए प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद है। हालांकि प्लेऑफ के लिए उसे अपने सभी बचे चारों मैच जीतने होंगे। वहीं केकेआर को भी नौ मैचों में सिर्फ तीन जीत मिली है, लेकिन ए तीनों जीत पिछले तीन मैचों में आई है और वे अच्छे फॉर्म व बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ इस मैच में प्रवेश करेंगे। दोनों टीमों



के बीच अब तक 34 मैच हुए हैं, जिसमें केकेआर को 19 और डीसी को 15 मैचों में जीत मिली है। वहीं दिल्ली में दोनों के बीच हुए अब तक 11 मुकाबलों में भी डीसी को पांच जबकि केकेआर को छह मुकाबलों में जीत मिली है। 2024 से अभी तक डीसी, केकेआर को एक भी मैच में नहीं हरा पाई है, तो क्या डीसी इस सिलसिले को तोड़ पाएगी? केएल राहुल पर बहुत ज्यादा निर्भर है डीसी की बल्लेबाजी केएल राहुल आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में हैं और 10 पारियों में 49-4 की औसत और 181 के स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतक और एक शतक के साथ 445 रन बना चुके हैं। लेकिन डीसी के लिए मुश्किल बात यह है कि उनके अन्य बल्लेबाज फॉर्म या निरंतरता की कमी से जूझ रहे हैं। राहुल ने डीसी के अकेले 26 फीसदी रन बनाए हैं और इस दौरान बीच के ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट बहुत शानदार रहा है। सात से 16 ओवरों के बीच राहुल ने 211 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाए हैं और हर तीसरी गेंद पर बाउंड्री लगा रहे हैं। बीच के ओव. रों में उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ रजत पाटीदार (217) से कम है।

# पंजाब ने कैच टपकाकर मैच गंवाया

**हैदराबाद, वार्ता।** पंजाब किग्स ने आईपीएल 2026 में अब लगातार तीन मैच गंवा दिए हैं, जबकि ग्रुप चरण के पहले हिस्से में टीम अजेय रही थी। उनके इस प्रदर्शन में कैच छोड़ना, इसकी बड़ी वजहों में से एक रहा है। यह समस्या पूरे सीजन बनी हुई है और प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग भी इस पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। लेकिन जैसा कि केटी मार्टिन ने कहा कि अब यह एक संक्रमण बन चुका है।

शशांक सिंह बार-बार गलतियां कर रहे हैं, लेकिन बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ लॉकी घ्यर्यूसन और कूपर कॉनॉली भी शशांक के साथ आसान कैच छोड़ने वालों में शामिल हो गए। इन मौकों ने एसआरएच को 235 रन तक पहुंचने और 33 रन से जीत दर्ज करने में मदद की। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने



ड्रॉप कैच को इस मैच सबसे बड़ा झटका बताया। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कैच पकड़े गए होते, तो पंजाब शायद 30-40 रन कम का लक्ष्य पीछा कर रही होती। पंजाब के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने मैच के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे लिए अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना बहुत जरूरी था और हमने ऐसा किया भी। दुर्भाग्य से कैच छूट गए और मुझे लगता है कि इससे हमें नुघ्सान हुआ। उन कैचों को पकड़ना बहुत जरूरी था क्योंकि वे ऐसे खिलाड़ी हैं (ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन) कि अगर आप उन्हें मौका देते हैं तो वे रन बनाएंगे और तेजी से बनाएंगे। मुझे लगता है कि कैच पकड़ लिए जाते तो मैच का मोमेंटम बदल सकता था। नए बल्लेबाज क्रीज पर आते और हम अपनी योजनाओं को ज्यादा असरदार ढंग से लागू कर सकते थे। शायद हम 50 से ज्यादा रन कम देते।

पहला मौका आठवें ओवर में छूटा जब किशन ने घ्यर्यूसन की गेंद पर डीप स्क्वेयर-लेग की ओर शॉट खेला। कॉनॉली गेंद के नीचे अच्छी तरह पहुंचे लेकिन गेंद उनके हाथों से निकल गई। अगला मौका नौवें ओवर में शशांक ने छोड़ा। यह युजवेंद्र चहल की गेंद पर क्लासेन का आसान कैच था। तीसरा मौका 11वें ओवर में फिर चहल की गेंद पर आया, जब घ्यर्यूसन घइन लेग पर कैच का सही अंदाजा नहीं लगा सके और गेंद निकल गई। उसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने एक मुश्किल स्टंपिग का मौका भी गंवाया।

# लगातार दूसरे साल भारत का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया ए टीम

**मेलबर्न, वार्ता।** अगले जनवरी में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के संभावित खिलाड़ियों में से कुछ को 12 महीनों में दूसरी बार भारत दौरे का मौका मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया ए सितम्बर और अक्टूबर में पुडुचेरी में भारत ए के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच और तीन 50-ओवर मुकाबले खेलेगी।

बुधवार को बीसीसीआई द्वारा घोषित पुरुष टीम के कार्यक्रम के अलावा यह भी पुटि हुई कि ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम सितम्बर में मोहाली और धर्मशाला में दो टी-20, तीन 50-ओवर मैच और एक चार-दिवसीय मैच खेलेगी, जबकि पुरुा अंडर-19 टीम इसी दौरान राजकोट और अहमदाबाद में तीन 50-ओवर और दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी। पुरुष ऑस्ट्रेलिया ए दौरा सबसे ज्यादा अहम माना जा रहा है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज भारत में खेलनी है।

ऑस्ट्रेलिया ए ने पिछले साल सितम्बर-अक्टूबर में भारत दौरा किया था और इससे टेस्ट टीम के संभावित खिलाड़ियों सैम कॉनस्टास, नेथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी और कूपर कॉनॉली को लखनऊ में दो चार-दिवसीय मैच खेलने का मौका मिला था। कॉनस्टास ने पहले मैच में शतक बनाया था, जबकि एक और उभरते सलामी बल्लेबाज कैंपबेल केलावे ने 88 रन और कॉनॉली ने 70 रन बनाए थे। मैकस्वीनी उस मैच में सबसे शानदार खिलाड़ी रहे थे। उन्होंने 74 और नाबाद 85 रन बनाए, हालांकि टीम को पांच विकेट से हार मिली थी। उस मैच में भारत के टेस्ट तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट लिए थे और अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज केएल राहुल ने 412 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 176 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ए टीम 22 से 25 सितम्बर और फिर 29 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पुडुचेरी में चार-दिवसीय मैच खेलेगी। इसके बाद वहीं 6, 9 और 11 अक्टूबर को तीन 50-ओवर मैच खेले जाएंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम 2018 के बाद पहली बार भारत में मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। यह दौरा उन खिलाड़ियों के लिए एक मौका रहेगा।

# नेमार ने टीनेजर रोबिन्हो जूनियर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** स्टार फुटबॉलर नेमार ने कहा कि उन्होंने हद पार कर दी और उन्होंने अपने सैंटोस टीम-साथी रोबिन्हो जूनियर से ट्रेनिग सेशन के दौरान उस टीनेजर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी। ब्राजील के इस क्लब ने जांच शुरू कर दी थी, जब 18 साल के फॉरवर्ड ने कथित तौर पर नेमार पर रविवार को चेहरे पर जोरदार थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। यह घटना तब हुई थी जब वह 34 साल के नेमार को ड्रिबल करते हुए पीछे छोड़ गए थे। अब उन्होंने गलतफहमी दूर कर ली है और मंगलवार को कहा कि रे पेले ट्रेनिग सेंटर में हुई यह घटना पूरी तरह सुलझ गई है।

नेमार ने कहा कि अगर आप मीडिया के सामने माफी चाहते हैं, तो यह रही, नेमार ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके नाम 79 गोल हैं। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व फॉरवर्ड ने मंगलवार को कोपा सुदामेरिकाना में रिकोलेटा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में सैंटोस के लिए गोल करने का जश्न मनाते हुए सब्स्टीट्यूट रोबिन्हो जूनियर को गले लगाया। रोबिन्हो जूनियर उनके पूर्व ब्राजील टीम-साथी और मैनचेस्टर सिटी तथा रियल मैड्रिड के पूर्व अटैकर रोबिन्हो के बेटे हैं। नेमार ने कहा कि हां, मैंने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी, उसमें मैंने थोड़ी ज्यादा ही प्रतिक्रिया दे दी। यह अलग तरह से हो सकता था, लेकिन आखिर में मैंने अपना आपा खो दिया। हर कोई गलतियां करता है। यह मेरी गलती थी, उसकी गलती थी, मैंने थोड़ी बड़ी गलती की। वह एक ऐसा लड़का है जिसे मैं बहुत पसंद करता हूं, जिसके लिए मेरे मन में खास लगाव है। फुटबॉल में ऐसा होता रहता है, आप अपने दोस्त, अपने भाई से बहस कर लेते हैं। यही फुटबॉल है, यह खेल का ही एक हिस्सा है। रोबिन्हो जूनियर ने कहा कि नेमार को तुरंत एहसास हो गया था कि वह बहुत आगे निकल गए हैं और उन्होंने इस कहा-सुनी के लिए कई बार माफी मांगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी स्थिति थी जिसने मुझे परेशान कर दिया, क्योंकि बचपन से ही वह मेरे आदर्श रहे हैं। हमारे आस-पास के लोग बहुत सी ऐसी बातें कहते हैं जो सच नहीं होतीं, और यह देखकर दुख होता है कि बात इस हद तक बढ़ गई।

# शमास व फिरोजा ने शतक जड़े

**पाकिस्तान महिला टीम ने जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज कर वनड़े सीरिज जीती**

**कराची, वार्ता।** सदाफ शमास और गुल फिरोजा ने शतक जड़े, जिससे पाकिस्तान महिला टीम ने वनडे में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर - 343/4 - खड़ा किया। कराची में खेले गए दूसरे वनडे में, एक रिकॉर्ड-तोड़ ओप. निग साझेदारी की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे महिला टीम पर 206 रनों की बड़ी और सीरीज-जिताने वाली जीत दर्ज की। यह महिला वनडे में रनों के लिहाज से पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद, पाकिस्तान को शमास और फिरोजा के रूप में तुरंत ही मैच पर पकड़ बनाने का मौका मिला। दोनों ने मिलकर 189



रनों की विशाल ओपनिग साझेदारी की, जिसने जिम्बाब्वे की उस शुरुआती लय को पूरी तरह तोड़ दिया, जिसकी उम्मीद वे सीरीज में बराबरी करने के लिए कर रहे थे। दोनों ने मिलकर कुल 23 चौके और एक छक्का लगाया, जिससे मेहमान टीम का मनोबल टूट गया। 31वें ओवर में यह साझेदारी टूटने के बाद भी, रन बनाने की रफ्तार में ज्यादा गिरावट नहीं आई। सिदरा अमीन ने सहजता से बल्लेबाजी की, पारी के बीच के हिस्से को संभाला और अपनी नाबाद 59 रनों की पारी से टीम को सही राह पर बनाए रखा। आखिरी ओवरों में रनों की रफ्तार में जबरदस्त तेजी आई: फातिमा सना और आलिया रियाज ने शुरू से ही आक्रामक बल्लेबाजी की, और एक मजबूत नींव को एक विशाल स्कोर में बदल दिया, जिसके साथ पाकिस्तान ने 343/4 के स्कोर पर अपनी पारी समाप्त की। जिम्बाब्वे की रनों का पीछा करने की कोशिश कभी परवान नहीं चढ़ पाई और तीसरे ही ओवर में वे 9 रन पर 2 विकेट गंवा बैठे। हालांकि केलिस न्धलोवु और बिलव्ड बिजा ने तीसरे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी की, लेकिन तब तक जीत के लिए जरूरी रनों की रफ्तार उनकी पहुंच से काफी बाहर हो चुकी थी। पाकिस्तान की गेंदबाजों ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे को कोई भी बड़ी साझेदारी करने से रोक दिया। फातिमा सना ने गेंदबा. जी में शानदार प्रदर्शन किया।

# अराजक स्थिति

4 मई को हुई मतगणना के बाद से ही शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पांच लोगों की अब तक जान जा चुकी है। जिसमें भाजपा नेता सुवेन्दु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की बुधवार देर रात 10:30 बजे हत्या भी शामिल है। सुवेन्दु अधिकारी ने भवानीपुर में ममता बनर्जी को हराया था। अब यह राजनीतिक हत्या है या कोई अन्य कारण यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन गुरुवार को सुवेन्दु अधिकारी ने कहा है कि उनके पीए की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी को हराया। चंद्रनाथ रथ की मां ने भी इसी तरह का बयान दिया है और कहा है कि हार का बदला मेरी बेटे की हत्या कर लिया गया है। उनके अनुसार कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बच नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि चंद्रनाथ रथ को चार गोलियां लगी हैं। अब तक इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इस बीच एक नोटिफिकेशन जारी कर राज्यपाल आरएन रवी ने पश्चिम बंगाल की विधानसभा को भंग कर दिया। लोकभवन से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर ही यह फैसला लिया गया है। इस बीच कोलकाता में आज भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। पीए पर जिस तरह हमलावरों ने गोली चलाई, जिसमें बताया जा रहा है कि उन्होंने दस राउंड गोलियां चलाई। इसमें चार गोलियां चंद्रनाथ को लगी, उनके ड्राइवर बुद्धदेव को भी गोली लगने की बात सामने आई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि हमलावर 7 किमी से उनकी कार का पीछा कर रहे थे। जिस तरह हमलावर घटनास्थल से आराम से फरार हुए और अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, जिससे साफ है कि बंगाल की हिंसा एक नए दौर की तरफ जा रही है, क्योंकि एक दो नहीं दर्जनों स्थानों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। बसीरहाट, बरानगर और हावड़ा जैसे क्षेत्रों से भी हिंसा के समाचार सामने आ रहे हैं। 24 परगना के पानीहाट में तो भाजपाइयों पर बम फेंकने की बात सामने आई है। यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है।

# सियासत की अपनी अलग इक जुबां है



निर्मल रानी



जनता को सब्ज बाग दिखाने में पूरी महारत रखने वाले सत्ताधारी नेताओं से यदि देश के हालात के बारे में बात कीजिए तो अपनी लच्छेदार बातों से यह साबित कर देंगे कि देश में चारों तरफ बागों में बहार है, जनता खुशहाल है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद है,देश भ्रष्टाचार मुक्त हो चुका है,देश में विकास की गंगोत्री बह रही है। और यदि किसी ने सरकार की आलोचना करने की कोशिश की तो चुनाव में बार बार मिलने वाली विजय का हवाला देते हुए उल्टे उसी से यह पूछ लिया जाता है कि यदि जनता संतुष्ट नहीं तो बार बार विभिन्न राज्यों में जनादेश व जनसमर्थन सत्ता के पक्ष में क्यों?

आप चीखते चिल्लाते रहिए कि चुनाव परिणाम को सत्ता के पक्ष में प्रभावित करने में मुख्य चुनाव आयुक्त,चुनाव आयोग,एस आई आर,इनकम टैक्स, सी बी आई,ई डी,बी एस एफ,सी आर पी, गोदी मीडिया आदि संस्थाओं की भूमिका रही है। परन्तु आपकी शिकायत सुन कौन रहा है ? याद कीजिए 2013 में, जब डॉलर के मुकाबले रूपया 60 के स्तर पर पहुंचा था उस समय नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की कड़ी आला. ेचना करते हुए कहा था कि रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। तब मोदी ने रूपए की कमजोरी को यूपीए सरकार की दिशाहीन नीतियों और आर्थिक संकट का संकेत बताया था। कमजोर रुपया=कमजोर सरकार का कथन प्रचारित किया गया था । मोदी ने उस समय यह भी कहा था कि गिरते रूपए के कारण देश के व्यापारी बोझ नहीं सह पाएंगे और विश्व व्यापार में भारत पीछे रह जाएगा। परन्तु आज तो मोदी शासन काल में डॉलर के मुकाबले वही रूपया 95.18 तक पहुंच चुका है। परन्तु शायद आज न तो यह स्थिति सरकार की दिशाहीन नीतियों की वजह से है न ही यह आर्थिक संकट का संकेत है। न ही यह कमजोर सरकार का लक्षण है न ही रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। बजाए इसके अक्टूबर 2022 में जब रूपया 1 डॉलर के मुकाबले 82 पर पहुंचा था उस समय अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह तर्क जरूर दिया था कि श्भारतीय रूपया गिर नहीं रहा है, बल्कि अमे. रिकी डॉलर तेजी से मजबूत हो रहा हैश। क्या यह तर्क 2014 से पहले यू पी ए सरकार के समय लागू नहीं हो सकता था? परन्तु शायद उस समय के सत्ताधारियों और आज के विपक्ष में न तो इस तरह के श्कुतर्क रूपी तर्कश देने की सलाहियत थी न ही मीडिया मैनेज कर इस विषय को हंगामा बनाने से रोकने की कला। इसलिए 1 डॉलर के 100 रुपये के आंकड़े को छूने के करीब होने बावजूद आज यह चर्चा का विषय ही नहीं है?

इसी तरह 2004-2014 के बीच जब देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली UPA सरकार थी। उस दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने पर भाजपा ने देश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए थे। यहां तक कि कुछ जगहों पर इनके अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। 2010 से 2014 के बीच भाजपाई यह प्रदर्शन उस दौर में कर रहे थे जबकि पेट्रोल की कीमतें 61रूपये से लेकर 70 रूपये प्रति लीटर के करीब थीं। और घरेलू रसोई गैस की कीमत 414 के करीब थीं। उस समय कई भाजपा नेता सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में सड़कों पर चूल्हे जलाकर प्रदर्शन किया करते थे। परन्तु आज पेट्रोल व डीजल कहीं 100 रुपये के करीब तो कहीं 100 रुपये पार कर चुका है। गैस का मूल्य भी 1000 प्रति सिलिंडर के करीब हो गया है। परन्तु न तो विपक्ष का हंगामा न हंगामे में शोर या उसका असर न ही ऐसी खबरों को मीडिया में कोई स्थान। आजकल तो वैसे भी ईरान इस्राईल युद्ध के चलते देश में अनेक जगहों पर गैस सिलिंडर लेने के लिए लोग लंबी लंबी कतारों में खड़े हुए हैं। गैस की धड़ल्ले से ब्लैक मेलिंग हो रही है। परन्तु जनता के हितों से मुख्य रूप से जुड़े ऐसे सवालों पर तो कोई चर्चा नहीं हां इस विषय पर सरकार का यह स्टैंड मीडिया जरूर प्रचारित कर देता है कि सब कुछ ठीक ठाक है ।

इसी तरह भाजपा की केंद्र सरकार ने देश में एक नया वोट बैंक तैयार किया है लाभार्थी वोट बैंक। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में लगभग 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों अर्थात देश की लगभग 57 प्रतिशत आबादी को मुफ्त राशन दिया जा रहा है । इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को हर महीने प्रति सदस्य 5 किलोग्राम मुफ्त गेहूं या चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। आलोचक इस योजना को सरकार की नाकामी बता रहे हैं। इनका कहना है कि इस योजना का मतलब है कि देश की 57 प्रतिशत आबादी इतने पैसे भी नहीं कमा पा रही कि वह अपने व परिवार के लिए 5 किलो राशन तक खरीद सके। जबकि कुछ आलोचक कहते हैं कि ऐसी योजनाएं लोगों को निठल्ला बनाती हैं। कोई कुछ भी कहता रहे परन्तु सरकार ऐसी योजनाओं को चलाकर अपनी पीठ थपथपाती है और इसके बदले इन्हीं लाभार्थियों से वोट की उम्मीद लगाए रहती है। और धन्य है देश की वह जनता भी जो आत्मनिर्भर होने या सरकार से रोजगार के अवसर मांगने के बजाए इसी 5 किलो मुफ्त राशन को ही अपना भाग्य समझकर फूले नहीं समाती। यह सफल अन्दाज-ए-सियासत की ही एक बानगी कही जाएगी कि आज जी एस टी व नोटबंदी से परेशान लोग व व्यवसाई इस विषय पर चर्चा बंद कर चुके हैं। लॉक डाउन के दौर में हजारों किलोमीटर पैदल चलने वाले लोग अपना दु:ख भूलने को मजबूर हो चुके हैं। मंहगाई, बेरा. ेजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा व नारी स्मिता तो जैसे कोई मुद्दा ही नहीं। वास्तव में देश की राजनीति अब उस दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां जनता के मुद्दे क्या हैं और क्या होंगे यह भी अब जनता नहीं बल्कि राजनैतिक दलों के नेता तय करते हैं। इसलिए जनता की आधारभूत जरूरतें और लो. कहितकारी बातें छोड़िए और पाकिस्तान,हिन्दू मुस्लिम,मंदिर मस्जिद, घुसपैठिया, लव जिहाद,जाति धर्म,धर्म विशेष की कथित रूप से बढ़ती जनसंख्या जैसे सत्ता द्वारा निर्धारित विषयों को ही वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरुरत स्वीकार कीजिए।

## श्रीमुख से...

### तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता



ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है, पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था, उनका कहना था कि उसके बाद श्री ट्रम्प ने विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया, में बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

# वीडियो बनाने की बजाए जान बचाना जरूरी



कहकशां

**कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, यह पट्टी लेकर खड़ा मिलता है। बिना वर्दी और भी बिना हथियार के। बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का। आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा। इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है। गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी।**



आज 8 मई है यानी कि विश्व रेडक्रॉस दिवस। नाम सुनते ही दिमाग में क्या आता है? खून की बोतलें, पट्टियां और सफेद झंडे वाली गाड़ी। है न? लेकिन रेड क्रॉस इससे कहीं ज्यादा चटपटा है। यह वो तड़का है जो इंसानियत की दाल में स्वाद भर देता है। आज 8 मई हेनरी डबूनांट का जन्मदिन है। स्विट्जरलैंड का यह बंदा बीते सन 1859 में इटली देश में सोलफेरिनो की लड़ाई देखने पहुंच गया था। चारों तरफ लाशें, घायल कराह रहे थे। न डॉक्टर, न दवा। डबूनांट ने गांववालों को इकठा किया और बोला भाई ए अपना है या पराया इस बात को तुरंत छोड़ो। पहले पट्टी बांधो। बस वहीं से रेड क्रॉस का बीज पड़ गया। सोचो एक टूरिस्ट ने कैसे दुनिया बदल दी और हम हैं कि देहरादून या दिल्ली जाकर सेल्फी लेकर लौट आते हैं। रेड क्रॉस का सबसे चटपटा उसूल है निष्पक्षता। युद्ध में ए दुश्मन के घायल सिपाही को भी पानी पिलाते हैं। बाढ़ आए तो ए नहीं पूछते कि आधार कार्ड दिखाओ। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, ए पट्टी लेकर खड़ा मिलता है। बिना वर्दी और भी बिना हथियार के। बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का। आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा। इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है। गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी। अरे बई सुई का डर है तो जरा उन माताओं से पूछो जिनके बच्चे थैलेसीमिया से हर 15 दिन में खून चढ़वाते हैं। छह वर्ष पहले भी अपने यहां रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलंटियर कोरोना में राशन बांटते दिखे थे। पिछले वर्ष जब ओले पड़े थे तो सबसे पहले इन्हीं लड़कों ने कंबल बांटे थे। न फोटो की भूख थी और ना ही किसी नेता के साथ सेल्फी का चक्कर था। काम खत्म तो घर की राह। खून दो साल में 2 बार। शरीर फिट पुण्य हिट। वॉलंटियर बनो फर्स्ट एड सीख लो। अगला एक्सीडेंट देखकर वीडियो बनाने से बेहतर है आप किसी की जान बचाओ। अफवाह नहीं मदद फैलाओ रेड क्रॉस का निशान देखो तो तुरंत रास्ता दे दो, एम्बुलेंस को साइड दे दो। रेड क्रॉस वालों का कोई धर्म नहीं होता। इनका धर्म है दर्द। जहां दर्द दिखा ए मरहम बन गए। हेनरी डबूनांट को इसके लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। पर असली पुरस्कार तो वो दुआएं हैं जो किसी मां ने अपने बच्चे की जान बचने पर दी होंगी। तो अब आप इस 08 मई को एक वादा करो। खून देने से डर लगे तो कम से कम किसी का दिल तो नही दुखाओगे क्योंकि रेड क्रॉस कहता है कि इंसानियत जिंदाबाद बाकी सब बाद। हैप्पी वर्ल्ड रेड क्रॉस डे।

# बंगाल की जीत के शिल्पकार : सुनील बंसल का रणनीति मॉडल



मितेंद्र कुमार गुप्ता

भारतीय राजनीति में चुनावी जीत केवल जनसभाओं, नारों और चेहरे के आकर्षण से नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे एक मजबूत संगठन, सूक्ष्म रणनीति और जमीनी स्तर पर निरंतर काम करने वाले कुशल प्रबंधकों की बड़ी भूमिका होती है। पश्चिम बंगाल जैसे जटिल और राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती ताकत के पीछे जिस नाम की चर्चा लगातार होती रही है, वह है सुनील बंसल। भले ही चुनावी मैदान में चेहरा नरेंद्र मोदी का रहा हो, लेकिन संगठन की जड़ों को मजबूत करने और जीत की नींव तैयार करने का श्रेय काफी हद तक बंसल के रणनीतिक कौशल को दिया जाता है।



**संगठन का सूक्ष्म विज्ञान:** सुनील बंसल की कार्यशैली पारंपरिक राजनीति से अलग और आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों से प्रभावित मानी जाती है। उनका मानना है कि चुनाव केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि डेटा, नेटवर्क और निरंतर फीडबैक सिस्टम से जीते जाते हैं। वे संगठन को तीन स्तरों पर मजबूत करते हैं-

बूथ स्तर पर पकड़
कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण
डेटा आधारित निर्णय

पश्चिम बंगाल में उन्होंने सबसे पहले बूथ स्तर पर संगठन को पुनर्गठित किया। हर बूथ को एक मिनी चुनाव इकाई के रूप में विकसित किया गया, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

**उत्तर प्रदेश मॉडल:** सुनील बंसल का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रयोग उत्तर प्रदेश में देखा गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को इस तरह से खड़ा किया कि भारतीय जनता पार्टी को 73 सीटों की ऐतिहासिक जीत मिली। यहां उन्होंने जो मॉडल अपनाया, वही बाद में अन्य राज्यों में लागू किया गया।

हर बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता
माइक्रो मैनेजमेंट
जातीय और सामाजिक समीकरणों का संतुलन

**चुनावी डेटा का विश्लेषण:** यही मॉडल पश्चिम बंगाल में भी लागू किया गया, हालांकि वहां की परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं।

**पश्चिम बंगाल:** पश्चिम बंगाल में राजनीति लंबे समय तक क्षेत्रीय दलों और वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में रही है। यहां संगठन खड़ा करना आसान नहीं था।

**बंसल ने इस चुनौती को अवसर में बदला-**

1. स्थानीय नेतृत्व का निर्माण

उन्होंने बाहर से नेतृत्व थोपने के बजाय स्थानीय चेहरों को आगे बढ़ाया।

2. सांस्कृतिक और सामाजिक समझ

बंगाल की संस्कृति, भाषा और स्थानीय मुद्दों को समझते हुए रणनीति बनाई गई।

3. विस्तृत संपर्क अभियान

घर-घर संपर्क, छोटे समूहों की बैठकें और निरंतर संवाद उनकी रणनीति का हिस्सा रहे।

**संगठन महामंत्री से राष्ट्रीय महामंत्री तक:** 2022 में जब सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया, तो यह उनकी संगठनात्मक क्षमता की मान्यता थी। इसके साथ ही उन्हें तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों का प्रभार भी दिया गया। इससे साफ है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें एक टास्क स्पेशलिस्ट के रूप में देखता है, जो कठिन राज्यों में संगठन खड़ा करने में माहिर हैं।

**विद्यार्थी परिषद से राजनीति तक का सफर:** सुनील बंसल की राजनीतिक यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू हुई। यहां उन्होंने संगठन की बारीकियां सीखी। ABVP में रहते हुए उन्होंने छात्र राजनीति में नेटवर्किंग सीखी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना सीखा। संघर्ष और अनुशासन का अभ्यास किया यही अनुभव बाद में उनकी रणनीतियों की नींव बना। सुनील बंसल की रणनीति को कुछ प्रमुख सिद्धांतों में समझा जा सकता है-

1. डेटा इज पावर
2. कार्यकर्ता ही असली ताकत
3. निरंतर फीडबैक
4. स्थानीय मुद्दों पर फोकस

**पश्चिम बंगाल में रणनीति के प्रमुख आयाम**

1. बूथ मैनेजमेंट
2. पन्ना प्रमुख मॉडल
3. डिजिटल और सोशल मीडिया
4. सामाजिक समीकरण

**नेतृत्व के साथ तालमेल:** सुनील बंसल की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे शीर्ष नेतृत्व के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करना जानते हैं। नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के संदेश को उन्होंने कार्यकर्ताओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया।

**सरल व्यक्तित्व, मजबूत रणनीतिकार:** व्यक्तिगत जीवन में सुनील बंसल बेहद सरल और सहज माने जाते हैं। वे प्रचार से दूर रहकर काम करने में विश्वास रखते हैं।

कम बोलना, ज्यादा काम करना
टीम पर भरोसा
अनुशासन और समय प्रबंधन
निरंतर सीखने की प्रवृत्ति
आलोचना और चुनौतियां

जहां एक ओर उनकी रणनीतियों की सराहना होती है, वहीं कुछ आलोचनाएं भी सामने आती हैं।

# अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है ईरान

## अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा तेहरान

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युद्ध समाप्त करने संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव अभी 'समीक्षाधीन' है और ईरान अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना जताई है। ट्रम्प ने जॉर्जिया में रिपब्लिकन समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना है।

मुझे लगता है कि हम जीत गए। उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के उनके प्रयासों के कारण यदि अमेरिकियों को ईंधन कीमतों जैसी अल्पकालिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो वह अस्थाई होगा। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ईरान के साथ 14 बिंदुओं वाले एक समझौता ज्ञापन के करीब पहुंच सकता है, जो आगे परमाणु वार्ता के लिए

■ पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना: ट्रम्प

■ ट्रम्प ने युद्ध 'जल्द' खत्म होने का जताया अनुमान

रूपरेखा का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे युद्धविराम लागू हो सके और 30 दिनों के भीतर परमाणु मुद्दे, ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता जैसे विवादित मुद्दों पर समाधान निकाला जा सके। ट्रम्प ने पीबीएस न्यूज से कहा कि किसी भी समझौते के तहत ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम को अमेरिका भेजना होगा और भूमिगत परमाणु सुविधाएं बंद करनी होंगी। दूसरी ओर, ईरान में इस प्रस्ताव को लेकर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। ईरानी संसद के एक वरिष्ठ सदस्य ने प्रस्ताव को 'अमेरिका की इच्छाओं की सूची' बताया, जबकि एक अन्य अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका आवश्यक रियायतें नहीं देता है तो ईरान 'कठोर जवाब' देगा जिससे अमेरिका को पछतावा होगा। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि अमेरिका युद्ध में वह हासिल नहीं कर पाएगा जो वह प्रत्यक्ष वार्ता में नहीं पा सका। उन्होंने कहा कि ईरान पूरी तरह तैयार है। दूसरी ओर ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर चेतावनी दी कि यदि ईरान समझौता अस्वीकार करता है तो बमबारी फिर शुरू होगी और पहले से कहीं अधिक तीव्र होगी। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कर बातचीत की प्रगति की जानकारी ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते के संकेतों का स्वागत करता है, लेकिन मध्यस्थ होने के नाते वह बातचीत का विवरण सार्वजनिक नहीं करेगा। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान युद्धविराम को स्थाई शांति में बदलने के प्रयास कर रहा है और यदि अगले दौर की वार्ता इस्लामाबाद में होती है तो यह उसके लिए सम्मान की बात होगी।

## नॉर्वे 'पैक्स सिलिका पहल' में हुआ शामिल

**वाशिंगटन।** महत्वपूर्ण खिनजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने और वैश्विक कृत्रिम बुद्धमत्ता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के उद्देश्य से विकसित अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में नॉर्वे आधिकारिक तौर पर शामिल हो गया है। पैक्स सिलिका के सदस्य के रूप में नॉर्वे विविध महत्वपूर्ण खिनज आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। अमेरिका में नॉर्वे की राजदूत अन्निकेन हुइटफेल्ट ने वाशिंगटन डीसी में 'पैक्स सिलिका घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही नॉर्वे इस पहल में शामिल होने वाला 15वां देश बन गया है। इस गठबंधन में ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, भारत, इजराइल, जापान, फिलीपींस, कतर, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देश पहले से शामिल हैं।



कोलकाता। बारिश के दौरान छाता लेकर चलते लोग।

## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर गुरुवार को भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान की सराहना की। उप राज्यपाल ने एक बयान में कहा कि आज जब हम ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मना रहे हैं, हम वर्दीधारी उन पुरुषों और महिलाओं के प्रति श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं, जिनके अटूट संकल्प और असाधारण साहस ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने वाले दुश्मन को करारा जवाब दिया था। सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर संकल्प के साथ उकेरी गई एक ऐसी घोषणा है, जो यह बताती है कि हमारे बहादुर सशस्त्र बल किसी भी कीमत पर देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उप राज्यपाल सिन्हा ने कहा कि यह भारत के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है और हम आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पाकिस्तान में पोलियो वायरस के पांच नए मामले आए सामने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियो वायरस एक बार फिर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कराची के सीवेज और अन्य स्थानों से लिए गए पांच नमूनों में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। सिंध में आयोजित एक परामर्श बैठक के दौरान शहरयार मेमन ने बताया कि कराची में वायरस की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि संक्रमण अब भी फैल रहा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर कम संक्रमण वाले मौसम में भी वायरस का सक्रिय रहना बेहद चिंताजनक है और इसके लिए तत्काल सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यह बैठक सिंध इंस्टीटड्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड नियोनेटोलाजी में आयोजित की गई थी, जिसमें यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, पाकिस्तान पीडियाट्रिक एसोसिएशन और पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन सहित कई संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हुए।

# 48 घंटे भी नहीं टिका ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

## ट्रम्प को झटका, होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा भारी नुकसान

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरुआत की थी। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि होर्मुज में 1600 के करीब जहाज फंसे हुए हैं और ट्रम्प का प्रोजेक्ट फ्रीडम 48 घंटे तक ही टिक पाया।

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, लगभग 1600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला।

सिर्फ दो जहाजों को ही गाइड किया गया। अब, फिर से कंपनियां अकेले ट्रांजिट का रिस्क उठाने को तैयार नहीं हैं। जहाजों को जाने देने से कार्गो और स्टाफ दोनों को खतरा होगा। हाल ही में दक्षिण कोरिया के जहाज पर धमाके की जानकारी सामने आई थी, जिसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ये हमला ईरान की तरफ से किया गया। हालांकि, ईरान की तरफ से अब इस मामले में आधिकारिक



■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला

बयान सामने आया है। ईरान ने दक्षिण कोरिया के जहाज पर हमले से साफ इन्कार कर दिया है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस्लामिक रिपब्लिक आफ ईरान की दूतावास, होर्मुज स्ट्रेट में एक कोरियाई जहाज को नुकसान पहुंचाने वाली घटना में ईरान की सेना के शामिल होने के किसी भी आरोप को पूरी तरह से खारिज करती है और साफ तौर पर मना करती है। जब से अमेरिका और इजरायली सरकार ने ईरान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई की है, ईरान ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट हमलावरों और उनके समर्थकों का मुकाबला करने में उसकी सुरक्षा का एक जरूरी हिस्सा है। ईरानी दूतावास ने आगे कहा कि इस मामले में इस अहम जलमार्ग से नेविगेशन पर असर सुरक्षा की बदलती स्थिति से पड़ा है और यह पहले के समय की स्थितियों से अलग है, क्योंकि यह इलाका दुश्मन ताकतों और उनके साथियों की कार्रवाइयों से पैदा होने वाले बढ़ते तनाव का सामना कर रहा है। इसलिए, होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने के लिए लागू नियमों का पूरा पालन करना, जारी की गई चेतावनियों पर ध्यान देना, तय रास्तों पर चलना और ईरान की सक्षम अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास ने अपने बयान में आगे कहा, ष्यह साफ है कि ऐसे हालात में, सैन्य और सुरक्षा तनाव से प्रभावित माहौल में बताई गई जरूरतों और ऑपरेशनल हकीकतों को नजरअंदाज करने से अनचाही घटनाएं हो सकती हैं।

### ट्रम्प-रुबियो के विरोधाभासी बयानों से ईरान युद्ध पर बढ़ी अनिश्चितता

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर अमेरिका के भीतर अलग-अलग संकेत सामने आए हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को सफल बताते हुए वार्ता का संकेत दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने समझौता न होने पर दोबारा सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को लेकर अमेरिकी प्रशासन के भीतर ही अलग-अलग संकेत सामने आने लगे हैं। एक तरफ विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि अभियान अपने लक्ष्य हासिल करने के बाद समाप्त हो चुका है और अब वाशिंगटन वार्ता के जरिए समाधान चाहता है। दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान प्रस्तावित समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो सैन्य हमले फिर शुरू हो सकते हैं और उनकी तीव्रता पहले से अधिक होगी। इसी बीच होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया अमेरिकी मिशन प्रोजेक्ट फ्रीडम भी फिलहाल रोक दिया गया है।

## चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, दोनों को पहले 2 साल जेल में रखा जाएगा। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है।

ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे। जिसके बाद दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था। यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन की सेना और रक्षा से जुड़े के कई वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को पिछले साल अक्टूबर में अचानक पद से हटा दिया गया था। वे करीब दो महीने तक सार्वजनिक रूप से

■ भ्रष्टाचार मामले में वेई फेंगहे और ली शांगफू दोषी करार, पूरी प्रापर्टी भी जब्त

नजर नहीं आए थे, जिससे कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं। अब पहली बार चीनी अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच चल रही थी। सैन्य अनुशासन जांच एजेंसी ने पाया कि ली ने गंभीर रूप से पार्टी अनुशासन और कानून का उल्लंघन' किया। उन पर बड़े पैमाने पर रिश्वत लेने, दूसरों को रिश्वत देने और पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ली की गतिविधियों से सेना के हथियार डेवलपमेंट और मिलिट्री इक्विपमेंट की इमेज को भारी नुकसान पहुंचा। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर रिश्वत लेने और अपने पद का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाए गए हैं। चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी माना है।

# बांग्लादेश की तीसता परियोजना में चीन की एंट्री

## ढाका-बीजिंग की बढ़ती साझेदारी पर भारत की नजर

**बीजिंग।** बांग्लादेश की नई सरकार ने तीस्ता नदी परियोजना को लेकर चीन का समर्थन औपचारिक रूप से मांग लिया है। यह कदम भारत और बांग्लादेश के रिश्तों पर असर डाल सकता है।

बुधवार को बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खालिलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक में तीस्ता रिवर काम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। यह नदी बांग्लादेश में सिंचाई और लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत मानी जाती है। बैठक में वांग यी ने नई बांग्लादेश सरकार के प्रति चीन का समर्थन जताते हुए कहा कि चीन, बेल्ट एंड



■ रिश्तों पर असर डाल सकता है बांग्लादेश का कदम

रोड सहयोग को बांग्लादेश की विकास रणनीतियों के साथ जोड़ने और आर्थिक, बुनियादी ढांचे व लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश में निवेश के लिए अपनी कंपनियों को भी प्रोत्साहित करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चीन का बांग्लादेश और दक्षिण एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाकर नहीं बनाए जा रहे हैं और न ही किसी तीसरे पक्ष के कारण प्रभावित होने चाहिए। तारीक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विदेश मंत्री खालिलुर रहमान की यह पहली चीन यात्रा है। वह 5 मई को चीन पहुंचे थे और गुरुवार को लौटने वाले हैं। इससे पहले पिछले महीने उन्होंने भारत का भी दौरा किया था। उनकी भारत यात्रा पर बीजिंग की करीबी नजर थी, क्योंकि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन के दौरान बांग्लादेश के चीन और पाकिस्तान के करीब जाने से ढाका और नई दिल्ली के संबंधों में तनाव देखा गया था। चीन लंबे समय से तीस्ता परियोजना में रुचि दिखाता रहा है। यह परियोजना भारत के संवेदनशील सिलीगुड़ी कारिडोर के पास स्थित है, जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश के मुख्य भूभाग से जोड़ता है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 2024 में तीस्ता बेसिन के लिए तकनीकी और संरक्षण सहायता की पेशकश की थी, ताकि सीमा पार नदी प्रबंधन को लेकर ढाका के साथ सहयोग मजबूत किया जा सके।

## कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी।

आंदोलन के नेता मिच सिलवेस्ट्रे ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अब यह लड़ाई अगले चरण में पहुंच गई है। हालांकि इतना समर्थन जुटा लेने का मतलब यह नहीं है कि रेफरेंडम पक्का हो गया है। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। इस प्रक्रिया पर फिलहाल अदालत के आदेश की वजह से रोक भी लगी हुई है। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में

■ मांग तेज हुई, अक्टूबर में वोटिंग संभव, अलगाववादियों ने तीन लाख हस्ताक्षर जुटाए

गई तो यह प्रांत कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है। अल जजीरा के मुताबिक, अगर सभी कानूनी अड़चनें दूर हो जाती हैं, तो प्रांत में 19 अक्टूबर को प्रस्तावित बड़े जनमत संग्रह के साथ अलगाव पर भी वोटिंग कराई जा सकती है। उसी दिन संविधान और इमिग्रेशन जैसे दूसरे मुद्दों पर भी मतदान की योजना है। अगर यह प्रस्ताव वोटिंग तक पहुंचता है, तो लोगों से सीधा सवाल पूछा जाएगा कि क्या अल्बर्टा कनाडा से अलग होकर एक स्वतंत्र देश बनना चाहिए। लेकिन सर्वे बताते हैं कि अभी सिर्फ करीब 30 प्रतिशत लोग ही इसके समर्थन में हैं, यानी जनमत संग्रह पास होना भी आसान नहीं है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## अमेरिकी अदालत से भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले को बड़ी राहत

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस के खिलाफ चल रहे जासूसी कानून से जुड़े मामले में अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। वर्जीनिया की एक संघीय अदालत ने तकनीकी कानूनी आधार पर यह मामला खारिज कर दिया। अदालती आदेश में कहा गया कि याचिका स्वीकार की गई और मामला बिना किसी पूर्वाग्रह के खारिज किया गया।

अमेरिका के वर्जीनिया स्थित यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज माइकल एस. नाचमैनाफ ने 16 अप्रैल को टेलिस की याचिका स्वीकार करते हुए केस को खारिज करने का आदेश दिया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने गलत कानूनी प्रावधान के तहत आरोप लगाए थे। टेलिस अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज

■ जे. टेलिस के खिलाफ चल रहा जासूसी कानून का मामला खारिज किया

अपने निजी घर में रखे थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक टेलिस ने अमेरिकी विदेश विभाग और रक्षा तंत्र से जुड़े वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए कई संवेदनशील दस्तावेज अपने पास रखे। सरकार की ओर से दायर आरोप पत्र में कहा गया था कि टेलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी 11 गोपनीय फाइलें अपने निजी निवास पर हार्ड कापी और डिजिटल फार्म में रखीं। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी उच्चस्तरीय पहुंच का फायदा उठाकर सुरक्षित सरकारी कार्यस्थलों से राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी बाहर निकाली और उसे निजी तौर पर संग्रहीत किया। हालांकि टेलिस की कानूनी टीम ने अदालत में दलील दी कि सरकार ने जासूसी अधिनियम की गलत धारा के तहत मामला दर्ज किया।

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी
प्रवेश परीक्षा 2026-27
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज
देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0) सीटें 100
मो. 9368119199, 7983332502
शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)